हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- सर्वाधिक वर्षा सिवनी जिले के केवलारी में 166 मिमी
- 40 से ज्यादा शहरों में दोपहर बाद तेज बारिश
- आज कई जिलों में अति भारी से भारी बारिश का अलर्ट



# 'फुल रफ्तार' पर मानसून

नीमच का कुछ हिस्सा छोड़ 'पूरा प्रदेश कवर'

विदिशा जिले के गंजबासौदा में बारिश का दृश्य



सतना में दीवार गिरने से घायल एक छात्रा

**दो हादसे**

1. सतना में बिजली गिरने से एक युवक की मौत
2. गर्ल्स स्कूल परिसर में पेड़ गिरने से 2 युवतियां घायल

**भोपाल।** गुरुवार को मानसून ने तेज रफ्तार के साथ नीमच के कुछ हिस्से को छोड़कर शेष पूरा प्रदेश कवर कर लिया है। करीब 40 शहरों में सुबह से देर शाम तक तेज से मध्यम बारिश दर्ज हुई है। इससे दिन के पारे में औसतन एक डिग्री तक कमी आई। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा सिवनी जिले के केवलारी में 166 और चांद में 140 मिमी हुई। सिंगरौली 104, जैसीनगर 102.1, उज्जैन 101, बिछुआ 100, नैनपुर 96.6, पांढुर्णा 78.3, मंडला 65.8 मिमी बारिश दर्ज हुई है। शेष प्रदेश के अधिकांश जिलों में औसतन 15 मिमी तक बारिश रही। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक आधे प्रदेश में मध्यम से तेज बारिश होगी। कुछ जिलों में अति भारी बारिश होगी।

## सुबह से शाम तक यहां तेज बारिश

प्रदेश में मानसून कवर करने के साथ ही गुना, अशोकनगर, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, रायसेन, सीहोर, भोपाल, विदिशा, राजगढ़, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, इंदौर, बड़वानी में कुछ जगह तेज से मध्यम बारिश हुई। दमोह, सागर, सतना, सीधी, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला में कुछ जगह तेज बारिश हुई। डिंडोरी, नरसिंहपुर, उमरिया, शहडोल, श्योपुरकलां, मुरैना, भिंड, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना में दोपहर बाद से देर शाम के बीच बारिश दर्ज हुई है।



## सतना में बारिश से पेड़ गिरा तीन घायल आकाशीय बिजली ने ली एक की जान



**सतना।** लगातार हो रही मानसून की बारिश अब आफत बनने लगी है। गुरुवार को शहर के पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) स्कूल की बाउंड्री वॉल पर एक पुराना बबूल का पेड़ भरभराकर गिर गया। मलबे की चपेट में आने से ऑटो का इंतजार कर रही खुशी यादव (24), प्रांशी रजक (16) और अनुराग (13) घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में तीन वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। दूसरी तरफ, कोठी क्षेत्र के गुलुआ गांव में आकाशीय बिजली गिरने से संतलाल नामक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे गांव में मातम पसरा हुआ है। भारी बारिश के चलते जिला अस्पताल परिसर और सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जहां मां अपने बच्चे को कंधे पर उठाकर सुरक्षित ले जाती दिखी।

## आज यहां भारी से अति भारी बारिश

शुक्रवार तक राजगढ़, शाजापुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा में अति भारी बारिश का अलर्ट है। रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, खरगौन, बड़वानी, धार, देवास, मंदसौर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला में भारी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, सीहोर, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, कटनी, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर में मध्यम बारिश होगी।

**पाठक सूचना**
हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026 का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### फरमान की अग्रिम जमानत खारिज



**महेश्वर/खरगोन।** महाकुंभ से चर्चा में आईं वायरल गर्ल मोनालिसा के पति फरमान खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खरगोन जिले की मंडलेश्वर विशेष पॉक्सो अदालत ने फरमान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने माना कि आरोपी फिलहाल फरार है और उसके बाहर रहने से साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की आशंका है। दोनों ने इसी साल 11 मार्च को केरल में अंतरधार्मिक विवाह की थी, जिस पर उनके माता-पिता ने आपत्ति जताते हुए फरमान पर नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था।

मुख्यमंत्री ने संभावित अल्प वर्षा की स्थिति से निपटने पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# कम पानी और कम अवधि वाली फसलें अपनाने के लिए किसानों को करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संभावित अल्प वर्षा की स्थिति को चुनौती नहीं, बल्कि बेहतर योजना, वैज्ञानिक खेती और समयबद्ध तैयारी के अवसर के रूप में लिया जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसानों को समय पर आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएं, जिससे प्रदेश में कृषि उत्पादन और किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में इस वर्ष प्रदेश में संभावित अल्प वर्षा की स्थिति के मद्देनज़र किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जल संसाधन, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य संबंधित विभागों की अब तक की पूर्व तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को कम पानी और कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों की खेती के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए। उन्होंने ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, तुअर तथा कोदो-कुटकी जैसी मोटे अनाज एवं दलहनी फसलों को अपनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को जल्दबाजी में बुआई नहीं करने के लिए भी प्रेरित किया जाए। खेतों में पर्याप्त नमी आने के बाद ही बुआई की जाए तथा नमी संरक्षण के उपाय अपनाए जाएं। साथ ही कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

*उन्होंने कहा कि कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए*

पूर्व चेतावनी के लिए बनाए जाएंगे राज्य स्तरीय जल डैशबोर्ड



सीएम के साथ बैठक में मंत्रीगण

- ***संभावित अल्प वर्षा से निपटने के लिए सभी विभाग करें समन्वित तैयारी***
- ***ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, तुअर तथा कोदो-कुटकी जैसी मोटे अनाज एवं दलहनी फसलों को अपनाएं***
- ***जल्दबाजी में बुआई नहीं करने के लिए भी प्रेरित किया जाए***

### अगले दो वर्षों की तैयारी करें

मप्र के सभी नगरीय निकायों में वैकल्पिक स्रोतों का चिन्हांकन एवं टैंकर व्यवस्था की आकस्मिक योजना तैयार कर अमृत 2.0 के अंतर्गत जल प्रदाय योजनाओं का समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की ग्रामवार समीक्षा, बंद, अपूर्ण नल-जल योजनाओं की मरम्मत का 90 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। प्रति विकासखंड न्यूनतम 100 जल संरचनाओं का पुनर्जीवन 2 वर्षों में किया जाएगा।

### जल संकट आकस्मिक योजना बनाई जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में जल संकट आकस्मिक योजना बनाई जाए। आरबीसी 6 (4) के तहत क्षति सर्वे के लिए राजस्व, कृषि एवं पंचायत अमले का संयुक्त प्रशिक्षण अभी से पूर्ण; डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं सैटेलाइट इमेजरी आधारित क्षति आंकलन प्रणाली का सत्यापन कराया जाएगा।

### *गांव का पानी गांव में सिद्धांत पर चलाया जाए*

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूजल पुनर्भरण अभियान के तहत सभी विकासखंडों में रिचार्ज शाफ्ट, चेक डैम, स्टॉप डैम एवं खेत-तालाब निर्माण का मिशन मोड कार्यक्रम; खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में सिद्धांत पर चलाया जाएगा। नहरों की सफाई मरम्मत रबी से पूर्व पूर्ण, टेल-एंड तक पानी पहुंचाने की जवाबदेही तय की जाएगी। कम जल मांग वाली फसलों यथा दलहन, तिलहन, श्रीअन्न (मोटे अनाज) प्रोत्साहन एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन, ग्रीष्मकालीन धान, मूंग पर जल उपलब्धता आधारित सलाह, धान क्षेत्रों में सीधी बुवाई एवं वैकल्पिक गीला-सूखा पद्धति एवं प्रत्येक जिले के लिए कंटिन्जेंसी क्रॉप प्लान तैयार किया जा रहा है।

**दतिया उपचुनाव** की तारीखों का ऐलान

# 6 को अधिसूचना, 30 जुलाई को मतदान, 3 अगस्त को आएंगे नतीजे



राजेंद्र भारती | नरोत्तम मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/दतिया

दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है, जिसके तहत 30 जुलाई को वोट डाले जाएंगे और 3 अगस्त को मतगणना होगी। 4 अगस्त तक चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी। यह उपचुनाव कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के कारण हो रहा है। भूमि विकास सहकारी बैंक से जुड़े 25 साल पुराने एक घोटाले में अदालत ने राजेंद्र भारती को दोषी पाया था। बैंक अध्यक्ष रहते हुए 10 लाख रुपए की एफडी में हेर-फेर कर अधिक ब्याज लेने के आरोप में कोर्ट ने उन्हें 3 साल की सजा और जुर्माना सुनाया था। 2 वर्ष से अधिक की सजा होने के कारण नियमों के तहत उनकी सदस्यता रद्द हो गई और यह सीट खाली हो गई थी।

**चुनाव का शेड्यूल**

- नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख: 13 जुलाई 2026
- नामांकन पत्रों की जांच: 14 जुलाई 2026
- नाम वापसी की अंतिम तिथि: 16 जुलाई 2026


### 2023 में दिलचस्प मुकाबला था

साल 2023 के विधानसभा चुनाव में दतिया सीट पर बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला था। तब कांग्रेस के राजेंद्र भारती ने भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को मात दी थी। कांग्रेस के राजेंद्र भारती को 88,977 वोट और भाजपा से नरोत्तम मिश्रा को 81,235 वोट मिले थे।

### भाजपा ने जीत का किया दावा

कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से बात करते हुए चुनाव आयोग के निर्णय का स्वागत किया, उन्होंने कहा दतिया में उप चुनाव की घोषणा हो गई है यहां भारतीय जनता पार्टी अपना प्रत्याशी उतारेगी और जीत भी दर्ज करेगी, पूर्व गृह मंत्री एवं दतिया से विधायक रहे डॉ. नरोत्तम मिश्रा की उम्मीदवारी के सवाल पर उन्होंने कहा अभी ये कहना जल्दबाजी होगी लेकिन जो भी प्रत्याशी होगा जल्दी नाम सामने आएगा।

## एलजी मनोज सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी





- ऑपरेशन शिवा देगी यात्रियों को सुरक्षा
- दोनों यात्रा मार्गों की कड़ी निगरानी के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की 670 कंपनियां तैनात

### अमरनाथ यात्रा पर बम-बम भोले के जयकारों के साथ पहला जत्था रवाना

एजेंसी ▶▶ जम्मू

पवित्र अमरनाथ यात्रा 2026 का शंखनाद हो चुका है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) और श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के चेयरमैन मनोज सिन्हा ने गुरुवार सुबह जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर कश्मीर घाटी के लिए रवाना किया। इस दौरान पूरा माहौल बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। पहले जत्थे में कुल 4,822 तीर्थयात्री शामिल हुए। श्रद्धालु पारंपरिक पहलगाम और बालटाल, दोनों रास्तों से पवित्र गुफा की ओर बढ़ेंगे। इस बार अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और निर्बाध बनाने के लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं, जिसे ऑपरेशन शिवा नाम दिया गया है।

पुणे हत्याकांड में पॉलीग्राफ टेस्ट की तैयारी

## सिया-चेतन का 'सच से सामना कराएगी' पुलिस

**पुणे।** चर्चित हत्याकांड मामले में एक अहम मोड़ आया है। लोनावला ग्रामीण पुलिस व्यवसायी केतन अग्रवाल की हत्या के आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी का पॉलीग्राफ परीक्षण कराने के लिए अदालत से अनुमति लेने की तैयारी कर रही है। क्योंकि जांचकर्ताओं का मानना है कि अपराध से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य अभी भी छिपाए जा रहे हैं। इसके साथ ही अधिकारियों के अनुसार, पुलिस सिया गोयल को पुणे में उस जगह ले गई, जहां उसने और चेतन चौधरी ने कथित तौर पर केतन अग्रवाल को चट्टान से नीचे धकेलने की रिहर्सल की थी। लोनावला ग्रामीण पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कथित तौर पर महत्वपूर्ण जानकारी छुपाई है। सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी पर पुणे के पास लोहागढ़ किले में एक चट्टान से धक्का देकर उसके मंगेतर केतन अग्रवाल की हत्या करने का आरोप है। जांच के तहत, पुलिस ने मंगलवार और बुधवार को किले में घटनास्थल का पुनर्निर्माण किया। जांचकर्ताओं ने चौधरी की चाल का विश्लेषण भी किया ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या वह वही व्यक्ति था जिसने हुडी पहनी हुई थी और जिसे कथित हत्या से कुछ समय पहले केतन और सिया का पीछा करते हुए देखा गया था।

पुराने ससुराल वालों पर आरोप

## महिला को अर्धनग्न कर पूरे गांव में घुमाया, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

जिले के झारड़ा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली एक जघन्य घटना सामने आई है। यहां अरनिया वेणा गांव में एक महिला को अर्धनग्न कर पूरे गांव में घुमाया गया। इस मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी आनंद भाबोर के अनुसार पीड़िता की शादी पहले इसी गांव में हुई थी, लेकिन बाद में उसने गांव के ही अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली और इंदौर रहने लगी। 30 जून को जब महिला अपने नए ससुराल की जमीन में हिस्सेदारी की मांग को लेकर गांव पहुंची।



■ तीन महिलाओं समेत 11 पर केस दर्ज

हनीमून मर्डर केस में आज सुनवाई

## सोनम की जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई मेघालय सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ शिलांग

मेघालय के चर्चित हनीमून मर्डर केस में नया मोड़ आ गया है। मेघालय सरकार ने सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की पीठ के समक्ष मामले का विशेष उल्लेख करते हुए इस पर तत्काल सुनवाई की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई तय की है। सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी कि हाई कोर्ट ने मुख्य आरोपी को जमानत देकर गलती की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल एक टाइपोग्राफिकल त्रुटि (लिपिकीय गलती) के कारण गिरफ्तारी के आधार से जुड़े दस्तावेज में गलत प्रावधान दर्ज हो गया था।



■ दस्तावेज में गलती से मिली थी जमानत

जबलपुर
शुक्रवार 3 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष – 4
वर्ष : 21, अंक : 62
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8
पाक से रिश्तों की बहाली की नई कवायद




मैट्रो
14 मुख्य सूची के अधिकारियों से ऊपर ..

## खबर संक्षेप

### पहली बार दिखा सफेद मोर और गोल्डन सांभर

**अलवर।** राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व से प्रकृति प्रेमियों के लिए एक अद्भुत खबर आई है।



यहां पहली बार दो बेहद दुर्लभ जीव एक सफेद मोर और धूप में सोने की तरह चमकता गोल्डन सांभर देखे गए हैं। प्रदेश में सफेद मोर दिखने का यह पहला मामला है। कभी बाघ विहीन हो चुके सरिस्का में अब बाघों का कुनबा भी बढ़कर 56 हो गया है। यहां रिसर्च करने के लिए देशभर के वन अधिकारी अलवर में जुटे हुए हैं।

### कांवड़ मेला 2026: 30 जुलाई से शुरू होगी यात्रा

**हरिद्वार।** विश्व प्रसिद्ध कांवड़ मेला 2026 इस साल 30 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होगा। मेले



को सुरक्षित बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को 25 जुलाई तक तैयारियां हर हाल में पूरी करने के सख्त निर्देश दिए हैं। लाखों शिवभक्तों की आमद को देखते हुए सुरक्षा पर विशेष फोकस है।

### वाट्सएप: 1 अगस्त से बदलेगा एआई मॉडल

**नई दिल्ली।** मेटा अपने वाट्सएप बिजनेस एआई एजेंट के बिलिंग सिस्टम में 1 अगस्त 2026 से बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब तक कारोबारियों से प्रति-मैसेज के



हिसाब से शुल्क लिया जाता था, लेकिन अब बिलिंग टोकन की खपत के आधार पर होगी। यह चौबीसों घंटे काम करने वाला एडवांस्ड एआई एजेंट ग्राहकों के सवालों के जवाब देने, लीड्स जेनरेट करने और अपॉइंटमेंट बुक करने जैसे काम करता है।

### एससीएलएससी की अध्यक्ष होंगी न्यायमूर्ति नागरत्ना

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने 29 जून से प्रभावी उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना को नामित किया है। सीजेआई ने 29 जून, 2026 से प्रभावी भारत के उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश माननीय श्रीमती न्यायमूर्ति बी.वी नागरत्ना को उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी का स्थान लिया है, जो 28 जून को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति माहेश्वरी 24 नवंबर, 2025 से उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति (एससीएलएससी) के अध्यक्ष थे। उच्चतम न्यायालय की दूसरी सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश नागरत्ना सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने वाली हैं।

### फिल्म उद्योग में ड्रग्स तस्करी, दो गिरफ्तार

**कोच्चि।** फिल्म उद्योग में काम करने वाले लोगों को कथित रूप से मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वाले दो तस्करों को केरल के कोच्चि में चेरानल्लूर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चेरानल्लूर निवासी अमल जॉर्ज (33) और वडक्केकरा निवासी अभिजीत (25) के रूप में हुई है।

### बाड़ का तार ठीक करते समय करंट से दो मरे

**बाराबंकी।** जिले में एक खेत में लगे बाड़ में बिजली की तार की मरम्मत के दौरान करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना सतरिख थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव की है। सतरिख थाना प्रभारी डी. के. सिंह ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम की है।

---

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला: गुस्से में थाने पहुंचे वकीलों ने कहा

# चंपत राय और अनिल मिश्रा समेत 4 लोगों के खिलाफ लिखें एफआईआर

- पुलिस विधिक राय लेकर करेगी कार्रवाई
- वकील बोले केस दर्ज करने के हैं कई विकल्प

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

बार एससोसिएशन ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र



चंपत राय

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा और गोपाल राव सहित 4 लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। वकीलों ने इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने कहा है कि, पुलिस ने एफआईआरदर्ज करने का आश्वासन दिया है।



अयोध्या जिला न्यायालय के वकील नारेबाजी करते हुए थाने पहुंचे

> चढ़ावे की गिनती के रोस्टर में हेराफेरी, सिफारिशों पर की गईं नियुक्तियां

> चढ़ावे में आए गहनों का नहीं रखा गया हिसाब-किताब

### 125 सिफारिशी नियुक्तियां हुईं थीं

जांच के मुताबिक मंदिर में चढ़ावे की गिनती के लिए एक विशेष स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तय की गई थी। इसके तहत बैंक और आउटसोर्सिंग एजेंसी के कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर प्रणाली (बदल-बदलकर ड्यूटी लगाना) के तहत लगनी थी। आरोप है कि डॉ. अनिल मिश्रा और बैंक प्रबंधन की अनदेखी के कारण इन नियमों की कथित धज्जियां उड़ाई गईं। इसके चलते कुछ करीबी कर्मचारी बिना बदले लगातार काउंटिंग रूम में बने रहे। एसआईटी की जांच में यह भी सामने आया है कि डॉ. अनिल मिश्रा की सिफारिश



पर करीब 125 कर्मचारियों को मंदिर प्रबंधन और उससे जुड़े कार्यों में नियुक्त किया गया था। एसआईटी को जांच में अब तक जो सबूत मिले हैं, उससे अनिल मिश्रा, गोपाल राव और चंपत राय की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

---

## 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने की बड़ी घोषणा

# जापान भारत में '10 ट्रिलियन येन' का निवेश करेगा, उसकी कंपनियां दोगुनी होंगी



नरेंद्र मोदी

> पीएम मोदी ने साने ताकाइची को बताया अपनी 'छोटी बहन'



पीएम मोदी और जापान की पीएम ताकाइची के सामने एमओयू हुए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और जापान के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को एक नई दिशा देते हुए दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र की पहली सह-विकास (को-डेवलपमेंट) परियोजना पर ऐतिहासिक समझौता किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हैदराबाद हाउस में जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में यह बड़ी घोषणा की। पीएम मोदी ने इस कदम को दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।

### ताकाइची ने कहा-हम दोनों की सोच एक जैसी

*ताकाइची ने कहा कि आप मुझे छोटी बहन कहते हैं। हम दोनों की सोच एक जैसी है। इस रिश्ते को मजबूत करना अब और भी महत्वपूर्ण हो गया है।*

*जापान और भारत के बीच रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के लिए मैंने हाल ही में स्वतंत्र और खुली हिंद प्रशांत नीति की घोषणा की है।*

### इन प्रमुख क्षेत्रों पर मिलकर काम कर रहे हैं दोनों देश

1. **सेमीकंडक्टर :** चिप निर्माण और सप्लाई चेन को मजबूत करना
2. **महत्वपूर्ण खनिज:** भविष्य की तकनीकों के लिए जरूरी खनिजों की सुरक्षा
3. **फार्मास्यूटिकल्स:** दवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना
4. **स्वच्छ ऊर्जा** पर्यावरण अनुकूल और रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस
5. **सूचना-संचार प्रौद्योगिकी** एआई और आधुनिक सूचना तंत्र का विकास

### पीएम मोदी ने रखा अपना विजन

भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आपके सामने एक दृष्टिकोण रखना चाहता हूं।

- मैं एक ऐसी दुनिया देखता हूं, जहां जापान की तकनीकी और भारत की मार्केट क्षमता मिलकर सेमीकंडक्टर, फार्मा और जरूरी मिनरल्स के क्षेत्र में दुनिया को एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला दें
- जहां जापान की पूंजी और भारत की महत्वाकांक्षा मिलकर शिपबिल्डिंग, मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नया वैश्विक नेतृत्व तैयार करें ।

### वैश्विक उथल-पुथल के दौर में आपसी विश्वास ही सबसे बड़ी रणनीतिक पूंजी

वैश्विक परिदृश्य का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए जी7 शिखर सम्मेलन की अपनी बात को दोहराया। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक उथल-पुथल के दौर में आपसी विश्वास ही सबसे बड़ी रणनीतिक पूंजी है। भारत-जापान संबंध इस कसौटी पर पूरी तरह खरे उतरते हैं।

---



इस जगह पर चट्टान गिरने से हुआ हादसा

## 40 फीट ऊंचाई से चट्टान का टुकड़ा गिरा

# मप्र के 5 मजदूर दबे कुल 7 की मौत, इनमें छग व कर्नाटक के दो

- ***मृतकों के परिवार को 10-10 लाख की मदद***
- ***घटना के दौरान 17 मजदूर काम कर रहे थे***

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में गुरुवार सुबह पत्थर खदान ढहने से 7 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। 5 मजदूर मध्य प्रदेश, एक छत्तीसगढ़ और एक कर्नाटक के यादगीर का रहने वाला था। घटना के दौरान 17 मजदूर काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साउथ तालुक इलाके में मौजूद कावेरी क्रशर कंपनी की खदान में खनन चल रहा था। इसी दौरान 40 फीट ऊंचाई से चट्टान का बड़ा टुकड़ा मजदूरों पर आ गिरा। हादसे में 5 मजदूर भी घायल हो गए। पांचों खतरे से बाहर हैं। सभी मृतक व घायल दिहाड़ी मजदूर थे और वहां स्टोन क्रशर साइट पर काम कर रहे थे। एक्सकेवेटर चला रहे परशुराम ने बताया कि काम शुरू करने के लिए जैसे ही मैं मौके पर पहुंचे और मशीन चालू की, तभी पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया।

---

## वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू में देरी

# सनी बोले- नहीं खेलाया तो बढ़ सकता है उस पर दबाव

> टूट सकता है सचिन और जोशुआ लिटिल का रिकॉर्ड



वैभव सूर्यवंशी



सुनील गावस्कर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल 2026 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से तहलका मचाने वाले 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू का बेसब्री से इंतजार है। आयरलैंड के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में भी उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला। इस पर दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि डेब्यू में हो रही यह देरी वैभव पर दबाव बढ़ा सकती है। गावस्कर ने कहा कि 15 साल की उम्र में आप दबाव के बारे में ज्यादा नहीं सोचते, लेकिन वैभव जानते हैं कि जब भी मौका मिलेगा, उन्हें अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## चमोली समेत कई जिलों में भूस्खलन से सड़कें बंद

# बद्रीनाथ-केदारनाथ के रास्ते में पत्थर गिरे, गाड़ियां फंसी

> प्रशासन ने आवाजाही रोकी, सहयोग की अपील

एजेंसी ▸▸ देहरादून



सड़क बनी श्रद्धालुओं के लिए बाधा

उत्तराखंड में मानसून के बाद देर रात तक भारी बारिश जारी रही। गुरुवार को रुद्रप्रयाग, चमोली समेत कई जिलों में भूस्खलन से सड़कें बंद हो गई हैं। बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर लगातार पत्थर गिर रहे हैं। सुरक्षा के चलते केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। रुद्रप्रयाग में सोनप्रयाग-गौरीकुंड मोटर मार्ग मुनकटिया के पास पहाड़ी से पत्थर और मलबा गिरने के कारण बाधित हो गया है।

## फीफा विश्वकप 2026: बाकी 6 जगहों के लिए जंग तेज



### राउंड ऑफ-16 की 10 टीमें तय, नॉकआउट में उलटफेर, दिग्गज बाहर

**नई दिल्ली।** फीफा विश्वकप 2026 अपने नए 48-टीम फॉर्मेट के साथ रोमांच की सारी हदें पार कर रहा है। पहली बार आयोजित हो रहे राउंड ऑफ-32 के नॉकआउट मुकाबलों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले हैं, जिसके बाद राउंड ऑफ-16 की 10 टीमें तय हो चुकी हैं और बाकी 6 जगहों के लिए जंग तेज है। इस बार कागज पर कमजोर मानी जाने वाली टीमों ने जर्मनी और नीदरलैंड्स जैसे दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

---

## हाथी से आशीर्वाद लेना पड़ा भारी

# गजराज ने बाइक सवार दो युवकों को पटका... अस्पताल में भर्ती



अस्पताल में घायल लोगों का उपचार

**छिंदवाड़ा।** जिले के चौरई-गुरैया मार्ग पर गुरुवार को हाथी से आशीर्वाद लेने की कोशिश दो बाइक सवार युवकों को भारी पड़ गई। अचानक हाथी के उग्र होने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत चौरई अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घायलों ने माना महावतों की गलती नहीं

हाथी के साथ चल रहे महावत राजू वासनिक और गणेश वासुदेव ने बताया कि उन्होंने युवकों को पहले ही दूर रहने की चेतावनी दी थी। हालांकि, हादसे के बाद महावत दल ने ही तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज करा रहे युवकों ने भी माना कि इस घटना में महावत दल की कोई गलती नहीं थी।

## वर्तमान व्यवस्था में इन कॉलेजों में दाखिला पूरी तरह से प्रवेश परीक्षाओं के स्कोर पर निर्भर

## कोचिंग पर निर्भरता होगी कम, 'ऑन-डिमांड' परीक्षा प्रणाली

# नीट-जेईई दाखिले में बदलाव की तैयारी, अब 12वीं बोर्ड के नंबरों पर मिल सकता है 50% तक 'वेटेज'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने का सपना देखने वाले लाखों छात्रों के लिए एक बड़ी खबर है। केंद्र सरकार भविष्य में नीट और जेईई जैसी प्रवेश परीक्षाओं के नियमों में बड़ा बदलाव करने पर विचार कर रही है।

नए प्रस्ताव के तहत अब मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए 12वीं बोर्ड परीक्षा के अंकों को 50 प्रतिशत तक वेटेज दिया जा सकता है। वर्तमान व्यवस्था में इन कॉलेजों में एडमिशन पूरी



तरह से प्रवेश परीक्षाओं के स्कोर पर निर्भर करता है और बोर्ड परीक्षा केवल एक न्यूनतम योग्यता मात्र होती है, लेकिन अब किसी एक परीक्षा पर छात्रों का पूरा भविष्य निर्भर न रहे, इसलिए इस नई व्यवस्था पर मंथन चल रहा है। पिछले कुछ वर्षों में पेपर लीक और मूल्यांकन में गड़बड़ी जैसे विवादों के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं, जिसके बाद शिक्षा व्यवस्था को अधिक संतुलित बनाने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं।

### 9 सदस्यीय समिति ने अंतिम रिपोर्ट तैयार की

शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित एक 9 सदस्यीय समिति इस विषय पर अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार कर रही है। समिति का मानना है कि बोर्ड के नंबरों को महत्व देने से छात्रों पर से प्रवेश परीक्षा का मानसिक दबाव कम होगा और स्कूलों में पढ़ाई की अहमियत बढ़ेगी।

# आईएनएस त्रिकंड ने अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती का प्रयास किया विफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने अरब सागर की सुरक्षा में एक बार फिर अपनी सजगता और त्वरित कार्रवाई का प्रमाण दिया है। आईएनएस त्रिकंड ने अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती के प्रयास को नाकाम कर दिया। सेंट विंसेंट और ग्रेनाडाइन्स के झंडे वाले बल्क कैरियर 'एमवी गोल्डन आर्सेनल' पर समुद्री लुटेरों के हमले की कोशिश की खबर मिली। यह जहाज यमन के अदन से 21 क्रू सदस्यों (जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल था) के साथ जा रहा था और 26 जून की दोपहर जिबूती से लगभग 300 नॉटिकल मील पूर्व-उत्तर-पूर्व में था।

भारतीय नौसेना के युद्धपोत के पास आने की सूचना मिलते ही समुद्री डाकू भाग निकले। मार्कोस कमांडोस ने जहाज पर पहुंचकर पूरी तलाशी ली और पुष्टि की कि कोई खतरा शेष नहीं है


आईएनएस त्रिकंड

- 21 क्रू में एक भारतीय शामिल
- एमवी गोल्डन आर्सेनल ने भेजा डिस्ट्रेस सिग्नल




## समुद्री डाकुओं ने किया हमला

जब समुद्री डाकुओं ने जहाज पर हमला करने की कोशिश की, तो एमवी गोल्डन आर्सेनल पर सवार क्रू सदस्यों ने खुद को सुरक्षित कमरे में बंद कर लिया और डिस्ट्रेस सिग्नल भेजा। आईएनएस त्रिकंड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जहाज की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। भारतीय नौसेना के युद्धपोत के पास आने की सूचना मिलते ही समुद्री डाकू भाग निकले।

## नौसेना क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रही

ये दोनों घटनाएं दिखाती हैं कि भारतीय नौसेना क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रही है। समुद्री डकैती के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपना रही है। भारतीय नौसेना इन दिनों हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती समुद्री सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रही है।


## खबर संक्षेप

### ईयू कोर्ट में गूगल पर 4.1 लाख करोड़ की पेनाल्टी



**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) की सबसे बड़ी अदालत ने एंड्रॉयड से जुड़े एंटीट्रस्ट मामले में गूगल की अपील खारिज कर दी है। इसके साथ ही कंपनी पर लगाया गया 4.1 अरब यूरो (करीब 4.10 लाख करोड़ रुपए) का रिकॉर्ड जुर्माना बरकरार रहेगा। यह मामला पिछले आठ साल से चल रहा था। यह जुर्माना पहली बार 2018 में यूरोपीय आयोग ने लगाया था। आयोग का आरोप था कि गूगल ने एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम का इस्तेमाल करके अपने सर्च और क्रोम ब्राउज़र को बढ़ावा दिया और दूसरी कंपनियों के लिए कंपटीशन करना मुश्किल बना दिया।

### रूस का कीव पर हमला 20 की मौत, 90 घायल



**कीव।** रूस ने गुरुवार की सुबह यूक्रेन की राजधानी पर मिसाइलों और ड्रोन से बड़े पैमाने पर हमला किया। इसके कारण भीषण विस्फोट हुए। कीव शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर टकाचेंको ने बताया कि हमलों में आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे बच्चों समेत बड़ी संख्या में नागरिक प्रभावित हुए और कई इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। हमले में 20 लोगों की मौत हो गई और 90 लोग घायल हो गए। बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तथा ड्रोन से हुए हमले ने नीप्रो नदी के दोनों किनारों पर स्थित शहर के सभी 10 जिलों को प्रभावित किया।

### थाई भिक्षुओं के समूह को कुचला, 9 की मौत



**बैंकॉक।** थाईलैंड के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में एक पिकअप ट्रक चला रहे 11 वर्षीय लड़के ने तीर्थयात्रा पर जा रहे भिक्षुओं के समूह को कुचल दिया। इस दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। मुकदहन प्रांत के कुल 35 भिक्षु तीर्थयात्रा पर निकले थे। मुकदहन के गवर्नर वोरयान बूननारत के अनुसार, पांच भिक्षुओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार भिक्षुओं ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। 13 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से तीन भिक्षुओं की हालत गंभीर है। यह समूह उबोन रत्चाथानी प्रांत तक की 260 किमी लंबी पदयात्रा पर निकला था।

## भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में पीएम मोदी का ऐलान

# देश में लगेंगे 1000 बायोगैस प्लांट, गांवों को मिलेगा बड़ा फायदा, किसानों की बढ़ेगी आय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा कि भारत-जापान मिलकर सेमीकंडक्टर, फार्मा, जरूरी मिनरल्स, शिपबिल्डिंग, मोबिलिटी, स्वच्छ ऊर्जा, स्टार्टअप, एआई, क्वांटम और बायोटेक के क्षेत्र में दुनिया के लिए अगली पीढ़ी के समाधान लाएं। एयरोस्पेस और रक्षा में अभूतपूर्व सहयोग के साथ हम वैश्विक सुरक्षा में अपना योगदान मजबूत करेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जापानी की पीएम सनाए ताकाइची से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन में जापानी पीएम का भव्य स्वागत किया गया। सैनिकों की टुकड़ी ने जापानी पीएम के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर भी पेश किया। औपचारिक स्वागत के दौरान सैनिकों के दल ने संगीत की प्रस्तुति भी दी। इसके बाद एक द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों पीएम ने भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में भाग लिया।

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भारत और जापान ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। उन्होंने बताया कि भारत जापान बायो गैस इनीशिएटिव के तहत भारत में एक हजार बायोगैस और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर प्लांट लगाए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस पहल से गांवों में टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिलेगा, किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल भारत के ग्रामीण विकास के लिए अहम साबित होगी।

*भारत की विशाल क्षमता और जापान की गुणवत्ता साथ आए*

*भारत के साथ एक नए बदलाव का भी प्रस्ताव दिया जापान ने*



पीएम मोदी और जापान की पीएम सनाए ताकाइची

### जापान की पूंजी और भारत की महत्वाकांक्षा करे नेतृत्व

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं आपके सामने एक दृष्टिकोण रखना चाहता हूं। मैं एक ऐसी दुनिया देखता हूं, जहां जापान की तकनीकी और भारत की मार्केट क्षमता मिलकर सेमीकंडक्टर, फार्मा और जरूरी मिनरल्स के क्षेत्र में दुनिया को एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला दें। जहां जापान की पूंजी और भारत की महत्वाकांक्षा मिलकर शिपबिल्डिंग, मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नया वैश्विक नेतृत्व तैयार करें।

### एक साल में 120 कारोबारी समझौते

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और जापान की निवेश साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में दोनों देशों के बीच करीब 120 नए बिजनेस एग्रीमेंट हुए हैं, जिनके जरिए भारत में 10 अरब डॉलर से अधिक का जापानी निवेश आएगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की विशाल क्षमता और जापान की गुणवत्ता को मिलाकर दुनिया को सस्ती, भरोसेमंद और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी दोनों देश मिलकर काम करेंगे।

### 100 साल से अधिक पुराना नाता

पीएम मोदी ने कहा कि यहां कई कंपनियों के भारत के साथ लंबे समय से संबंध रहे हैं, कुछ संबंध तो 100 साल से भी अधिक समय से। मैं इंडिया-जापान की सफलता की कहानी का हिस्सा बनने के लिए इस मंच से जुड़ने वाले नए दोस्तों का दिल से स्वागत करता हूं।



### सुजुकी खरखौदा प्लांट का किया उद्घाटन

पीएम नरेंद्र मोदी और जापान की पीएम सनाए ताकाइची ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी इंडिया के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। गुरुग्राम, मानेसर और गुजरात के बाद खरखौदा में स्थित यह मैन्युफैक्चरिंग प्लांट भारत में मारुति सुजुकी की चौथी सबसे बड़ी फैक्ट्री है।

### क्षेत्रीय मजबूती जरूरी



जापान की पीएम सनाए ताकाइची ने कहा कि आज दुनिया में संरक्षणवाद, आर्थिक दबाव जैसी नई चुनौतियां सामने हैं। ऐसे समय में क्षेत्र को अधिक स्वायत्त और मजबूत बनाना जरूरी है।

## भारत-जापान के संबंध लगातार मजबूत हुए

# दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को अगले स्तर पर ले जाने के लिए जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि निवेश भारत-जापान साझेदारी का अहम आधार है और इसी के जरिए दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। 'द इंडो-जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग' में उन्होंने कहा कि भारत-जापान की साझेदारी का प्रमुख केंद्र निवेश रहा है और दोनों देश इसे अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- भारत जापान को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद निर्यात कर रहा

गोयल ने कहा कि मारुति सुजुकी लगभग 40 साल पहले भारत आई और आधुनिक, किफायती तथा टेक्नोलॉजी आधारित गाड़ियां लेकर आई, जिसने भारत को ऑटोमोबाइल क्षेत्र में वैश्विक ताकत बनने की राह पर आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि मई महीने में भारत में बिकी 4 लाख पैसेंजर गाड़ियों में से 1.47 लाख मारुति सुजुकी की थीं।

### बुनियादी ढांचे में जापान का बड़ा योगदान

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का पहला डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ओडिशा में जापान की साझेदारी से बनाया गया, जिससे लौह अयस्क के परिवहन को गति मिली। भारत-जापान व्यापार केवल आयात-निर्यात तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच तकनीक और निवेश का मजबूत रिश्ता भी विकसित हुआ है। हम कच्चा माल या इंटरमीडिएट उत्पाद नहीं बेच रहे हैं।

### जापान में भारतीयों के लिए बढ़ेंगे अवसर

*पीयूष गोयल ने कहा कि जापान में विशेष रूप से हेल्थकेयर क्षेत्र में भारतीय पेशेवरों के लिए बड़े अवसर मौजूद हैं। जापान की बढ़ती उम्र वाली आबादी के कारण प्रशिक्षित केयरगिवर्स की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसके लिए जापानी भाषा और संस्कृति की जानकारी आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति के पास भाषा कौशल के साथ जापानी संस्कृति की समझ भी हो, तो उसके लिए जापान में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।*

## इसरो मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

# परिसर की गहन तलाशी में कुछ नहीं मिला, फर्जी निकला ईमेल




एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद गुरुवार को सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

हालांकि, जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और बाद में यह धमकी फर्जी साबित हुई। पुलिस के अनुसार, धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस टीम, डॉग स्क्वॉयड और बम निरोधक एवं बम खोजी दस्ता (बीडीडीएस) इसरो मुख्यालय पहुंचा। एहतियात के तौर पर भवन में मौजूद सभी कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और पूरे परिसर की गहन तलाशी ली गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जांच के बाद धमकी को फर्जी बताया है।

## अमेरिका के मोटल में लगी आग

# दम घुटने से गुजरात के एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत


ईशानी, हितेष और हिनाबेन सुथार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अमेरिका के मैसाचुसेट्स राज्य के वुस्टर शहर स्थित इकोनो लॉज मोटल में लगी भीषण आग में गुजरात के खेड़ा जिले के नडियाद निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान हितेशभाई सुथार, उनकी पत्नी हिनाबेन सुथार और 20 वर्षीय बेटी ईशानी सुथार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, यह परिवार करीब दो साल पहले बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका गया था और वहीं बस गया था। हितेशभाई उसी इकोनो लॉज मोटल में काम करते थे और उनका परिवार भी मोटल परिसर में ही रहता था। रविवार देर रात करीब 1:30 बजे मोटल में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, जिसके बाद परिवार कमरे में ही फंस गया।

## खान क्वेस्ट 2026 में सेना का युद्धाभ्यास



### शांति रक्षा अभियान में लिया भाग

*उलानबटार। मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में इन दिनों बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट 2026' चल रहा है। भारतीय सेना की टुकड़ी ने 18 देशों की संयुक्त राष्ट्र शांति-रक्षा अभियानों से जुड़े संयुक्त अभ्यास किए। इनमें पेट्रोलिंग, घेराबंदी और तलाशी अभियान तथा मानवीय सहायता से जुड़ी गतिविधियां शामिल थीं। इन अभ्यासों का मकसद मुश्किल ऑपरेशनल हालात में आपसी तालमेल, संचार और मिलकर काम करने की क्षमता को बेहतर बनाना था।*

## पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर दिल्ली को दहलाने की साजिश नाकाम

# आईएसआई के 4 आतंकी गिरफ्तार, विदेशी हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़े अंतरराज्यीय ऑपरेशन में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी और हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में पंजाब और दिल्ली से 4 आंतकियों को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर राजधानी को दहलाने की साजिश रच रहे थे। पकड़े गए आतंकियों के पास से तुर्की मेड जिगाना पिस्टल समेत दो विदेशी पिस्टल, नौ कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

दिल्ली में धार्मिक स्थलों की रेकी कर पाक भेज रहे थे थानों और मंदिरों के वीडियो


(बाएं से दाएं) आरोपी साजन उर्फ हनी, गगनप्रीत, रिषी, शुभदीप

### ड्रोन से हथियार व ड्रग्स रिसीव करते

सबसे पहले पंजाब के अमृतसर (मजीठा रोड) से शुभदीप सिंह उर्फ विशाल को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक सेमी-आटोमैटिक पिस्टल, पांच कारतूस और दो मोबाइल मिले। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि वह शाहजाद भट्टी नेटवर्क के पाकिस्तानी हैंडलर्स के सीधे संपर्क में था और ड्रोन के जरिए हथियार व ड्रग्स की खेप रिसीव करता था।

### युवाओं को जाल में फंसाया

स्पेशल सेल के डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के मुताबिक पाकिस्तान में बैठा आईएसआई हैंडलर शाहजाद भट्टी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दिल्ली एनसीआर में किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसके लिए उसने पंजाब के स्थानीय युवाओं को अपने जाल में फंसाया था। शुरुआती जांच के बाद स्पेशल सेल ने दिल्ली और पंजाब में कई जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

### मोबाइल से कई आपत्तिजनक सबूत

शुभदीप से मिली जानकारी के आधार पर पंजाब से उसके दो और साथियों गुरजंत सिंह उर्फ ऋषि और साजन सिंह उर्फ हनी को दबोच लिया गया। इनके पास से 'जिगाना पिस्टल' और चार कारतूस बरामद हुए। इसी कड़ी में आगे कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गगनप्रीत नाम के चौथे आतंकी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके मोबाइल से कई आपत्तिजनक सबूत मिले हैं। पकड़े गए आरोपियों में से गगनप्रीत को पाकिस्तानी हैंडलर्स ने बेहद खतरनाक काम सौंपा था।

## दोहा में अमेरिका-ईरान वार्ता से बढ़ी उम्मीद

# 14 सूत्रीय एमओयू के मुद्दों पर हुई सकारात्मक प्रगति

एजेंसी ▶▶ दोहा


माजेद अंसारी

कतर के पीएम के सलाहकार और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल अंसारी के अनुसार पाक ने दोहा में अमेरिकी और ईरानी वार्ताकारों के साथ अलग-अलग बैठकें संपन्न कीं। जिनमें 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक प्रगति दर्ज की गई। यह वार्ता लेक ल्यूसर्न शिखर सम्मेलन के परिणामों पर आधारित थी।

### महबूबा श्रद्धांजलि देने ईरान जाएंगी

*ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन शुक्रवार को ईरान जाएंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती भी उन्हें श्रद्धांजलि देने ईरान जाएंगी। खामेनेई की अंतिम यात्रा 4 से 9 जुलाई तक ईरान और इराक के अलग- अलग स्थानों पर करने की योजना हैं।*

# निमाड़ की धरती संतों, संस्कृति और वृहद लोक परंपराओं से समृद्ध

## मुख्यमंत्री ने खाटू श्याम मंदिर तलून (बड़वानी) के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को किया वर्चुअली संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बड़वानी सहित निमाड़ की धरती संतों, संस्कृति और लोक परंपराओं से समृद्ध रही है। भारत की संत परंपरा ने सदैव समाज को सही दिशा दिखाई है, उनके मार्गदर्शन से समाज में सद्भाव, संयम और सेवा की भावना विकसित होती है। गरीबों, जरूरतमंदों और पीड़ितों की सेवा ही सच्ची भक्ति है, समाज तभी आगे बढ़ता है जब धर्म और सेवा साथ चलते हैं, यही भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़वानी के समीप तलून में बनने वाला खाटू श्याम मंदिर इस गौरवशाली विरासत को मजबूत करेगा और आने वाली पीढ़ियां भी इस धरोहर से जुड़ेंगी। मुख्यमंत्री तलून में खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और 21 कुंडीय महायज्ञ कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

बाबा खाटू श्याम का त्याग, वीरता-विनम्रता और समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण



कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते सीएम।

### बाबा खाटू श्याम ने धर्म की रक्षा और लोक कल्याण के लिए किया त्याग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का अवसर केवल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का पर्व है। बाबा खाटू श्याम की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे। बाबा खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है, क्योंकि वे अपने भक्तों के दुःख हरने वाले देवता माने जाते हैं। बाबा खाटू श्याम को बर्बरीक का स्वरूप माना जाता है।

### सरकार प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध

सीएम ने कहा कि मप्र आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से देश का अग्रणी राज्य है। सरकार प्राचीन धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह मंदिर भी उस यात्रा का खास पड़ाव बनेगा। मुख्यमंत्री ने बाबा श्री खाटू श्याम से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य तथा प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में सांसद गजेन्द्र पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बड़वानी बलवंत पटेल, महंत महामण्डलेश्वर हरि सुरेन्द्र गिरी महाराज, अध्यक्ष खाटू श्याम मंदिर बड़वानी शशि गिरि महाराज तथा अन्य संतगण, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

---

राम नकटी की शासकीय भूमि से हुए थे बेदखल

# अतिक्रमण प्रभावित 65 परिवारों को नया रायपुर में बसाएगा प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नया रायपुर के ग्राम नकटी की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से बेघर हुए लोगों पर सत्ता का मरहम लगाया जा रहा है। प्रशासन ने अतिक्रमण प्रभावित 65 परिवारों को बेघर छोड़ने के बजाय उन्हें नया रायपुर अटल नगर के सेक्टर-30 स्थित सर्वसुविधायुक्त ईडब्ल्यूएस आवासों में बसाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रभावित परिवारों को केवल पक्का मकान ही नहीं, बल्कि बिजली, पेयजल, सड़क, सीवर, सामुदायिक भवन, उद्यान और अन्य शहरी सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से पूरी हो, इसके लिए आठ सदस्यीय समिति भी गठित कर दी गई है। ग्राम नकटी की शासकीय भूमि पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की ओर से लगभग 38 एकड़ भूमि में से करीब 12 एकड़ भूमि विशेष योजना के लिए उपयोग होगी, जबकि शेष 26 एकड़ भूमि पर मंडल की स्ववित्तीय सामान्य आवास योजना विकसित की जाएगी।

### आवासों का अस्थाई आवंटन भी हो चुका

भूमि पर अवैध रूप से निवासरत परिवारों के पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन ने 65 पात्र परिवारों की सूची गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को सौंपी है। इस सूची में शामिल परिवारों को 29 जून 2026 को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सेक्टर-30 में निर्मित रिक्त ईडब्ल्यूएस आवासों का अस्थायी आवंटन कर दिया गया। पुनर्वास को केवल कागजी प्रक्रिया तक सीमित न रखते हुए सरकार ने आवासों को रहने योग्य बनाने का काम भी तेजी से शुरू किया। आवासों में ट्यूबलाइट, पंखे और विद्युत व्यवस्था पूरी कर दी गई है।

### आठ सदस्यीय समिति की गठित

सरकार ने पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए मुख्यालय के अपर आयुक्त की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति गठित की है। समिति में उपयुक्त, कार्यपालन अभियंता, संपदा अधिकारी और सहायक अभियंताओं सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक पात्र परिवार को निर्धारित आवास मिले और पुनर्वास पूरी तरह पारदर्शी एवं बिना किसी अव्यवस्था के संपन्न हो।

---

## खबर संक्षेप

### युवाओं-किसानों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेशभर में जनहित के मुद्दों को लेकर चरणबद्ध पत्रकारवार्ताओं का कार्यक्रम घोषित किया है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मंजूरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संभागीय मुख्यालयों के साथ-साथ 3 जुलाई को सभी जिला मुख्यालयों पर भी प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। कांग्रेस ने बताया कि पत्रकारवार्ताओं में नीट और सीबीएसई परीक्षा में कथित अनियमितताओं व पेपर लीक, किसानों की समस्याएं, अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राप्त चढ़ावे में कथित गड़बड़ी, उज्जैन महाकाल लोक निर्माण कार्यों में कथित भ्रष्टाचार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके परिवार से जुड़े कथित भूमि घोटाला प्रकरण सहित अन्य जनहित के मुद्दे उठाए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार 2 जुलाई को ग्वालियर में अशोक सिंह और नर्मदापुरम में पीसी शर्मा, 3 जुलाई को सागर में एनपी प्रजापति तथा उज्जैन में सज्जन सिंह वर्मा, 4 जुलाई को इंदौर में शोभा ओझा, 6 जुलाई को भोपाल में मीनाक्षी नटराजन और 11 जुलाई को जबलपुर में विवेक तन्खा पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। इसके अलावा 3 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष और जिला प्रभारी संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि इन पत्रकार वार्ताओं के जरिए प्रदेश सरकार को जनहित के मुद्दों पर घेरा जाएगा और जनता के सामने सरकार की कथित विफलताओं को रखा जाएगा। जिला अभिभाषक संघ चुनाव स्क्रूटनी में 89 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए

### अभिभाषक संघ चुनाव के लिए 89 नामांकन सही, आज सूची होगी प्रकाशित

**भोपाल।** आगामी 16 जुलाई को होने वाले भोपाल जिला अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए नामांकन फार्म जमा करने वाले प्रत्याशियों के नामांकन फार्म की बुधवार को स्क्रूटनी कर जांच की गई। मुख्य चुनाव अधिकारी वासू वासवानी सहित वरिष्ठ अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी, हाशिम अली, यश विद्यार्थी, एपीएस परिहार, नीतू शर्मा, बबीता नेगी और शैलेंद्र शर्मा ने नामांकन फार्म की बुधवार को स्क्रूटनी कर जांच के बाद सभी 89 प्रत्याशियों के नामांकन फार्म को सही पाया है। अब 2 और 3 जुलाई को नामांकन फार्म वापस लेने के बाद 3 जुलाई को प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जगदीश सिंह परमार ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ अपना नामांकन फार्म जमा किया। परमार के अलावा देवेंद्र सिंह रावत, सुशील श्रीवास्तव, रफी जुबेरी, हिमाचल शर्मा ने भी अध्यक्ष पद पर नामांकन फार्म जमा किए। सचिव पद पर शुभम मीना बब्लू, मुकेश नागपुरे, संदीप उमरे और अनुराग दुबे ने नामांकन फार्म जमा किया। उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी सिद्धार्थ त्रिलोक त्यागी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जिला अभिभाषक संघ के चुनाव कार्यालय पहुंचकर नामांकन फार्म जमा किया। सुनील सिंघल, अमित दुबे, एबी खान, नीरज तिवारी, अजय पांडे और अनिल सिंह ने भी उपाध्यक्ष पद पर नामांकन जमा किया। सहसचिव पद पर विनोद ठाकुर, राजू खान, इठोवा कोसे, नयन शर्मा, बारिज गुप्ता, किरण गहलोत और उपेंद्र शर्मा ने नामांकन जमा किया।

---

सिवनी जिले को दी 494.16 करोड़ के 629 विकास कार्यों की सौगात

# धान की फसल पर भी देंगे भावांतर का लाभ किसानों के खातों में अंतरित की बोनस राशि

- मुख्यमंत्री संबल योजना में 16 हजार से अधिक श्रमिकों को अंतरित किए 365 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री ने कोदो-कुटकी का बोनस वितरण कर विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन
- सिवनी जिला मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय धान महोत्सव को संबोधित कर रहे थे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार का संकल्प हैं क्योंकि किसान समृद्ध होगा, तभी हमारा प्रदेश और देश समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि महाकौशल की धरती धान उत्पादन के लिए जग प्रसिद्ध है। शेर की दहाड़ और सतपुड़ा के पहाड़ और अब यहां की छत्रिय धान इस क्षेत्र की बड़ी पहचान है। छत्रिय धान को अब भौगोलिक संकेतक टैग (जीआई टैग) मिल गया है। यह हमारी देशज और पारंपरिक कृषि का वैश्विक सम्मान है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सिवनी जिला मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय धान महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रदेश के 3 हजार 941 किसानों को 1 हजार रुपए प्रति क्विंटल की दर से कोदो-कुटकी के बोनस के रूप में 2 करोड़ 84 लाख रुपए किसानों के खातों में अंतरित किए।




### पूरा वातावरण बना भक्तिमय और संगीतमय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को सिवनी में किसान के खेत में धान रोपकर धान महोत्सव का शुभारंभ किया। मिट्टी और पानी से भरे खेत में मुख्यमंत्री के साथ महिलाओं ने भी धान रोपाई की। उन्होंने रोपाई के पारंपरिक गीत चंदन राजा को परहा गढ़ से, रानी सरुपा सकारी उठ से गाकर पूरा वातावरण भक्तिमय और संगीतमय बना दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धान रोपने के बाद बरघाट के ग्राम लोहारा से आए किसान दौलतराम बिसेन ने अपने घर से लाई गई 'सिदोरी' (खेत में खाया जाने वाला पारंपरिक भोजन) खाने का अनुरोध किया।

### अब धान की फसल पर भी भावांतर योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के धान उत्पादक किसानों के हित में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब धान की फसल पर भी भावांतर योजना का लाभ दिया जाएगा। राज्य सरकार धान उत्पादक किसानों को एमएसपी और बाजार मूल्य के बीच के अंतर की राशि का भुगतान करेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी योजना (मनरेगा का नया स्वरूप) के तहत प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के कार्यम लगातार चलाएं जाएंगे।



### मुख्यमंत्री ने बालाघाट से सिवनी तक फोरलेन रोड निर्माण कार्य की घोषणा की

सीएम ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) 2.0 योजना अंतर्गत प्रदेश के 16 हजार 754 से अधिक श्रमिक परिवारों को 365 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। साथ ही 494 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से 629 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण कर सिवनी जिले को बड़ी सौगात दी। इसमें 349.33 करोड़ रुपए की लागत के 586 विकास कार्यों का लोकार्पण और 144.83 करोड़ की लागत के 43 विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बालाघाट से सिवनी तक फोरलेन रोड निर्माण कार्य की घोषणा की। जिले के छपारा ब्लॉक के ग्राम चमारी में शासकीय कॉलेज खोला जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने वर्चुअली जुड़कर कहा कि मुख्यमंत्री संबल योजना हमारी ग्रामीण आबादी के लिए एक वरदान की तरह है। सासंद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि किसानों को अनेक सौगातें दी हैं। इस मौके पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, राजस्व मंत्री एवं सिवनी जिले के प्रभारी करण सिंह वर्मा, बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी, जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

---

मौसम विभाग ने दी सतर्क रहने की सलाह

# दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरी तरह सक्रिय, भारी बारिश की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने प्रदेश के कई जिलों के लिए अगले 24 से 48 घंटे के दौरान भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग का कहना है कि इस दौरान कई इलाकों में तेज बारिश, गरज-चमक, तेज हवाएं और वज्रपात की भी संभावना है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**इन जिलों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना:**

मौसम विभाग के रायपुर केंद्र के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान गरियाबंद, धमतरी, नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कांकेर जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बस्तर और सुकमा जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों के दौरान दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। इसके अलावा गरियाबंद, धमतरी, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, दुर्ग, बालोद, बस्तर, कोंडागांव, सुकमा और कांकेर जिलों में भी भारी बारिश होने के आसार हैं।

### अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह

मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि भारी बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें। जलभराव, सड़क फिसलन, दृश्यता कम होने और निचले इलाकों में जलभराव जैसी स्थितियां बन सकती हैं। साथ ही छोटे पुलों और रपटों पर पानी भरने की स्थिति में उन्हें पार करने का प्रयास न करें। गरज-चमक और वज्रपात के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें तथा सुरक्षित स्थान पर शरण लें।

---

30 दिन की देरी से गृह विभाग का आदेश

# खंडवा एसपी रहे सिंह का डीआईजी पद पर पदोन्नति आदेश हुआ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गृह विभाग ने एसपी खंडवा रहे रुचिवंश कुमार सिंह के डीआईजी पद पर पदोन्नति का आदेश 30 दिन की देरी से जारी किया है। उन्हें 31 मई से डीआईजी पद पर पदोन्नत माना गया था, लेकिन विभागीय आदेश 30 जून को जारी किया गया। जानकारी के अनुसार, डीआईजी महेश चंद जैन के 31 मई को सेवानिवृत्त होने से यह पद रिक्त हुआ था।

इसी पद पर रुचिवंश कुमार सिंह की पदोन्नति प्रस्तावित थी, लेकिन आदेश समय पर जारी नहीं होने से प्रक्रिया लगभग एक माह तक लंबित रही। उधर, डीजी रैंक के अधिकारियों की संख्या फिर 12 हो गई है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अनंत कुमार के लिए एक अतिरिक्त डीजी पद सृजित किया था, जिससे यह संख्या बढ़कर 13 हो गई थी। हालांकि 30 जून को डीजी संजीव शमी के रिटायर होने के बाद कार्यरत डीजी अधिकारियों की संख्या फिर घटकर 12 रह गई। वर्तमान में डीजी के पांच कैडर पद, पांच एक्स-कैडर पद और राज्य सरकार द्वारा दो वर्षों के लिए स्वीकृत दो अतिरिक्त पद सहित कुल 12 स्वीकृत पद हैं।

भोपाल ग्रामीण आईजी संजय तिवारी भी सेवानिवृत्त हो गए। वर्ष 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी तिवारी को इसी वर्ष जनवरी में भोपाल ग्रामीण का आईजी बनाया गया था। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद फिलहाल रिक्त हो गया है, जिस पर जल्द ही किसी आईजी रैंक के अधिकारी की पदस्थापना किए जाने की संभावना है

---

अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ कार्रवाई

# अवैध रेत, पत्थर, मिट्टी एवं गिट्टी के उत्खनन और परिवहन में शामिल वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ खनिज विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत राजनांदगांव, बालोद, बलरामपुर और सरगुजा समेत कई जिलों में संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध रेत, पत्थर, मिट्टी एवं गिट्टी के उत्खनन और परिवहन में शामिल वाहनों को जब्त किया गया है। जुर्माना



लगाने के साथ ही वैधानिक कार्रवाई की गई। राजनांदगांव जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान अब तक अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के 52 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 18 लाख 95 हजार 600 रुपये का अर्थदंड वसूला गया है। इनमें अवैध उत्खनन के 9, परिवहन के 41 तथा भंडारण के 2 प्रकरण शामिल हैं।

### अवैध पत्थर उत्खनन मामले में मशीन जब्त

वहीं बालोद जिले के ग्राम कसही में अवैध पत्थर उत्खनन करते पाए जाने पर एक चेन माउंटेन (पीसी-130-7) मशीन को जब्त कर सील किया गया। संबंधित पक्ष वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत कार्रवाई प्रारंभ की गई है। बलरामपुर जिले में खनिज विभाग ने राजपुर क्षेत्र के ग्राम नरसिंहपुर और बसंतपुर में कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त एक टिपर जब्त किया।

---

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला, अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव रहे मीटिंग में मौजूद

# मप्र ने 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा की दिशा में उठाया बड़ा कदम, मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित प्री-बिड मीटिंग को वर्चुअली किया संबोधित

मध्यप्रदेश, स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक नए अध्याय की कर रहा शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सरकार ने 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत कर दी है। मप्र, स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है।

उन्होंने बताया कि दावोस में की गई घोषणा के अनुरूप प्रदेश, 24 घंटे हरित ऊर्जा देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए मप्र भवन नई दिल्ली में आयोजित प्री-बिड मीटिंग को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। नई दिल्ली में हुई बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव तथा विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

- **मध्यप्रदेश 24 घंटे हरित ऊर्जा देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है**
- **शाजापुर-नीमच सोलर पार्कों ने 2.14 प्रति यूनिट का सबसे कम टैरिफ अर्जित किया**



वर्चुअली संबोधित करते सीएम।

### मप्र का ट्रैक रिकॉर्ड सबसे बेहतर

मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना ने देश में सबसे कम सौर टैरिफ स्थापित कर भारत को वैश्विक पहचान दिलाई। शाजापुर-नीमच सोलर पार्कों ने 2.14 रूपए प्रति यूनिट का प्रदेश में सबसे कम टैरिफ अर्जित किया। हाल ही में मुरैना की 4 घंटे की स्टोरेज प्लस परियोजना के लिए 2.70 रूपए प्रति यूनिट पर पीपीए हुआ, यह देश की सबसे प्रतिस्पर्धी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में से एक है।

### ऊर्जा में आत्मनिर्भरता है हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केवल परियोजनाएं स्थापित करना नहीं, बल्कि हरित ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में मप्र को देश का अग्रणी राज्य बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना और सभी हितधारकों के संयुक्त प्रयास से 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा परियोजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हरित विकास की दिशा में ऐतिहासिक सिद्ध होगी। नई दिल्ली की प्री-बिड मीटिंग में टाटा पॉवर, रिलायंस एनर्जी, टोरेंट पॉवर, जिंदल रिन्युएबल, एनटीपीसी, अडानी ग्रीन्स, हिन्दुस्तान पॉवर, महिंद्रा सिस्टम आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मध्यप्रदेश है देश का सबसे निवेश मित्र राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को पारदर्शी नीतियां, त्वरित निर्णय और उत्कृष्ट अधोसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश-विदेश के निवेशकों से मध्यप्रदेश की ऊर्जा क्रांति के सहभागी बनने का अनुरोध किया।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# अविवाहित दिव्यांग बेटी को भी मिलेगा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन का अधिकार

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला देते हुए स्पष्ट किया है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की अविवाहित व आश्रित दिव्यांग पुत्री भी वर्ष 1972 के नियमों के तहत पेंशन की हकदार है। राज्य शासन महज एक परिपत्र के आधार पर इस वैधानिक अधिकार से वंचित नहीं कर सकता। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने छतरपुर निवासी कु. बबीता खत्री की याचिका स्वीकार करते हुए 18 दिसंबर, 2012 का अस्वीकृति आदेश निरस्त कर दिया।



याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुधा गौतम ने पक्ष रखा, जबकि राज्य की ओर से पैनल अधिवक्ता अंकिता खरे उपस्थित हुईं।याचिकाकर्ता 75 प्रतिशत दिव्यांग हैं। उनकी माता, जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी थीं, के निधन के बाद पेंशन बंद हो गई थी। छतरपुर कलेक्टर ने उनके पक्ष में अनुशंसा की थी, लेकिन राज्य शासन ने 2004 के परिपत्र का हवाला देकर दावा खारिज कर दिया।

## चरित्र पर शंका के चलते पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद

**जबलपुर**। अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी पति को दोषी करार देते हुए सत्र न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्र ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी सुशील उर्फ नारद कुशवाहा (41 वर्ष), निवासी पनागर को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी पाया है। इसके साथ ही उस पर 5,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है, जिसे न चुकाने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार, आरोपी सुशील कुशवाहा अपनी पत्नी रानू कुशवाहा और बच्चों के साथ बरेला थाना क्षेत्र के ग्राम काशी महगवां स्थित अपने ससुराल आया हुआ था। आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था और पूर्व में भी उसके साथ मारपीट कर चुका था। 22 जनवरी 2024 की सुबह करीब 10:00 बजे, जब रानू घर के किचन में सब्जी काट रही थी, तभी आरोपी सुशील ने हंसिया से उसके गले और गाल पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। गंभीर रूप से घायल रानू को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बरेला पुलिस ने मृतिका के भाई की शिकायत पर धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। न्यायालय ने सभी गवाहों के बयानों और चिकित्सकीय साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को इस जघन्य अपराध के लिए उम्रकैद की सजा से दंडित किया है।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की साधारण सभा संपन्न

## वरिष्ठजनों का सम्मान, बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहन और स्वास्थ्य जांच को लेकर बनी कार्ययोजना, 80 से अधिक सदस्यों ने लिया हिस्सा



**जबलपुर**। सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ की साधारण सभा की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में लगभग 80 से 85 सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता कर संगठन की गतिविधियों, सदस्यों के कल्याण और आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में संघ के सबसे वरिष्ठ सदस्य 81 वर्षीय भवानी शरण शुक्ला, 91 वर्षीय सीताराम तिवारी तथा 75 वर्षीय वीरेन्द्र जैन की गरिमामयी उपस्थिति विशेष आकर्षण रही। संघ ने 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान कर उनके लंबे सेवाकाल और अनुभवों के प्रति आदर व्यक्त किया। संघ के सचिव अशोक तिवारी ने वर्ष 2025-26 में आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा मेडिकल चेकअप, खेलकूद प्रतियोगिताएं तथा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के बच्चों, नाती-पोतों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किए गए। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। बैठक में आगामी वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। संघ ने 75 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों के सम्मान का भी निर्णय लिया है। सदस्यों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए वर्ष में तीन बार मेडिकल चेकअप कराने तथा जनवरी अथवा फरवरी माह में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। हाल ही में सेवानिवृत्त हुए 19 अधिकारियों एवं कर्मचारियों में से 11 ने संघ की सदस्यता ग्रहण की। इनमें महिला सदस्य पुष्पा जी, राजकुमार तिवारी, विनोद श्रीवास्तव, चौधरी जी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष डीएल तिवारी, चंद्रप्रकाश दुबे, सचिव अशोक तिवारी, अखिल वर्मा, सह कोषाध्यक्ष आलम सिंह, गोविन्द सुरैया, विनोद तिवारी सहित वरिष्ठ सदस्य अवधेश तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, जयंत टैंभरे, ओ.पी. परवार, राकेश तिवारी, सुशील चौहान और प्रदीप जैन उपस्थित रहे।

बैठक में सेवानिवृत्त डीएसपी सुनील नेमा को संगठन सचिव एवं मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में सह कोषाध्यक्ष आलम सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# कठौंदा में दो माह में तैयार होगी निगम की आधुनिक नर्सरी

## निगमायुक्त ने नर्सरी और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का किया निरीक्षण

**जबलपुर**। नगर निगम की अपनी आधुनिक नर्सरी विकसित करने की दिशा में कठौंदा में काम तेज हो गया है। गुरुवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कठौंदा स्थित निर्माणाधीन नर्सरी और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नर्सरी का निर्माण अगले दो माह में पूरा कर नागरिकों के लिए शुरू किया जाए। नर्सरी तैयार होने के बाद शहरवासियों को फलदार, छायादार, औषधीय तथा इनडोर-आउटडोर पौधे सस्ती दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। निगमायुक्त ने कहा कि इससे शहर में हरियाली बढ़ेगी और नगर निगम को बाहर से पौधे खरीदने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी।निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की कार्यप्रणाली भी देखी और कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आधुनिक तकनीक का बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। इस दौरान अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन, उद्यान अधिकारी मनीष तड़से सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कार्य समय-सीमा में पूरे करने के निर्देश

स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जल संरक्षण, पर्यावरण सुधार और शहर सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शासकीय भवनों, निगम परिसरों, उद्यानों और सार्वजनिक स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं सोकपिट निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। साथ ही शहर के कुओं, बावड़ियों और तालाबों की सफाई, गाद निकासी, सुरक्षा व्यवस्था और सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू किए जाएं। उद्यान विभाग को प्रमुख मार्गों, डिवाइडरों, पार्कों और खाली भूमि पर व्यापक पौधारोपण करने के निर्देश भी दिए गए।

## जबलपुर की शान्वी राकेश ने राष्ट्रीय पेनचक सिलाट चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण व कांस्य पदक

**जबलपुर**। शहर की 9 वर्षीय खिलाड़ी शान्वी राकेश ने नासिक में 25 से 28 जून 2026 तक आयोजित 14वीं राष्ट्रीय पेनचक सिलाट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। शान्वी ने टैंडिंग वर्ग में स्वर्ण पदक तथा सोलो वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जबलपुर, मध्यप्रदेश और अपने परिवार का गौरव बढ़ाया। टैंडिंग वर्ग के सेमीफाइनल में उन्होंने पुदुचेरी की खिलाड़ी को तथा फाइनल में महाराष्ट्र की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। शान्वी की इस सफलता में उनके प्रशिक्षक विशाखा और कान्हा के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शान्वी ने साबित किया कि प्रतिभा और मेहनत के बल पर कम उम्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उनकी इस सफलता पर खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।





# जबलपुर में इंडियन कॉफी हाउस की नई शाखा शुरू

**एसपी ऑफिस परिसर में मिलेगा शुद्ध शाकाहारी भोजन**

**जबलपुर**। इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड द्वारा संचालित इंडियन कॉफी हाउस की नई शाखा का शुभारंभ जबलपुर रेलवे स्टेशन के समीप एसपी ऑफिस परिसर में किया गया। शुद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रमोद वर्मा (आईपीएस) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल जाखड़, पल्लवी शुक्ला सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. ओ.के. राजगोपालन ने बताया कि नई शाखा से पुलिस कर्मियों, उनके परिवारों, आसपास के रहवासियों और यात्रियों को इंडियन कॉफी हाउस की प्रसिद्ध कॉफी एवं शुद्ध शाकाहारी व्यंजन आसानी से उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 1958 में स्थापित यह सहकारी संस्था आज देश के 11 राज्यों में 195 से अधिक शाखाओं का संचालन कर रही है। रेस्टोरेंट में दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय और चाइनीज शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि संस्था गुणवत्तापूर्ण भोजन, रोजगार सृजन और सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार अपने विस्तार की दिशा में कार्य कर रही है।

# ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल में इटली की शिक्षिका जियाडा निकोला ने संभाला कार्यभार

**जबलपुर**। ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल में इटली की शिक्षिका जियाडा निकोला ने औपचारिक रूप से अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी हैं। विद्यालय के चेयरमैन एवं अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद डॉ. अनुराग सोनी ने उनका स्वागत किया। जियाडा निकोला विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी भाषा के साथ-साथ रोबोटिक्स का प्रशिक्षण देंगी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य छात्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर की अंग्रेज़ी बोलने की क्षमता, सही उच्चारण और वैश्विक मंच के अनुरूप आत्मविश्वास विकसित करना है। डॉ. अनुराग सोनी ने बताया कि ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल वैश्विक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और पिछले वर्षों में 100 से अधिक विदेशी शिक्षक एवं शिक्षा विशेषज्ञ विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि जियाडा निकोला के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय अंग्रेज़ी संप्रेषण कौशल, आधुनिक तकनीकी ज्ञान और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा का लाभ मिलेगा।





# सिंधी विद्या समिति स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**जबलपुर**। स्वर्गीय किशोर बचवानी की पुण्यतिथि के अवसर पर सिंधी विद्या समिति स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष सोनू बचवानी ने बताया कि विद्यालय की स्थापना आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी और आज भी उसी सेवा-भाव से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारकाधीश बंसल ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अनुशासन, परिश्रम और उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भी विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, डीआरएम कमल कुमार तलरेजा, प्राचार्य राधा कश्यप, उप प्राचार्य अंकित विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। समारोह में 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाली छात्रा अक्षांशा सहित अन्य मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## सरकारी अस्पतालों में दवाओं के लिए गुणवत्ता नियंत्रण प्रमाणपत्र अनिवार्य करने की मांग

**जबलपुर**। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं शासकीय डिस्पेंसरियों में वितरित होने वाली प्रत्येक दवा के लिए मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला का क्वालिटी कंट्रोल (क्यूसी) प्रमाणपत्र अनिवार्य किए जाने की मांग की है। संगठन ने कहा कि समय-समय पर सरकारी आपूर्ति की दवाओं के गुणवत्ता परीक्षण में असफल पाए जाने के मामले सामने आते हैं, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की विश्वसनीयता पर असर पड़ता है। ज्ञापन में प्रत्येक दवा का बैच नंबर, निर्माण एवं समाप्ति तिथि तथा गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट अस्पतालों में उपलब्ध कराने, दोषपूर्ण दवा मिलने पर संबंधित गुणवत्ता परीक्षण एजेंसी का पंजीकरण निरस्त करने, आर्थिक दंड लगाने तथा दोषी निर्माता, आपूर्तिकर्ता और एजेंसियों को शासकीय निविदाओं से प्रतिबंधित करने की मांग की गई है। इस अवसर पर डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी, एडवोकेट भावना निगम, एडवोकेट आशीष त्रिपाठी, एडवोकेट आशुतोष चतुर्वेदी, डॉ. कमल विश्वास, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. प्रियांशु दीक्षित, डॉ. अशोक मेथवानी, एडवोकेट रोशन मंध्यानी एवं डॉ. श्रीकांत साहू उपस्थित रहे।

## श्री राम कॉलेज के प्राध्यापक प्रमोद रजक को गणित में पीएचडी की उपाधि

**जबलपुर**। श्री राम कॉलेज के गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रमोद रजक को रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल से गणित विज्ञान संकाय के अंतर्गत पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने स्टडी ऑफ एक्सिस्टेंस एंड यूनीकनेस ऑफ फिक्स्ड प्वाइंटस विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोध कार्य डॉ. भावना अग्रवाल एवं डॉ. संजीत कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस उपलब्धि पर श्री राम कॉलेज प्रबंधन, सहकर्मियों, मित्रों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। कॉलेज प्रबंधन ने विश्वास जताया कि गणित के क्षेत्र में उनका शोध आने वाले शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा।



## जबलपुर क्लब चुनाव संपन्न, कैलाश मलगानी अध्यक्ष व अचल सिंह गौर सचिव निर्वाचित

**जबलपुर**। जबलपुर क्लब के वर्ष 2026-27 के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह मंगी ने परिणाम घोषित किए। अध्यक्ष पद पर कैलाश मलगानी 'डब्बू' ने 181 मत प्राप्त कर मनोज चौरसिया (123) को 58 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर कमलेश रावत ने 166 मतों के साथ विनीत भोला 'राजू' (138) को हराया। सचिव पद पर अचल सिंह गौर ने 159 मत हासिल कर राजेश पाण्डेय 'लड्डू' (153) को 6 मतों से मात दी, जबकि सहसचिव पद पर दीपक शर्मा ने 171 मत प्राप्त कर सुभाषचंद अग्रवाल (121) को 50 मतों से पराजित किया। प्रबंधकारिणी समिति में रविन्दर भाटिया, विनय 'बंटू' चौरसिया, मनोज पाटकर, संजय अग्रवाल और धीरज श्रीवास्तव निर्वाचित हुए।

## राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है खेल पत्रकारिता : नित्यानिरंजन खंपरिया

**संगोष्ठी का आयोजन, खेल पत्रकारों एवं खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

# खेल पत्रकारिता में अनुरोध पटैरिया सम्मानित






**जबलपुर**। खेल पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हितकारिणी महिला महाविद्यालय एवं महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र निर्माण में खेल पत्रकारिता की भूमिका : चुनौतियां, अवसर और भविष्य विषय पर संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्यानिरंजन खंपरिया, अध्यक्षता शासी निकाय के अध्यक्ष हर्ष जैन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्रा, हितकारिणी विद्यापरिषद के मंत्री जयेश राठौर तथा सारस्वत अतिथि डॉ. निलेश पांडे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नित्यानिरंजन खंपरिया ने कहा कि खेलों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में खेल पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियों को निष्पक्ष, निर्भीक और प्रभावी लेखनी के माध्यम से समाज तक पहुंचाना खेल पत्रकारों का महत्वपूर्ण दायित्व है। वहीं डॉ. प्रशांत मिश्रा ने कहा कि खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन और उनकी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में खेल पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगोष्ठी में शहर के वरिष्ठ खेल पत्रकारों एवं खेल संपादकों ने खेल पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियों, अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वरिष्ठ खेल पत्रकार अनुरोध पटेरिया, आलोक बैनर्जी, राजेंद्र मिश्रा, प्रवीण अग्रहरि, अंशु अवस्थी, पीयूष श्रीवास्तव, ज्ञानी रजक, लाली कोष्ठा एवं राजेंद्र पांडे का सम्मान किया गया। साथ ही वर्ल्ड योगासन चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रणव साहू, रिया और दीपा लोधी के साथ उनके प्रशिक्षक शिवम गुप्ता एवं देवेंद्र मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हॉकी से जुड़े लड्डू यादव, राकेश श्रीवास, राजेशकांत सोनकर, शानू यादव, टिन्नी भाई, नागेश राव, विचार विभाग के अरविंद कुशवाहा, महाविद्यालय के उपप्राचार्य, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन**

मैं अमित कुमार अग्रवाल, Amit Kumar Agrawal पिता- श्याम कुमार अग्रवाल Shyam Kumar Agrawal यह कथन करता हूँ कि मेरी दसवीं की मार्कशीट में मेरा नाम अमित अग्रवाल Amit Agrawal तथा पिता का नाम श्याम कुमार अग्रवाल Shyam Ku. Agrawal लिखा है, जो गलत है। मेरे अन्य शासकीय दस्तावेज जैसे आधारकार्ड, पैन कार्ड, बैंक आदि में मेरा नाम अमित कुमार अग्रवाल Amit Kumar Agrawal अंकित है, जो सही है। अतः मुझे आगे से अमित कुमार अग्रवाल नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

गलत नाम- अमित अग्रवाल Amit Agrawal

सही नाम- अमित कुमार अग्रवाल Amit Kumar Agrawal

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15732840M Rank HAV Name VIJAYAN J S/O T JAYAPALAN OF UNIT THE RECORDS SIGNALS, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 7327 8964 8639 I, have changed name and date of birth of my MOTHER from name V RAMADEVI and date of birth 19/06/1965 (Name and date of birth as per my Army Service Records) to name V REMADEVI and date of birth 18/06/1965 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 2035 4284 3985) vide affidavit dated 01/07/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME-V REMADEVI
INCORRECT NAME-V RAMADEVI
CORRECT DATE OF BIRTH 18/06/1965
INCORRECT DATE OF BIRTH 19/06/1965

**नाम परिवर्तन**

मैं योगेश राय पिता स्वर्गीय श्री हरप्रसाद राय निवासी एमआईजी 119 अवधपुरी कॉलोनी गणेश मंदिर के पास ग्वारीघाट जबलपुर मध्य प्रदेश यह घोषणा करता हूं कि पहले मेरा नाम योगेश राय दर्ज था. जिसे बदलकर योगेश कुमार राय से जाना पहचाना जाए।

पूर्व नाम योगेश राय
पिता स्वर्गीय श्री हरप्रसाद राय
परिवर्तित नाम योगेश कुमार राय
पिता स्वर्गीय श्री हरप्रसाद राय

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS RIYAZUDDIN I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS RIYAZUDDIN ANSARI S/O HAFIZ KHALEEL RESIDENT- OF 682/2, NAI BASTI GOHALPUR, DR. ZAKIR HUSSAIN WARD, JABALPUR (M. P.) 482001.

**CHANGE OF NAME**

I, ARUNA PK (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No 15732840M Rank HAV Name VIJAYAN J presently, residing at VILL - PIRAYIRI, PO - THIRUNELLAYI, TEH-PALAKKAD, DISTT- PALAKKAD (KERALA)- 678004 I, have changed of my name from ARUNA PK (Name as per my Husband, Army service records) to ARUNA P K (name as per my AADHAR CARD NO. 6401 7692 5487, PAN CARD NO. FCCPK6497Q) vide affidavit dated 01/07/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)


CORRECT NAME -ARUNA PK
INCORRECT NAME-AURNA PK

चुनाव आयोग पहुंचा टीएमसी का बागी गुट

# मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर चुनाव चिन्ह पर जताया अपना हक, 2 तिहाई से भी अधिक विधायक, जिला परिषद के सदस्य और कई पार्षद हमारे साथ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बेनर्जी टीएमसी के 10 विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल साथ गुरुवार को चुनाव आयोग से मिले। यह मुलाकात पार्टी निधि के



स्वामित्व को लेकर थी। प्रतिनिधिमंडल मुख्यालय में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सहित पूर्ण पीठ से मिला। आयोग से ऋतब्रत ने कहा कि जून की 22 तारीख को कोलकाता में हमारा एक प्रतिनिधि सत्र आयोजित हुआ था।

## जल्द फैसले की उम्मीद जताई



बागी नेता ऋतब्रत बेनर्जी

ऋतब्रत ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से निवेदन किया था कि वे जितने भी सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल को अनुमति देंगे, हम यहां आकर पूरी बेंच से मुलाकात करेंगे। हम चुनाव आयोग को धन्यवाद देना चाहते हैं कि चुनाव आयोग की पूरी बेंच ने हमसे मुलाकात की। हम उम्मीद करते हैं कि आयोग जल्द ही हमसे संपर्क करेगा।उन्होंने आगे कहा कि हम ही ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस हैं। दो तिहाई से भी ज्यादा विधायक, जिला परिषद के सदस्य, पार्षद आदि सभी हमारे साथ है। ऐसे में (टीएमसी के चुनाव चिन्ह को लेकर) मांग की कोई बात ही नहीं है। जब भी पार्टी में इस तरह का सत्र होता है तो चुनाव आयोग को इसके बारे में तुरंत सूचित किया जाना चाहिए।

### पार्टी सिंबल की मांग की

टीएमसी नेता शुभाशीष दास आयोग से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि मैं प्रतिनिधिमंडल के साथ था। हमारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश के साथ बैठक हुई। हमें जो कहना था, वह हमने उन्हें बता दिया है और उन्होंने उसे नोट कर लिया है बाद में वे हमें स्थिति के बारे में बताएंगे। हमने पार्टी के चुनाव चिह्न की मांग की।

## टीएमसी नेता शौकत के बेटे के कैफे पर चला बुलडोजर

टीएमसी नेता शौकत मोल्ला के बेटे के कैफे को गुरुवार को जिला प्रशासन ने बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया।



आरोप है कि सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर यह कैफे बनाया गया था। यह कैफे बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में था। सरकारी अफसरों ने दावा किया कि शौकतके परिवार को इस बारे में कई बार नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में कहा गया था कि इस अवैध निर्माण को हटा लिया जाए।

कलकत्ता उच्च न्यायालय बोला

## निजी बैंक टीएमसी के खातों में जमा राशि की जानकारी दें

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने टीएमसी के ममता बेनर्जी नीत धड़े की याचिका



पर सुनवाई करते हुए निजी बैंक के अधिकारियों को पार्टी के खातों में जमा राशि की जानकारी देने का निर्देश दिया। गुट ने पार्टी के बैंक खातों से लेन-देन पर लगी रोक को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने अगली सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया।

## खबर संक्षेप

### लोककला 'पिडिया-लेखन' को जीआई

**पटना।** बिहार की पारंपरिक लोककलाओं में शामिल पिडिया-लेखन अब नई पहचान के साथ



देश और दुनिया के सामने आ रही है। हाल ही में इस कला को जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग मिलने के बाद इसकी सांस्कृतिक अहमियत और बढ़ गई है। इस उपलब्धि के पीछे वर्षों की मेहनत करने वाली कलाकार विनीता कुमारी भी चर्चा में हैं।

### पूर्व जज को धमकी, जांच रिपोर्ट को गोपनीय रखें

**मुंबई।** केंद्र और मुंबई पुलिस ने पूर्व न्यायाधीश गौतम पटेल को 2024 के दाऊदी बोहरा उत्तराधिकार



फैसले को लेकर जान से मारने की कथित धमकियों की जांच से जुड़ी अपनी रिपोर्ट मुंबई उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की। इन्हें गोपनीय रखने का आदेश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अनखड की खंडपीठ ने आदेश दिया।

### 3 पूर्व मंत्री, अन्नाद्रमुक नेता टीवीके में शामिल

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. सी. विजयभास्कर, एमआर विजयभास्कर और एमए



एम आनंदन अपने-अपने समर्थकों के साथ गुरुवार को मामल्लापुरम में आयोजित एक कार्यक्रम में सत्तारूढ़ तमिलगा वेट्री कषगम में शामिल हो गये। अन्नाद्रमुक के ये नेता टीवीके के महासचिव एन. आनंद की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए।

### बंगाल में प्रबोधन का आज उद्घाटन करेंगे बिरला

**कोलकाता।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शुक्रवार को बंगाल विधानसभा के नवनिर्वाचित



विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान और बंगाल विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम न्यू टाउन स्थित 'विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर' में होगा।

### शाह का ओडिशा का 3 दिवसीय दौरा स्थगित

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीन जुलाई से प्रस्तावित ओडिशा का 3 दिनी य दौरा नयी



दिल्ली में आधिकारिक व्यस्तताओं के कारण स्थगित कर दिया गया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा कि दिल्ली में कुछ व्यस्तताओं के कारण शाह का ओडिशा दौरा स्थगित कर दिया गया है। दौरे की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

## मानसून का रौद्र रूप : मुंबई, हिमाचल और जम्मू में आफत

कोंकण क्षेत्र, गोवा और दक्षिण गुजरात में रेड अलर्ट

# मुंबई भारी बारिश से पानी-पानी सब अस्त-व्यस्त, सड़कें 'जाम'

## उत्तराखंड, हिमाचल में मलबा घर में घुसा



मुंबई। गाड़ी पर गिरा पेड़

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश यादव के मुताबिक मानसून जल्द ही पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात के पश्चिमी तट के कुछ हिस्सों सहित अतिरिक्त क्षेत्रों को कवर करेगा। उन्होंने कहा कि 4-5 दिन में कोंकण क्षेत्र, गोवा और दक्षिण गुजरात में अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना है और इन क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। ओडिशा और मध्य भारत में भी बहुत भारी वर्षा के आसार हैं। मुंबई के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण गंभीर समस्या की खबर है। जलभराव के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तस्वीरों में वाहनों की लंबी कतार देखी गई। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में 2 जगह बादल फटने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। हिमाचल के लाहौल-स्पीति और चंबा में तीन जगह बादल फटने की घटनाएं सामने आईं। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के लिए हैली सेवा स्थगित करनी पड़ी है और देहरादून के जौलीग्रांट हवाईअड्डे से चार उड़ानों को दूसरी जगहों पर भेजना पड़ा है।

मुंबई के अलावा उत्तराखंड में मानसून की तेज बारिश अब आफत बन रही है। चमोली जिले के ज्योतिर्मठ क्षेत्र में मलबा कुछ घरों में भारी मलबा घुस गया। एक अन्य पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भी बारिश का कहर दिख रहा है। हिमाचल प्रदेश में मानसून की शुरुआत के साथ भारी बारिश और भूस्खलन से कई जिलों में व्यापक नुकसान हुआ है। लाहौल-स्पीति में दो और चंबा में एक स्थान पर बादल फटने से सड़कें, फसलें और संपर्क मार्ग प्रभावित हुए। मंडी जिले में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।



### उत्तराखंड के 5 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

उत्तराखंड के पांच जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बाकी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक फिलहाल बारिश से निजात मिलने के आशार नहीं है। कई इलाकों में भूस्खलन के खतरों को लेकर भी आगाह किया गया है।

### मुंबई के मेनहोल में गिरे एक और शख्स की मौत



मुंबई में साकीनाका पुलिस स्टेशन के इलाके में खुले मेनहोल में एक वरिष्ठ शख्स गिर गया। एजेंसियां शव की तलाश में जुटी हैं। खैरानी रोड पर पानी की निकासी वाली ग्रिल की मरम्मत का काम चल रहा था। 60 साल के असलम इसाक शेख नाम का एक पैदल यात्री गलती से खुले पड़े मैनहोल में गिर गया।

### बीएमसी ने 4 अफसरों को सस्पेंड किया मेयर भी नाराज, 10 लाख रु. मुआवजा

इस दर्दनाक हादसे पर मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने बीएमसी प्रशासन के ढीले रवैये पर कड़ा गुस्सा जाहिर किया है। मेयर



ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। 2 साल पहले ही मैनहोल पर जाली लगाने का ठेका दे दिया गया था। अब रेड अलर्ट में काम क्यों किया जा रहा था? मेयर ने पीड़ित परिवार के लिए 10 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया है। बीएमसी ने ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। बीएमसी के 4 जिम्मेदार अधिकारियों को सस्पेंड किया है।

### उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 4 से 6 जुलाई के दौरान बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में 6 जुलाई तक बारिश होने की संभावना है। उत्तराखंड में भी मानसून पहुंच चुका है। यहां 2 से 6 जुलाई के दौरान बारिश होने की पूरी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है और 3 जुलाई के आसपास इन इलाकों में मानसून यहां और सक्रिय रहने की संभावना है। महाराष्ट्र के 2-3 जुलाई और दक्षिण गुजरात में 3 और 4 जुलाई को कहीं कहीं बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

आंध्र प्रदेश में औपचारिक शुरुआत

## चौहान और नायडू ने वीबी जी राम-जी योजना के कार्ड बांटे



### सूचना पुस्तिका का विमोचन भी किया

एजेंसी ▸▸ अमरावती

तिरुपति। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को तिरुपति जिले में वीबी जी राम जी योजना की औपचारिक रूप से शुरुआत की। विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 बुधवार से पूरे देश में लागू हो गया। इस कानून के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी आधारित रोजगार का वैधानिक अधिकार मिलेगा। चौहान ने कहा कि पहले 100 दिन रोजगार की गारंटी थी, जबकि विकसित भारत-जी राम जी योजना में इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। यह केवल रोजगार के दिनों में बढ़ोतरी नहीं, बल्कि गरीबों के प्रति सरकार की सोच में बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि योजना लागू होने के पहले ही दिन देशभर में लाखों मजदूरों को काम मिला है।

सीएम नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और चौहान ने रेलवे ओबुलावरिपल्ले मंडल के मुक्कावरिपल्ले गांव में वीबी जी-राम-जी कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर नायडू, चौहान एवं पवन कल्याण ने लाभार्थियों को वीबी जी-राम-जी कार्ड वितरित किए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी वाली सूचना पुस्तिका का भी विमोचन किया। बाद में मुख्यमंत्री नायडू और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीबी जी-राम-जी पोर्टल की भी शुरुआत की।

### हर हाथ को काम, हर पेट को रोटी' का संकल्प

चौहान ने संबोधन की शुरुआत 'नमः वेंकटेश्वराय' और 'गोविंदा-गोविंद' के जयकारों के साथ की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी योजना गरीबों और मजदूरों के लिए भगवान का आशीर्वाद है। प्रधानमंत्री का संकल्प है हर हाथ को काम और हर पेट को रोटी मिले। कोई भी मजदूर बिना रोजगार के न रहे।

### मनरेगा से आगे बढ़ी नई योजना

मंत्री चौहान ने कहा कि पहले मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार की गारंटी थी, जबकि विकसित भारत-जी राम जी योजना में इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल रोजगार के दिनों में बढ़ोतरी नहीं, बल्कि गरीबों के प्रति सरकार की सोच में बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि योजना लागू होने के पहले ही दिन देशभर में लाखों मजदूरों को काम मिला है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय का फैसला

## 52 आपराधिक मामले वापस लेने के फैसले पर लगाई रोक

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राज्य मंत्रिमंडल के उस फैसले पर रोक लगा दी जिसके तहत 52 आपराधिक मामलों में मुकदमा वापस लिया जाना था। इनमें 2022 के अलंद लाडले मशक दरगाह दंगे से जुड़े मामले भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति केएस हेमलेखा की पीठ ने प्रथम दृष्टया पाया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमे वापस लेने के लिए राज्य द्वारा सीआरपीसी की धारा 321 का इस्तेमाल करना, उच्च न्यायालय के पहले के आदेश का उल्लंघन है। राज्य सरकार और अभियोजन को नोटिस जारी किया और 2 सप्ताह के में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। वकील गिरिश भारद्वाज ने अदालत में याचिका दायर करके 27 मई के उस सरकारी आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया था।

आयुष को वैश्विक पहचान की तैयारी

## सरकार और उद्योग जगत ने तैयार किया रोडमैप, लक्ष्य तय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत को आयुष क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण मंथन बैठक आयोजित की। बैठक में नवाचार, गुणवत्ता, निर्यात और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने व्यापक रोडमैप पर चर्चा की। यह विमर्श आयुष मंत्रालय और आयुष एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। बैठक में मुक्त व्यापार समझौतों से मिलने वाले अवसरों, आयुष उत्पादों की वैश्विक ब्रांडिंग, निर्यात को बढ़ावा देने, गुणवत्ता मानकों, वैश्विक अनुपालन, वैज्ञानिक प्रमाण, नवाचार तथा चुनौतियों पर चर्चा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य निर्यात बढ़ाना नहीं, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारतीय ब्रांड तैयार करना है।

डीजीपी के पास पहुंची रिपोर्ट, सियासत गरमाई

सरकारी कार्यों की गोपनीयता पर संकट

## विजय की कैबिनेट मीटिंग में 'गोपनीय' लोगों का 'बेवजह' प्रवेश अनुचित

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु के सीएम सी जोसेफ विजय के आसपास मंडराने वाले लोग कौन हैं? उनकी जिस तरह से सरकार से लेकर टीवीके के संगठन तक में सुलभ एंट्री है, इससे सरकारी कार्यों की गोपनीयता पर किसी तरह का संकट है। ये सियासी गलियारों में अब यह गंभीर चर्चा का मुद्दा बन चुका है। विजय के आसपास रहने वालों में उनके राजनीतिक सलाहकारों के अलावा फिल्मों के मैनेजर, प्रोडक्शन कंट्रोलर, कैंपेन स्ट्रैटेजिस्ट, पत्रकार, कारोबारी के अलावा लंबे समय से वफादारी निभा रहे लोग शामिल हैं।



### डीएमके ने की शिकायत

डीएमके की ओर से इस संबंध में तमिलनाडु के डीजीपी के पास 30 जून को औपचारिक शिकायत की गई है और जॉन अरोकिआसामी और विष्णु रेड्डी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

**ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट का उल्लंघन :** शिकायत में कहा गया कि इस तरह से अनिधिकृत लोगों का अहम और गोपनीयता वाली जगहों पर मौजूद होना ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट और अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन है। सीएम गोपनीयता से बंधे हुए हैं और सरकारी कार्यों की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है।

पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने दिए सकारात्मक संकेत

# तेल की कीमतें गिरीं, फ्यूल के दाम घटाने पर करेंगे विचार

## कंपनियां एशिया संकट के दौरान खरीदे गए कच्चे तेल को तैयार कर रहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम घट सकते हैं। पुरी ने कहा कि तेल कीमतों के कुछ सप्ताह तक निचले स्तर पर बने रहने पर पेट्रोल-डीजल के दाम में कटौती पर विचार करना उचित होगा। अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम घटे हैं लेकिन कंपनियां अब भी पश्चिम एशिया संकट के दौरान खरीदे गए कच्चे तेल का ही प्रोसेसिंग कर रही हैं। पुरी ने बताया कि 30 जून की अवधि तक पेट्रोल-डीजल और एलपीजी को लागत से कम दाम पर बेचने की वजह से पेट्रोलियम कंपनियों को 74,781 करोड़ का नुकसान हुआ है।

### कटौती का दौर शुरू



पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण कटौती का दौर शुरू हो गया है। 1 जुलाई को विमान ईंधन और कॉमर्शियल एलपीजी की कीमतों में कटौती की गई। निजी ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल के दाम घटाए, जो दो साल से अधिक समय में उसकी पहली कटौती है।

**तेल कंपनियों पर टिकी निगाहें**

अब सरकारी तेल कंपनियों पर निगाहें हैं। इंडियन ऑयल और एचपी जैसी कंपनियां कब तक पेट्रोल-डीजल के दाम घटाती हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड अहम हैं।

### अप्रैल-मई में खरीदे गए ईंधन की प्रोसेसिंग हो रही

कंपनियां ईंधन उत्पादन के लिए कच्चा तेल आमतौर पर कम-से-कम दो महीने पहले खरीदती हैं। ऐसे में वर्तमान में जिस कच्चे तेल का प्रोसेसिंग हो रहा है, वह मुख्य रूप से अप्रैल या मई की शुरुआत में खरीदा गया था जब कीमतें काफी ऊंची थीं। जून के दूसरे पखवाड़े से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आनी शुरू हुई है। पुरी ने कहा कि कंपनियां ईंधन उत्पादन के लिए कच्चा तेल आमतौर पर कम-से-कम दो महीने पहले खरीदती हैं। अप्रैल या मई की शुरुआत में खरीदा गया था।

दौसा सड़क हादसा

## जले शवों की पहचान को डीएनए रिपोर्ट का इंतजार कर रहे लोग

एजेंसी ▸▸ दौसा

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण बस हादसे के बाद भी कई परिवारों का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। जिला



अस्पताल में परिजन शवों की पहचान के लिए डीएनए रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। किसी को पिता का अंतिम दर्शन करना है तो किसी को पत्नी या बेटी के शव की पहचान का इंतजार है। अस्पताल परिसर में हर वाहन के पहुंचते ही परिजनों की निगाहें उसी ओर उठ रही हैं।

### 12 विसरा सैंपल जयपुर लैब भेजे गए

हादसे में कई शव इतनी बुरी तरह जल गए कि उनकी पहचान संभव नहीं हो सकी। कुछ शव कई हिस्सों में बंट गए थे। ऐसे में जिला प्रशासन ने पहचान के लिए 12 विसरा सैंपल डीएनए जांच हेतु जयपुर स्थित एफएसएल भेजे हैं। कलेक्टर सौम्या झा ने बताया कि परिजनों के रक्त नमूने भी लिए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सुजुकी मोटरसाइकिल की बिक्री में 21 फीसदी इजाफा




**मुंबई।** जापान की दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी सुजुकी इंडिया की जून में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 1,15,030 इकाई हो गई। कंपनी ने जून 2025 में कुल 95,244 दोपहिया वाहन बेचे थे। घरेलू बिक्री 23 प्रतिशत बढ़कर 91,264 इकाई रही, जो एक वर्ष पहले इसी महीने 73,934 इकाई थी।

### एनबीसीसी ने 955 करोड़ रुपए के निर्माण ठेके दिए



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के लिए 955.13 करोड़ रुपये के ठेके दिए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के दौरान उसने 955.13 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों के ठेके प्रदान किए।

### जी एंटरटेनमेंट वारंट जारी कर 3143 करोड़ जुटाएगी




**नई दिल्ली।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने प्रवर्तक समूह की इकाई को पूर्ण परिवर्तनीय वॉरंट जारी कर 3,143.51 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 126 रुपये प्रति वॉरंट के निर्गम मूल्य पर 24.95 करोड़ तक पूर्ण रूप से परिवर्तनीय वॉरंट जारी करने की मंजूरी दी है।

### रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ 95.34 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को अपनी शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख सका और 18 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.34 (अस्थायी) पर रहा। हेजिंग करने वालों की मजबूत डॉलर मांग भारी पड़ गई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण अमेरिकी डॉलर में आई रात भर की कमी से भारतीय रुपया बढ़त के साथ खुला।

### आईनॉक्स एनर्जी में किया अदार पूनावाला ने निवेश




**नई दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी लिमिटेड को अदार पूनावाला फैमिली ऑफिस से 700 करोड़ रुपये का निवेश मिला है। आईनॉक्स क्लीन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि इससे पहले कैलिफोर्निया पब्लिक एम्प्लॉईज रिटायरमेंट सिस्टम ने वित्त पोषण के पिछले दौर में करीब 800 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

### एपीजे सुरेंद्र पार्क को 41 करोड़ का आयकर नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** द पार्क और फ्लूरिज जैसे ब्रांड के स्वामित्व वाली एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड को आयकर विभाग से वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज सहित 41.06 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस जारी किया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह आदेश विस्तृत जांच के बाद किए गए आकलन से संबंधित है और इसमें आयकर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत कुछ आय को जोड़ा गया तथा कुछ व्यय को अस्वीकृत किया गया है।

# ‘आईटीसी’ कोला मार्केट में वैश्विक दिग्गज कंपनियों को चुनौती देने उतरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक (कोल्ड ड्रिंक) बाजार में मुकाबला तेज हो गया है। अब आईटीसी ने भी प्रीमियम शुगर-फ्री कोला लांच कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरह कोका -कोला और पेप्सी जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों को चुनौती देने की तैयारी कर ली है।


- रिलायंस की तरह कोकाकोला और पेप्सी को चुनौती देने की तैयारी

आईटीसी ने अपने बी नेचरल बेवरेज ब्रांड के तहत कोकोनट कोला पेश किया है। यह ड्रिंक नारियल पानी से तैयार की गई है। फिलहाल कंपनी इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेच रही है। इसके बाद इसे पूरे देश में लांच किया जाएगा। कंपनी की नजर भारत के तेजी से बढ़ रहे डाइट कोला सेगमेंट पर है।

## आईटीसी ने प्रीमियम शुगर-फ्री कोला बाजार में लांच कर दिया

### कीमत में किसका कितना मुकाबला?

आईटीसी ने अपनी 250 मिलीलीटर कोकोनट कोला की कीमत 60 रुपए रखी है। वहीं डायट कोक और पेप्सी ब्लैक शुगर की 300 मिलीलीटर कैन 40 रुपए में मिलती है। कुछ बाजारों में इनके 10 और 20 रुपए वाले पैक भी उपलब्ध हैं। दो साल पहले रिलायंस ने कैम्पा ब्रांड को दोबारा लांच कर 200 मिलीलीटर की बोतल सिर्फ 10 रुपए में बेचकर कीमतों की जंग छेड़ दी थी। इसके बाद दूसरी कंपनियों को भी कीमतें घटानी पड़ीं, जिससे पूरे बेवरेज बाजार पर असर पड़ा।



### हेल्दी ड्रिंक्स की बढ़ रही है मांग

देश में शुगर-फ्री और कम चीनी वाले पेय पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोग अब पहले के मुकाबले हेल्दी विकल्प चुन रहे हैं। इसका असर कार्बोनेटेड और नॉन-कार्बोनेटेड दोनों तरह के ड्रिंक्स पर दिख रहा है। उदाहरण के तौर पर, पेप्सी की बॉटलिंग पार्टनर वरूण बेवरेज ने मार्च तिमाही में बताया कि उसकी कुल बिक्री का 63 प्रतिशत हिस्सा लो-शुगर और नो-शुगर ड्रिंक्स से आया।

### नए फ्लेवर और वैरिएंट लाएगी आईटीसी

आईटीसी आने वाले समय में अपने कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पोर्टफोलियो में नए फ्लेवर और वैरिएंट जोड़ने की तैयारी कर रही है। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव पुरी ने कहा कि आईटीसी नए फ्लेवर, अलग-अलग वैरिएंट और विभिन्न पैक साइज के जरिए अपने बेवरेज कारोबार का विस्तार करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी ई-कॉमर्स, मॉडर्न ट्रेड और पारंपरिक रिटेल चैनलों के जरिए बिक्री बढ़ाने पर जोर देगी। उनका कहना है कि भारत का बेवरेज बाजार बहुत बड़ा है और आईटीसी का फोकस प्रीमियम सेगमेंट पर रहेगा।

## सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश की रफ्तार तेज की

# विनिवेश ने पकड़ी रफ्तार, पहली तिमाही में बजट लक्ष्य का 31 प्रतिशत राजस्व जुटाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की रफ्तार तेज कर दी है और पहली तिमाही में ही समूचे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का करीब 31 प्रतिशत जुटा लिया है। यह किसी भी वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विनिवेश प्रक्रिया की अब तक की सबसे तेज प्रगति मानी जा रही है।

सरकार मई के मध्य से जून के बीच लगभग हर सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी (पीएसयू) में हिस्सेदारी बेचने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) लेकर आई। इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के छह प्रतिष्ठानों में हिस्सेदारी बेचकर सरकार ने कुल 18,561 करोड़ रुपये जुटाए।

### इनविट के जरिए 6,367 करोड़ प्राप्त हुए

यह हिस्सेदारी बिक्री सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कोल इंडिया, एनएचपीसी, एनएलसी इंडिया, जीआईसी और आईआरएफसी में की गई। इसके अलावा, अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) के जरिये परिसंपत्तियों को बाजार पर चढ़ाने से भी 6,367 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इस तरह विनिवेश एवं मौद्रीकरण के जरिये अब तक कुल 24,928 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में इसके लिए 80,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है।

**विनिवेश प्रक्रिया की अब तक की सबसे तेज प्रगति मानी जा रही**

**मई के मध्य से जून के बीच हर सप्ताह एक ओएफएस लेकर आई**

**छह पीएसयू में हिस्सेदारी बेचकर कुल 18,561 करोड़ रुपए जुटाए**

### अल नीनो का मानसून पर असर पड़ने की चिंता

दूसरी ओर, राजस्व और पूंजीगत व्यय क्रमशः 15.3 प्रतिशत और 20.5 प्रतिशत रहा। सरकार के सामने उर्वरक सब्सिडी के लगभग दोगुना होकर तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और कच्चे तेल के आयात बिल बढ़ने की चुनौती है। साथ ही, अल नीनो प्रभाव के कारण मानसून पर पड़ने वाले असर की भी चिंता है। ऐसे में 4.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल करने के लिए विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण से होने वाली आय अहम भूमिका निभाएगी



### सरकार ने एलआईसी में 3.5 फीसदी हिस्सेदारी बेची

इससे पहले मई, 2022 में सरकार ने एलआईसी में 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 20,500 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसके अलावा आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश पर भी काम जारी है। इस दिशा में पहला प्रयास नाकाम रहने के बावजूद सरकार नई बोलियां आमंत्रित कर इस प्रक्रिया को तेज करने की तैयारी में है। विनिवेश के मोर्चे पर सरकार की यह सक्रियता बढ़ते राजकोषीय दबाव के बीच सामने आई है।




### सरकार ने तैयार की विनिवेश की रूपरेखा

सरकार ने आगे भी सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियों के विनिवेश की रूपरेखा तैयार कर ली है और उम्मीद है कि वह तय लक्ष्य को पार कर सकती है। इस साल का सबसे बड़ा विनिवेश भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में हो सकता है। सरकार की एलआईसी में हिस्सेदारी 96.5 प्रतिशत है, जिसे मई, 2027 तक घटाकर 90 प्रतिशत करना अनिवार्य है।

# कोयला ब्लॉक के लिए अब बीमा गारंटी बांड जमा करने की अनुमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सरकार ने कोयला ब्लॉक आवंटन नियमों में किया संशोधन
- अधिक वित्तीय लचीलापन मिलेगा व कारोबार सुगम होगा

सरकार ने कोयला ब्लॉक पाने वालों को प्रदर्शन बैंक गारंटी के विकल्प के तौर पर बीमा गारंटी बॉन्ड जमा करने की अनुमति दे दी है। इससे उन्हें अधिक वित्तीय लचीलापन मिलेगा और कारोबार सुगम होगा। इस कदम से पारंपरिक बैंक गारंटी व्यवस्था से जुड़ा वित्तीय बोझ कम होने की उम्मीद है और कोयला ब्लॉक पाने वाले अपनी पूंजी का इस्तेमाल खदान के विकास और परिचालन गतिविधियों के लिए अधिक बेहतर ढंग से कर सकेंगे। सरकार ने इस संबंध में कोयला ब्लॉक आवंटन नियमों में संशोधन किया है। बीमा गारंटी बॉन्ड एक त्रिपक्षीय वित्तीय गारंटी है जो यह सुनिश्चित करती है कि संबंधित इकाई अनुबंध के तहत दायित्वों को पूरा करेगी। यदि मूल इकाई कार्य पूरा करने या नियमों का पालन करने में विफल रहती है, तो बीमा गारंटी देने वाली कंपनी परियोजना का स्वामित्व रखने वालों को क्षतिपूर्ति देती है।

### बैंक गारंटी को बीमा गारंटी में बदल सकते हैं

संशोधित रूपरेखा मौजूदा आवंटन पाने वालों को भी यह लचीलापन देती है। इससे वे तय शर्तों के अनुसार पहले से जमा प्रदर्शन बैंक गारंटी को बीमा गारंटी बॉन्ड से बदल सकते हैं। मंत्रालय ने कहा, ''बीमा गारंटी बॉन्ड की सुविधा शुरू में खान एवं खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम के तहत आवंटित कोयला ब्लॉक के लिए शुरू की जाएगी।

# आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में दूसरे दिन तेजी

एजेंसी ⏭ मुंबई



- सेंसेक्स 579 अंक चढ़ा, निफ्टी में 170 अंक की तेजी

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। कच्चे तेल के दाम में गिरावट, वैश्विक स्तर पर सकारात्मक घटनाक्रमों और आईटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 579 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 170 अंक की तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 579.48 अंक बढ़कर 77,502.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 656.29 अंक चढ़कर 77,578.93 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 169.85 अंक की तेजी के साथ 24,175.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस 5.64 प्रतिशत चढ़ा। इसके बाद क्रमशः टेक महिंद्रा (4.32 प्रतिशत), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (4.28 प्रतिशत) और एचसीएल टेक (4.12 प्रतिशत) का स्थान रहा। बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन और आईसीआईसीआई बैंक में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.94 प्रतिशत चढ़ा, जबकि बीएसई स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत के लाभ में रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.45 प्रतिशत टूटकर 70.53 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### एशियाई बाजार में रहा मिलाजुला रुख

एशियाई के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे जबकि हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। बुधवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयर की सपाट शुरुआत




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समाधान प्रदाता सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयर ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार में सपाट शुरुआत की। कंपनी का शेयर 113 रुपये के निर्गम मूल्य पर ही सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर 113 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर ही सूचीबद्ध हुआ। बाद में दोनों शेयर बाजारों में यह पांच प्रतिशत टूटकर 107.35 रुपये के निचले सर्किट स्तर पर पहुंच गया। बीएसई पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण 553.96 करोड़ रुपये रहा।सीएसएम टेक्नोलॉजीज के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को बोली के अंतिम दिन पूर्ण अभिदान मिला था। इसे कुल 1.36 गुना अभिदान मिला।

# डॉलर के कमजोर होने से सोना-चांदी मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- सोना 3,000 रुपए चढ़ा, चांदी 5,000 रुपए मजबूत
- सोना बढ़कर हुआ 1.47 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में 3,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुझान और डॉलर के कमजोर होने के कारण सोने की मांग में तेज़ी आई।

स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, दो दिन की गिरावट के बाद, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार के 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 3,000 रुपये बढ़कर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में तेज़ी जारी रही और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।



पिछले सत्र में चांदी 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। व्यापारियों ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेज़ी के बाद सोने की कीमतों में सुधार हुआ, जबकि औद्योगिक और निवेश मांग के कारण चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही।

## बजाज ऑटो की जून में कुल बिक्री 28 प्रतिशत बढ़ी...




**मुंबई।** बजाज ऑटो लिमिटेड की निर्यात सहित कुल बिक्री जून में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 4,63,202 इकाई रही। पुणे स्थित वाहन विनिर्माता कंपनी ने पिछले वर्ष जून में 3,60,806 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वाणिज्यिक वाहनों सहित कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने 11 प्रतिशत बढ़कर 2,09,837 इकाई रही, जो जून 2025 में 1,88,460 इकाई थी। समीक्षाधीन महीने में कुल निर्यात 47 प्रतिशत बढ़कर 2,53,365 इकाई हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 1,72,346 इकाई था। निर्यात सहित कुल दोपहिया वाहन बिक्री 30 प्रतिशत बढ़कर 3,89,395 इकाई रही।

# विदेशी निवेशकों ने बाजार से निकाले 49,430 करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- विदेशी निवेशकों ने जून में भी बिकवाली जारी रखी

विदेशी निवेशकों ने जून में बिकवाली जारी रखी और कुल 49,340 करोड़ रुपये घरेलू शेयर बाजार बाजार से निकाले। मुख्य रूप से वैश्विक जोखिम से बचने, विकसित बाजारों को प्राथमिकता और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेजी तथा घरेलू बाजार में अधिक मूल्यांकन की वजह से बिकवाली की गयी।

सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि. के आंकड़ों के अनुसार, इस ताजा निकासी के साथ, 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय इक्विटी बाजार से कुल 2.7 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके है। यह पूरे वर्ष 2025 में निकाली गई 1.66 लाख करोड़ रुपये की राशि से कहीं अधिक है। आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई फरवरी को छोड़कर 2026 के हर महीने में शुद्ध बिकवाल बने रहे। उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये निकाले, जबकि फरवरी में शुद्ध लिवाल बनकर 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक प्रवाह था। हालांकि, मार्च में यह प्रवृत्ति तेजी से बदली और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये निकाले। अप्रैल में शुद्ध रूप से 60,847 करोड़ रुपये और मई में 32,963 करोड़ रुपये की निकासी के साथ बिकवाली का दबाव जारी रहा। एफपीआई ने जून 49,340 करोड़ रुपये निकाले। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि जून के पहले पखवाड़े में निकासी मुख्य रूप से वैश्विक जोखिम से बचने, विकसित बाजारों को प्राथमिकता, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल अधिक होने और भारतीय शेयरों के मूल्यांकन को लेकर चिंताओं के कारण हुई।

### वैश्विक बाजार में अनिश्चितता कुछ कम हुई

हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर सकारात्मक घटनाक्रम के बाद जून के दूसरे पखवाड़े में भू-राजनीतिक जोखिम कम हुए। इससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता कुछ कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार में मदद मिली। इससे जोखिम धारणा में सुधार हुआ और ऊर्जा की कीमतों में अचानक उछाल को लेकर चिंताएं कम हुईं।

## मूडीज के अनुसार वर्ष 2025 के अंत तक 25 अरब डॉलर पहुंच गया

# देश का निजी कर्ज बाजार पांच साल में हुआ दोगुना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का निजी कर्ज बाजार पिछले पांच साल में दोगुना होकर 2025 के आखिर तक लगभग 25 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। वित्त पोषण की मजबूत मांग के बीच इसमें और वृद्धि की की संभावना है। मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के नए नियम उस खंड में प्रतिस्पर्धा बढ़ाएंगे जिस पर पहले से वैकल्पिक पूंजी का दबदबा रहा है। आरबीआई के नये नियम के तहत बैंकों को अधिग्रहण के लिए वित्त पोषण की अनुमति दी गयी है।

- वित्त पोषण की मजबूत मांग के बीच इसमें और वृद्धि की संभावना

### बैंकों को अधिग्रहण के लिए वित्त उपलब्ध कराने की अनुमति

केंद्रीय बैंक के एक जुलाई से लागू नए नियमों के अनुसार, आरबीआई ने पहली बार बैंकों को कुछ शर्तों के साथ इक्विटी शेयरों और अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर के रणनीतिक अधिग्रहण के लिए वित्त उपलब्ध कराने की अनुमति दी है। मूडीज ने कहा कि भारत का निजी कर्ज बाजार पिछले पांच साल में तेजी से बढ़ा है। यह मुख्य रूप से मुश्किल में फंसी कंपनियों के लिए वित्त पोषण के स्रोत से बदलकर आर्थिक रूप से स्थिर कंपनियों के लिए कर्ज देने वाले बाजार के रूप में विकसित हुआ है।




*निजी ऋण देने वालों के लिए प्रतिफल कम होगा*

*मूडीज ने कहा, ''हालांकि, नए नियमों से वित्त पोषण की लागत कम होने और इसकी उपलब्धता बढ़ने से उधार लेने वालों को फायदा हो सकता है, लेकिन इससे निजी ऋण देने वालों के लिए प्रतिफल कम होगा और अधिग्रहण वित्त पोषण के लिए सौदे की मात्रा घट सकती है।'*

### सालाना सौदा मूल्य 11 अरब डॉलर से अधिक रहा

रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''भारत का निजी कर्ज बाजार पिछले पांच साल में तेजी से बढ़ा है। 2025 में सालाना सौदा मूल्य 11 अरब डॉलर से अधिक रहा और उस साल के आखिर तक प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति यानी कर्ज बाजार लगभग 25 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, वैश्विक मानकों के हिसाब से यह अब भी कम है।''

### निजी कर्ज के मूल्य में रियल एस्टेट का हिस्सा 40 फीसदी

मूडीज ने कहा कि मजबूत आर्थिक स्थिति के बीच देश में वित्त पोषण की जरूरतें बढ़ने के साथ इसकी वृद्धि और तेज होगी। निजी कर्ज के कुल मूल्य में रियल एस्टेट क्षेत्र का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है। इसके बाद बुनियादी ढांचा और जन केंद्रित सेवाओं से जुड़ी कंपनियों का स्थान है।

## चिंतन

# बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहे भारत-जापान संबंध

इंडो-पैसिफिक में अमेरिका की घटती रुचि और एक तरह से चीन को क्षेत्र की महाशक्ति के रूप में स्वीकार करने के बाद भारत और जापान के लिए जरूरी हो गया है कि वे इस क्षेत्र में अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची की संयुक्त आर्थिक मंच में मौजूदगी इस बात का प्रतीक है कि दोनों देश केवल वर्तमान की चुनौतियों का समाधान नहीं खोज रहे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध और तकनीक-संचालित एशिया की नींव रखने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही भारत-जापान संबंधों का अगला चरण केवल सरकारी समझौतों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दोनों देशों को निजी क्षेत्र, स्टार्टअप, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के बीच भी गहरे सहयोग को बढ़ावा देना होगा। जापान रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग और हरित प्रौद्योगिकी में विश्व अग्रणी है, जबकि भारत डिजिटल नवाचार, सॉफ्टवेयर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप इकोसिस्टम में तेजी से उभरती शक्ति है। यदि इन दोनों की क्षमताओं का समन्वय होता है तो यह केवल दोनों अर्थव्यवस्थाओं को ही नहीं, बल्कि पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को नई दिशा दे सकता है। विशेष रूप से सेमीकंडक्टर निर्माण, दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ) की आपूर्ति, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी, हरित हाइड्रोजन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में संयुक्त निवेश भविष्य की औद्योगिक प्रतिस्पर्धा तय करेगा। भारत को अपनी उत्पादन क्षमता और कुशल मानव संसाधन के कारण नेक्स्ट मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में देखा जा रहा है, जबकि जापान की तकनीकी विश्वसनीयता इस परिवर्तन को गति दे सकती है। ऐसे में दोनों देशों की साझेदारी वैश्विक कंपनियों के लिए चीन के विकल्प के रूप में एक मजबूत और विश्वसनीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर सकती है। साथ ही, दोनों देशों को लोगों के बीच संपर्क को भी प्राथमिकता देनी होगी। भारतीय छात्रों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए जापान में अवसर बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर जापानी कंपनियों को भारत के युवा और कुशल कार्यबल से लाभ मिल सकता है। आज दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है, जहां मित्रता का मूल्य केवल कूटनीतिक बयानों से नहीं, बल्कि साझा निवेश, साझा तकनीक और साझा भविष्य से तय होगा। भारत और जापान इसी दिशा में आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। यदि यह सहयोग योजनाओं से निकलकर समयबद्ध क्रियान्वयन तक पहुंचता है, तो आने वाले दशक में भारत-जापान संबंध केवल द्विपक्षीय सफलता की कहानी नहीं होंगे, बल्कि वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक व्यवस्था के सबसे प्रभावशाली स्तंभों में शामिल होंगे। यह साझेदारी वास्तव में विश्वास से विकास और साझेदारी से समृद्धि का ऐसा मॉडल बन सकती है, जिसकी आवश्यकता आज पूरे विश्व को है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अस्थिर रवैये ने दुनियाभर में उसकी स्थिति को कमजोर किया है। ईरान युद्ध के बाद खाड़ी देश अपनी सुरक्षा नीति पर पुनर्विचार कर रहे हैं। पूरी दुनिया के रिश्ते एक नए मोड़ पर खड़े हैं। इससे नई साझेदारियां बनेंगी और पुरानी साझेदारियां नया रूप लेंगी। ऐसे में भारत-जापान संबंध भी ऐतिहासिक बदलाव की ओर बढ़ रहे हैं और आने वाले समय में यह दुनिया में नए बदलाव का जरिया भी बन सकते हैं। कुल मिलाकर अब दुनिया बहुध्रुवीय हो चुकी है और सबको एक-दूसरे की जरूरत है। मिलकर चलना ही सबके हित में है।

## मुद्दा

ओ.पी. पाल



# क्या कागजों पर सिमट रही हैं ग्राम सभाएं

भारत की आत्मा गांवों में बसती है और उन गांवों की लोकतांत्रिक आत्मा 'ग्राम सभा' में निहित है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण की जो नींव रखी थी, उसकी सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष इकाई ग्राम सभा ही है। ग्राम सभा केवल स्थानीय शासन की एक संस्था नहीं है, बल्कि यह देश के हर ग्रामीण नागरिक को सीधे नीति-निर्माण, बजट निर्धारण और विकास कार्यों की निगरानी का अधिकार देने वाला एक सशक्त मंच है। परंतु समय के साथ इस बुनियादी लोकतांत्रिक संस्था की कार्यप्रणाली में कई विसंगतियां और चुनौतियां सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी और चिंताजनक चुनौती यही है कि आज के इस तकनीकी युग के बावजूद ग्राम सभा की बैठकों में आम नागरिकों की भागीदारी घट रही है। मसलन, केंद्र सरकार और नीति आयोग की जारी ताजा रिपोर्ट ने जमीनी लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत करने की चुनौती खड़ी कर दी है। हालांकि यह अध्ययन भारत की ग्रामीण विकास नीतियों को 'संख्या-केंद्रित' से 'परिणाम-केंद्रित' बनाने का एक बेहद सटीक मार्गदर्शक दस्तावेज साबित हो सकता है। दरअसल, देश में जमीनी लोकतंत्र की इसी गंभीर समस्या का बारीकी से अध्ययन करने और इसका समाधान खोजने के लिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में एक व्यापक राष्ट्रीय अध्ययन कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद द्वारा तैयार की गई यह द्वि-खंडीय रिपोर्ट देश में नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और साक्ष्य-आधारित दस्तावेज़ है। जैसा कि रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि नागरिक-केंद्रित शासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभाएं अनिवार्य हैं। जब तक देश के गांवों का अंतिम व्यक्ति ग्राम सभा की बैठक शामिल होकर अपने गांव के भविष्य का फैसला करने में सक्षम और उत्सुक नहीं होगा, तब तक लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का सपना अधूरा रहेगा। इस अध्ययन रिपोर्ट को 30 जून 2026 को नई दिल्ली में नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम और पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज द्वारा इस जारी किया, जिसमें जमीनी लोकतंत्र की कमजोर होती नींव और उसकी चुनौतियों को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। भागीदारी में सबसे बड़ी बाधाएं ग्राम सभाओं में लोगों का न आना केवल उदासीनता नहीं, बल्कि इसके पीछे गहरे सामाजिक-आर्थिक और व्यावहारिक कारण हैं। इसमें आजीविका और समय के संकट के कारण 55.5 प्रतिशत भागीदारी न होने का सबसे बड़ा कारण है, इसमें ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा दैनिक मजदूरी या कृषि पर निर्भर है। जबकि व्यस्त कार्य दिनचर्या (41.74 प्रतिशत) और कृषि कार्यों की व्यस्तता (30.26 प्रतिशत) के कारण लोग अपनी दिहाड़ी छोड़कर बैठकों में नहीं आ पाते। इसके अलावा कम प्रतिनिधित्व वाले समूह को लेकर खुलासा हुआ है कि प्रवासी परिवार (17.61 प्रतिशत), युवा (16.73 प्रतिशत), बुजुर्ग (15.80 प्रतिशत) और महिलाएं (13.40 प्रतिशत) ग्राम सभा की प्रक्रियाओं में सबसे कम शामिल हो पाते हैं। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज का कथन है कि ग्रामीण भारत में आए बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में गांवों तक बुनियादी सुविधाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित हुई है। अब बारी जमीनी लोकतंत्र को और गहरा करने की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह अध्ययन महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की भागीदारी बढ़ाने के लिए रणनीतिक कदम उठाने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्रालय जल्द ही राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मिलकर इस रिपोर्ट की सिफारिशों को जमीन पर लागू करेगा, ताकि देश की ग्राम सभाएं अधिक समावेशी और परिणामोन्मुख बन सकें। इस अध्ध्यन रिपोर्ट से एक बड़ा संदेश यह भी मिलता है कि ग्राम सभाओं को सफल बनाने का पैमाना केवल 'बैठक में जुटी भीड़' या 'हाजिरी रजिस्टर' नहीं होना चाहिए। वास्तविक सफलता इस बात में है कि चर्चाएं कितनी प्रासंगिक हैं, निर्णय कितने पारदर्शी हैं और शिकायतों का निवारण कितनी तेजी से होता है। जब तक ग्रामीण नागरिकों को ग्राम सभा के निर्णयों का जमीन पर वास्तविक असर नहीं दिखेगा, तब तक उनका भरोसा जीतना नामुमकिन है। ग्राम सभा को विकास कार्यों के सोशल ऑडिट का वास्तविक अधिकार मिलना चाहिए। पंचायत प्रतिनिधियों (विशेषकर महिला सरपंचों और वार्ड सदस्यों) के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि वे ग्राम सभा की प्रक्रियाओं को बेहतर समझ सकें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पाक से रिश्तों की बहाली की नई कवायद




## पड़ोस

कांतिलाल मांडोत

भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। दोनों देशों की 117 प्रमुख हस्तियों द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेजे गए खुले पत्र ने इस बहस को नया आयाम दिया है। पत्र में संवाद बहाल करने, व्यापार शुरू करने, वीजा व्यवस्था आसान बनाने, समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस को फिर चलाने, क्रिकेट श्रृंखला शुरू करने तथा दोनों देशों के बीच जमे अविश्वास को समाप्त करने की अपील की गई है। जब भारत-पाक संबंधों के इतिहास, पाकिस्तान के व्यवहार और वर्तमान वैश्विक राजनीति को ध्यान में रखकर इस प्रस्ताव का विश्लेषण किया जाता है, तब कई गंभीर प्रश्न सामने खड़े हो जाते हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। दोनों देशों की 117 प्रमुख हस्तियों द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेजे गए खुले पत्र ने इस बहस को नया आयाम दिया है। पत्र में संवाद बहाल करने, व्यापार शुरू करने, वीजा व्यवस्था आसान बनाने, समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस को फिर से चलाने, क्रिकेट श्रृंखला शुरू करने तथा दोनों देशों के बीच जमे अविश्वास को समाप्त करने की अपील की गई है। पहली नजर में यह पहल शांति और सद्भाव की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास प्रतीत होती है, लेकिन जब भारत-पाकिस्तान संबंधों के इतिहास, पाकिस्तान के व्यवहार और वर्तमान वैश्विक राजनीति को ध्यान में रखकर इस प्रस्ताव का विश्लेषण किया जाता है, तब कई गंभीर प्रश्न सामने खड़े हो जाते हैं।

भारत ने हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों की नीति अपनाई है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने अनेक अवसरों पर पाकिस्तान के साथ मित्रता का हाथ बढ़ाया। चाहे 1972 का शिमला समझौता हो, 1999 की लाहौर बस यात्रा हो या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2015 में अचानक लाहौर जाकर तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मिलना, भारत ने हर बार यह संदेश दिया कि विवादों का समाधान युद्ध नहीं बल्कि संवाद से होना चाहिए। दुर्भाग्य यह रहा कि हर बार पाकिस्तान की धरती से आतंकवाद ने इन प्रयासों को कमजोर किया। पाक का इतिहास यह बताता है कि उसने मित्रता के हर प्रयास के समानांतर आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का साधन बनाए रखा। 1947, 1965, 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध से लेकर संसद पर हमला, मुंबई का 26/11 हमला, पठानकोट, उरी और पुलवामा जैसे आतंकी हमलों तक पाकिस्तान की भूमिका लगातार सवालों के घेरे में रही है। भारत ने कई बार ठोस सबूत भी प्रस्तुत किए, लेकिन पाकिस्तान ने या तो उन्हें नकार दिया या फिर आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने से बचता रहा। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि भारत किसी भी नए संवाद प्रस्ताव को केवल भावनात्मक आधार पर स्वीकार नहीं कर सकता। वर्तमान परिस्थितियों में पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। महंगाई, बेरोजगारी, विदेशी कर्ज और ऊर्जा संकट ने वहां की अर्थव्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है। हाल के वर्षों में जल संकट भी पाकिस्तान के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। ऐसी परिस्थितियों में पाकिस्तान के लिए भारत के साथ व्यापार और संबंधों की बहाली आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हो सकती है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि आर्थिक मजबूरी का अर्थ यह नहीं कि पाकिस्तान की नीतियों में स्थायी परिवर्तन आ गया है। यदि आतंकवाद को समर्थन देने की उसकी सोच में बदलाव नहीं आता तो केवल व्यापार या परिवहन सेवाएं शुरू कर देने से स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती। इस पूरे घटनाक्रम में अमेरिका और विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कोई भी महाशक्ति केवल मानवीय आधार पर हस्तक्षेप नहीं करती। हर देश अपने रणनीतिक हितों को प्राथमिकता देता है। अमेरिका लंबे समय से यह चाहता




रहा है कि पाकिस्तान पूरी तरह चीन के प्रभाव क्षेत्र में न चला जाए। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा और दोनों देशों की बढ़ती सामरिक साझेदारी अमेरिका के लिए चिंता का विषय रही है। ऐसे में यदि अमेरिका भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद को बढ़ावा देता है तो उसके पीछे क्षेत्रीय शक्ति संतुलन बनाए रखने और पाकिस्तान को अपने प्रभाव क्षेत्र में बनाए रखने की रणनीति भी हो सकती है। ट्रम्प यदि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों की बहाली का श्रेय लेना चाहते हैं तो यह उनकी राजनीतिक और रणनीतिक सोच का हिस्सा हो सकता है। लेकिन भारत को किसी भी बाहरी दबाव या अंतरराष्ट्रीय छवि के कारण अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करना चाहिए। भारत की विदेश नीति का मूल सिद्धांत यही रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। यदि पाकिस्तान आतंकवाद के ढांचे को समाप्त करने, सीमा पार घुसपैठ रोकने और भारत विरोधी गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने के लिए ठोस और विश्वसनीय कदम नहीं उठाता, तो केवल वार्ता के नाम पर आगे बढ़ना उचित नहीं होगा। भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न विश्वास का है। विश्वास केवल शब्दों से नहीं बल्कि व्यवहार से बनता है। पाकिस्तान ने अतीत में अनेक बार आश्वासन दिए, लेकिन उसके बाद भी आतंकी घटनाएं होती रहीं। जब तक वह अपने आचरण से यह साबित नहीं करता कि उसने आतंकवाद को स्थायी रूप से त्याग दिया है, तब तक किसी भी व्यापक संबंध बहाली का आधार कमजोर ही रहेगा। कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि दोनों देशों के बीच व्यापार और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ने से कट्टरता कम होगी और शांति को मजबूती मिलेगी। यह विचार सिद्धांत रूप में आकर्षक लगता है, लेकिन व्यवहार में इसकी सफलता तभी संभव है, जब दोनों पक्ष समान ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें। यदि एक देश शांति की बात करे और दूसरा आतंकवाद को संरक्षण देता रहे तो ऐसे प्रयास अंततः विफल हो जाते हैं। इसलिए भारत को किसी भी नई पहल से पहले स्पष्ट शर्त रखनी चाहिए कि आतंकवाद और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते। भारत ने हमेशा मानवीय मुद्दों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। चाहे कैदियों की रिहाई का विषय हो, धार्मिक यात्राओं की सुविधा हो या प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता का प्रश्न, भारत ने उदारता दिखाई है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर किसी प्रकार की ढिलाई उचित नहीं हो सकती। भारत आज विश्व की तेजी से उभरती हुई आर्थिक और सामरिक शक्ति है।

ऐसे समय में उसे भावनात्मक निर्णयों के बजाय दूरदर्शी और यथार्थवादी नीति अपनानी होगी। यदि पाकिस्तान वास्तव में संबंध सुधारना चाहता है तो उसे केवल संवाद की अपील करने के बजाय आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई करके अपनी नीयत साबित करनी होगी। यही वह कसौटी है जिस पर भविष्य के किसी भी संबंध की सफलता निर्भर करेगी। अंततः भारत शांति का समर्थक है, लेकिन शांति की कीमत राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं हो सकती। मित्रता वहीं टिकाऊ होती है जहां विश्वास, पारदर्शिता और ईमानदारी हो। पाकिस्तान का अब तक का इतिहास इन तीनों मानकों पर संतोषजनक नहीं रहा है। इसलिए भारत को हर प्रस्ताव का स्वागत खुले मन से अवश्य करना चाहिए, लेकिन निर्णय केवल अपने राष्ट्रीय हितों, सुरक्षा और दीर्घकालिक रणनीतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही लेना चाहिए। यदि पाकिस्तान अपने व्यवहार में वास्तविक परिवर्तन लाता है तो दक्षिण एशिया में स्थायी शांति का मार्ग अवश्य प्रशस्त हो सकता है। यदि अतीत की गलतियां दोहराई जाती हैं तो इतिहास एक बार फिर यह सिद्ध करेगा कि केवल संवाद की इच्छा पर्याप्त नहीं होती, उसके लिए भरोसेमंद आचरण भी उतना ही आवश्यक होता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है




संकलित

## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित

## प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा है और मैं मेरा।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### खतरनाक गर्मी का बढ़ता संकट

दुनिया के शहरों पर एक ऐसा संकट तेजी से गहराता जा रहा है, जो दिखाई कम देता है, लेकिन असर सबसे ज्यादा करता है-खतरनाक गर्मी। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक शहरी इलाकों में अत्यधिक गर्मी से प्रभावित गरीबों की संख्या में लगभग 700 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। यह आंकड़ा सिर्फ एक चेतावनी नहीं, बल्कि आने वाले शहरी भविष्य की भयावह तस्वीर है, खासकर ग्लोबल साउथ, यानी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के तेजी से बढ़ते शहरों के लिए। गर्मी का यह संकट सीधे तौर पर क्लाइमेट चेंज और अनियोजित शहरीकरण से जुड़ा है। शहरों में कंक्रीट, डामर और धातु की अधिकता प्राकृतिक हरियाली को खत्म कर देती है। इस समस्या का समाधान खोजना होगा। *- सुषमा राजपूत, रोहतक*

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय किराया वहनीयता योजना समाप्त


ऑस्टेलिया का वित्तीय वर्ष एक जुलाई को समाप्त हो गया और इसी के साथ 'राष्ट्रीय किराया वहनीयता योजना' भी समाप्त हो गई, जिसके तहत देश भर में 35,000 से ज़्यादा किफायती किराए के घर उपलब्ध कराए गए थे। यह योजना 2008 में रड सरकार ने घरों के महंगे होते जाने की समस्या के मद्देनजर शुरू की थी। लेकिन बाद में 2014 में एबॉट सरकार ने इसे बंद कर दिया और 2016 के बाद किसी भी नए घर को इसके तहत मंज़ूरी नहीं दी गई। इस जून में, आखिरी 3,600 संपत्तियां भी इस योजना के दायरे से बाहर हो गई हैं। आखिरकार, इस योजना ने अपने कुछ मुख्य वादे पूरे किए। इसने काफी कम समय में किफायती किराए के घरों की आपूर्ति बढ़ाई और ऐसे घर बनाए जो इसके बिना नहीं बन पाते। लेकिन इसके आलोचक भी रहे हैं, जिन्होंने इसे लागू करने के तरीके और इसके नतीजों में कई कमियां गिनाईं। तो, पीछे मुड़कर देखें तो इस अनुभव से हम क्या सीख सकते हैं? और क्या सरकार ने इस योजना के बंद होने से आई रिक्तता को दूर करने के लिए कोई कदम उठाया है? हाशिये पर रह रहे समूह के लिए सस्ता किराया इस योजना के तहत डेवलपर्स को किफायती किराये के घर उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन दिया गया।



## ऑफ बीट

# काम करते हुए क्या अंडर डेस्क ट्रेडमिल फायदेमंद है

हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में 67 लाख से अधिक लोग-यानी लगभग आधे कर्मचारी-कम से कम कुछ समय के लिए घर से काम करते हैं। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा में यह संख्या सबसे अधिक है। घर से काम बढ़ने के साथ लंबे समय तक बैठने की आदत भी बढ़ी है, जिसे अब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना जाता है। दफ्तर जाकर काम करने पर रोजमर्रा की गतिविधियां-जैसे चलना, खड़े रहना, सहकर्मियों से मिलने जाना या बाहर लंच लेने जाना-अपने आप हो जाती हैं, लेकिन घर से काम करते समय यह कम हो जाती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या काम के दौरान अंडर-डेस्क ट्रेडमिल या वॉकिंग पैड का इस्तेमाल कर चलना फायदेमंद हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि नियमित रूप से चलने से रक्तचाप और ग्लूकोज सहनशीलता जैसे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होता है। हालिया शोध में प्रतिदिन करीब 7,000 कदम चलने को कई बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त लक्ष्य बताया गया है। शोध यह भी बताते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहने के बजाय छोटे-छोटे अंतराल में बार-बार चलना या हल्की गतिविधि करना एक बार में लंबी सैर से अधिक लाभकारी हो सकता है।



## ट्रेंड


### इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव



केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 7,145 करोड़ रुपये की लागत वाले कानपुर-काबराई एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण को मंज़ूरी दी गई है। यह फैसला भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव की दिशा में एक और अहम कदम है।

**- राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### नई संभावनाएं



यह हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। पहली बार, राज्य से ताज़ी चेरी और आलूबुखारे की खेप ओमान पहुँची है। ओमान में हिमाचल के फलों को मिली सराहना ने अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं।

**-सुखविंदर सिंह सुखु**, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### अत्यंत दुखद



बेंगलुरु में मद्दापट्टाना की पत्थर की खदान में हुए भीषण हादसे में बिहार के प्रवासी मजदूर भाइयों के असमय निधन की खबर अत्यंत दुखद है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को उनके पवित्र चरणों में स्थान मिले।

**- सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार

### सत्ता का गलत इस्तेमाल



बीजेपी अपनी सत्ता का गलत इस्तेमाल करके बीजेपी-शासित राज्यों, खासकर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का खराब माहौल बना रही है और पुलिस का राजनीतिकरण कर रही है। जनता इस नकारात्मक व्यवहार से बेहद आक्रोशित है।

**-अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# लगभग 3-5 घंटे की मूसलाधार बारिश से उगली क्षेत्र जलमग्न हो गया, दर्जनों गांवों का संपर्क टूटा



लगभग 3-5 घंटे की मूसलाधार बारिश से उगली क्षेत्र जलमग्न हो गया,दर्जनों गांवों का संपर्क उगली मुख्यालय से टूट गया, मुख्य सडक़ें डूब गई और लोगों कज घरों और खेतों में घुस गया पानी जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत तहसील उगली क्षेत्र में गुरुवार को हुई लगभग तीन से पांच घंटे की लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। भारी वर्षा के कारण क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गये ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कई ग्रामों का संपर्क मुख्य मार्गों से टूट गया है, जबकि खेतों और घरों में पानी भर जाने से ग्रामीणों को खाषी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोरगोंदी, सोनखार, बावली, नेवरगांव,कंचनवाड़ा, रुमाल, घाटखरपडिया,सिंदरादेही, मोहबर्रा, गोरखपुर, सारसडोल सहित दर्जनों गांव जलभराव की चपेट में आ गये।
तेज बहाव के कारण कई पुल-पुलियों और सडक़ों के ऊपर पानी बह रहा है, जिससे आवागमन भी प्रभावित हो गया है। बाढ़ जैसे हालात की स्थिती के चलते सोनखार-बावली मार्ग, कंचनवाड़ा-झित्तर्रा मार्ग, उगली-ढुटेरा (पांडिया छपारा) मार्ग, उगली-सारसडोल मार्ग, उगली-गोरखपुर मार्ग, खामी-गोरखपुर मार्ग, सरंडी-चिखली मार्ग तथा सोनखार-भोरगोंदी मार्ग सहित कई प्रमुख सडक़ें जलमग्न हो गई हैं। इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई ।
हालांकि सडक़ें बंद होने के बावजूद कुछ लोग मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर उफनते पुल-नालों को पार करते दिखाई दिए, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका हो सकती है।
ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे स्थानों पर तत्काल सुरक्षा व्यवस्था एवं बैरिकेटिंग कराने की मांग की है। लगातार हुई बारिश से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। खेतों में पानी भर जाने से खरीफ फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। यदी बारिश के यही हालात रहे तो,वहीं कई गांवों में पानी घरों तक पहुंच गया है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है, और घरेलू सामान भी खराब होने की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कर राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की अपील की है, जलभराव वाले मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था करने तथा प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। यदि क्षेत्र में बारिश का सिलसिला जारी रहा तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## इधर, लगातार हो रही बारिश से कच्चे मकान का छप्पर गिरा, एक घायल





**सिवनी/बाघराज।** कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदौरा के ग्राम बाघराज में लगातार हो रही बारिश के कारण शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे विजय गिरी पिता महेश गिरी के कच्चे मकान का छप्पर अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय घर में मौजूद एक मासूम बच्चा बाल-बाल बच गया। बच्चे के सिर में हल्की चोट आई है। यदि समय रहते बचाव नहीं होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।
हादसे में परिवार की गृहस्थी का सामान, खाद्यान्न एवं भोजन बनाने का सामान भी मलबे में दबकर खराब हो गया। इससे परिवार के सामने रहने और भोजन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित विजय गिरी ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण कच्चा मकान कमजोर हो गया था, जिसके चलते छप्पर अचानक गिर पड़ा। उन्होंने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मौके का निरीक्षण कर उचित आर्थिक सहायता और मुआवजा प्रदान करने की मांग की है, ताकि बरसात के दौरान परिवार के रहने और भोजन की व्यवस्था हो सके।



## विदाई न करने से नाराज शराबी पति ने गर्भवती पत्नी पर चाकू से किए ताबड़तोड़ वार, हालत गंभीर

**सतना।** बरौंधा थाना क्षेत्र के मल्लिहाई गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां देवलहा निवासी एक शराबी पति ने अपनी गर्भवती पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। वारदात के पीछे की वजह पत्नी द्वारा ससुराल जाने से मना करना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार,आरोपी पति शराब के नशे में धुत्त होकर मल्लिहाई गांव पहुंचा था। वहां पत्नी के विदा होने से इनकार करने पर वह आगबबूला हो गया और उसने पास रखे चाकू से महिला पर कई वार कर दिए। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हुए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और लहूलुहान हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में भर्ती कराया। चूंकि महिला गर्भवती है और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी,इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल सतना के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल जिला अस्पताल में महिला का इलाज जारी है,जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## केवलारी नगरपरिषद के दीप ज्योति स्कूल वर्धमान नगर की सड़क पहली ही बारिश में कीचड़-दलदल में तब्दील

जिले की केवलारी नगरपरिषद के दीप ज्योति स्कूल वर्धमान नगर की सडक़ पहली ही बारिश में कीचड़, दलदल में तब्दील हो गई है। नागरिकों ने बताया कि अभी तो बारिश की शुरुआत हुई है और पहले ही बारिश में कच्ची सडक़ में चलना दूभर हो रहा है वही गड्ढों में पानी भरे रहने के कारण व आसपास कहीं अत्यधिक कीचड़ हो जाने के कारण बाइक को निकालने में जहां काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वही पैदल चलना भी दूभर होता है। वहीं गड्ढों में पारी भर जाने से स्कूली बच्चों और आम लोगों को आने जाने में भरी परेशानी हो रही है। वहीं कीचड़ ओर गड्ढों में पानी भरने से अनेक मौसमी बीमारी भी होने की संभावना है। स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावक ओर कॉलोनी निवासी जिला प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का निदान जल्द से जल्द किया जाए।




## सूंड पकड़ने और बिस्किट खिलाने के प्रयास में भड़का गजराज, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

छिंदवाड़ा जिले के चौरई-गुरैया मार्ग पर गुरुवार को एक धार्मिक यात्रा के दौरान ऐसा हादसा हुआ जिसने राहगीरों को भी सकते में डाल दिया। अमरकंटक से उज्जैन स्थित महाकालेश्वर धाम की ओर जा रहे हाथी से आशीर्वाद लेने की कोशिश दो युवकों को भारी पड़ गई। हाथी के अचानक आक्रामक हो जाने से दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हाथी के साथ चल रहे महावतों और साधु-संतों ने तत्काल स्थिति को संभाला तथा घायलों को उपचार के लिए चौरई के शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों और हाथी के साथ चल रहे महावत दल ने अलग-अलग पहलुओं की जानकारी दी है। महावतों का कहना है कि उन्होंने युवकों को पहले ही हाथी के अधिक करीब नहीं जाने की चेतावनी दी थी, लेकिन उन्होंने सलाह को नजरअंदाज कर दिया। वहीं महावत दल के कुछ सदस्यों ने यह भी दावा किया कि युवक शराब के नशे में थे और हाथी के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। हालांकि इस संबंध में स्वतंत्र रूप से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### धार्मिक यात्रा के दौरान हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार अमरकंटक से उज्जैन स्थित महाकालेश्वर धाम की ओर हाथी के साथ साधु-संतों का एक दल धार्मिक यात्रा पर निकला हुआ था। यात्रा चौरई-गुरैया मार्ग से गुजर रही थी। इसी दौरान कोठे यादव निवासी प्रदीप कहार पिता संतोष कहार अपने एक साथी के साथ बाइक से चौरई से गुरैया की ओर जा रहे थे।रास्ते में दोनों युवक हाथी को देखकर रुक गए। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार, वे हाथी के पास पहुंचे और उसका आशीर्वाद लेने की इच्छा जताई। इसी दौरान एक युवक ने हाथी को बिस्किट खिलाने का प्रयास किया, जबकि दूसरा उसकी सूंड पकड़कर आशीर्वाद लेने की कोशिश करने लगा। अचानक हुई इस हरकत से हाथी उत्तेजित हो गया और उसने दोनों युवकों पर हमला कर दिया।

### देखते ही देखते मच गई अफरा-तफरी

हाथी के उग्र होते ही आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोग सुरक्षित दूरी पर भाग गए, जबकि महावत और साधु-संत तत्काल हाथी को नियंत्रित करने में जुट गए। महावतों की सूझबूझ से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।घटना के बाद घायल युवक सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों और हाथी के साथ चल रहे दल के सदस्यों ने तत्काल उनकी मदद की तथा उन्हें उपचार के लिए चौरई अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार शुरू किया और उनकी स्थिति पर निगरानी रखी।

### महावतों का पक्षः कई बार रोका, लेकिन नहीं माने युवक

हाथी के साथ चल रहे महावत दल के सदस्य राजू वासनिक और गणेश वासुदेव ने बताया कि यात्रा के दौरान लोगों को लगातार हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जाती है। उन्होंने बताया कि संबंधित युवकों को भी कई बार हाथी के पास नहीं जाने और उसे छूने का प्रयास नहीं करने के लिए कहा गया था।महावतों के अनुसार, चेतावनी के बावजूद युवक हाथी के काफी निकट पहुंच गए। उनका कहना है कि इसी दौरान वे हाथी के साथ ऐसी हरकतें करने लगे जिससे वह असहज और आक्रोशित हो गया। महावत दल के कुछ सदस्यों ने यह भी दावा किया कि युवक शराब के नशे में थे और हाथी के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### घायलों ने कहा- महावत दल की कोई गलती नहीं

अस्पताल में उपचार करा रहे घायलों ने भी घटना के बाद महावत दल को निर्दोष बताया। उन्होंने कहा कि हादसे के लिए हाथी के साथ चल रहे लोगों की कोई गलती नहीं थी। उनके अनुसार, घटना अचानक हुई और उसके बाद महावतों तथा दल के अन्य सदस्यों ने उनकी हर संभव मदद की। घायलों ने बताया कि उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे समय पर उपचार मिल सका।

### हाथी के व्यवहार को लेकर विशेषज्ञ भी देते हैं सावधानी की सलाह

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार हाथी सामान्यतः शांत स्वभाव का होता है, लेकिन यदि उसे किसी प्रकार का खतरा महसूस हो या कोई व्यक्ति अचानक बहुत करीब पहुंचकर उसे छूने, पकड़ने या खिलाने का प्रयास करे तो वह रक्षात्मक या आक्रामक प्रतिक्रिया दे सकता है।विशेषज्ञों का मानना है कि हाथी चाहे प्रशिक्षित हो या धार्मिक यात्रा में शामिल हो, फिर भी वह एक विशाल और शक्तिशाली वन्य प्राणी है। ऐसे में उसके बेहद करीब जाना, बिना अनुमति भोजन खिलाना या उसकी सूंड अथवा शरीर को छूने का प्रयास करना जोखिम भरा हो सकता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भी अपील की है कि धार्मिक यात्राओं में शामिल हाथियों या अन्य बड़े पशुओं के साथ सेल्फी लेने, उन्हें छूने या भोजन खिलाने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

## नाली के गंदे पानी के बीच गुजर रही पेयजल पाइपलाइन

### शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो कांग्रेस जनआंदोलन करने को बाध्य होगी

मैहर।



मैहर के उत्तर दरवाजा से पांडेय टोला मार्ग पर पेयजल व्यवस्था की भयावह तस्वीर सामने आई है।नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर पालिका की घोर लापरवाही और असंवेदनशीलता के कारण लोगों के घरों तक पहुंचने वाली पेयजल पाइपलाइन खुले नाले के भीतर से गुजर रही है,जिससे दूषित पानी के पेयजल में मिलने का खतरा लगातार बना हुआ है। प्रभात द्विवेदी ने कहा कि यह केवल तकनीकी खामी नहीं बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। क्षेत्र में नाली के अंदर गंदा एवं बदबूदार पानी भरा हुआ है वहीं प्लास्टिक कचरा घरेलू अपशिष्ट और गंदगी के बीच से पेयजल पाइपलाइन गुजरती दिखाई दे रही है। ऐसे में पाइपलाइन में किसी भी प्रकार का रिसाव होने पर नाली का दूषित पानी पेयजल में मिश्रित होकर घरो तक पहुंच सकता है। श्री द्विवेदी ने बताया कि नाली में बड़ी मात्रा में कचरा जमा है जिससे जल निकासी प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर पाइपलाइन सीधे गंदे पानी के संपर्क मे नजर आ रही है। स्थानीय लोगो का कहना है कि बरसात के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है तथा जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा कि नगरपालिका का दायित्व नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है,लेकिन यहां हालात इसके विपरीत है। यदि समय रहते पाइपलाइन को नाली से अलग कर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया और जल गुणवत्ता की जांच नहीं कराई गई, तो डायरिया,टाइफाइड,हैजा जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

## मां की डांट से आहत नाबालिग ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गौरैया गांव में मां की डांट से आहत होकर एक नाबालिग लड़की द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने का मामला सामने आया है। गंभीर अवस्था में परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, नाबालिग की मां ने उसे घर का काम नहीं करने पर डांट दिया था। इससे नाराज होकर किशोरी ने घर में गेहूं के भंडारण के लिए रखी जहरीली दवा का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद जब वह घर में दिखाई नहीं दी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान वह खेत में अचेत अवस्था में मिली।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार, फिलहाल उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना के बाद मां ने भावुक होकर कहा कि माता-पिता बच्चों की भलाई के लिए ही उन्हें डांटते हैं, लेकिन बच्चों को किसी भी परिस्थिति में ऐसा आत्मघाती कदम नहीं उठाना चाहिए। मामले की सूचना पुलिस को भी दे दी गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पत्नी ने प्रेमी व उसके साथी के साथ मिलकर की पति की हत्या


**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली पुलिस द्वारा अंधी हत्या कांड का खुलासा किया गया। पुलिस ने बताया कि 30 जून को सूचना प्राप्त हुई कि वारूरेवा नदी पुल के पास एनएच-44 से कुछ दूरी पर झाड़ियों में एक पुरुष का शव पड़ा हुआ है। अज्ञात शव की पहचान नरसिंहपुर निवासी तुलसीराम मेहरा के रूप में हुई डोरीलाल मेहरा द्वारा जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर की मॉर्चुरी में शव की पहचान अपने पुत्र तुलसीराम मेहरा के रूप में की गई। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक तुलसीराम मेहरा एवं उसकी पत्नी सरोज मेहरा के बीच पारिवारिक एवं चरित्र संबंधी शंका को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। हत्या का खुलासा होते ही पुलिस टीम ने सरोज मेहरा, महेन्द्र मेहरा एवं विष्णू रजक को अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा प्रकरण में अन्य साक्ष्यों की बरामदगी एवं विवेचना जारी है। जांच में यह भी सामने आया कि सरोज मेहरा पूर्व में दो विवाह कर चुकी थी तथा लगभग एक वर्ष पूर्व उसने मृतक तुलसीराम मेहरा से विवाह किया था। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं पूछताछ से पता चला कि सरोज मेहरा के महेन्द्र मेहरा, निवासी पुरगवां के साथ अवैध संबंध थे। मृतक को इस संबंध की जानकारी होने के कारण पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद एवं मनमुटाव बना रहता था। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर सरोज मेहरा से गहन पूछताछ की गई। वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के समक्ष उसने महेन्द्र मेहरा के साथ अपने संबंध स्वीकार करते हुए उसके साथ मिलकर पति तुलसीराम मेहरा की हत्या की साजिश रचने की बात स्वीकार की।

## आरक्षक पति ने राह चलते पत्नी का छीना मोबाइल, कोतवाली में दर्ज हुआ मामला

**छतरपुर ।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत लोधी कुइयां निवासी प्रज्ञा शर्मा पत्नी शिवम शर्मा पुत्री उदय शर्मा ने कोतवाली ने एक लिखित आवेदन पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई कि 29 जून को वह दोपहर 2 से 3 बजे के बीच अदालत से पेशी करके लौट रही थी तभी बस स्टेण्ड के पास मोती महल के सामने जब वह टैक्सी में बैठी थी तभी उसका पति शिवम शर्मा जो वर्तमान में पुलिस लाइन में है। वह आया और उसके हाथ से जबरन मोबाइल छीनकर एकांत में चलकर बात करने के लिए दबाव बनाने लगा, लेकिन आवेदिका प्रज्ञा शर्मा ने जाने से मना कर दिया और अपना मोबाइल मांगा लेकिन आरक्षक पति शिवम शर्मा ने मोबाइल दे दिया और वहां से चला गया प्रज्ञा शर्मा ने रिपोर्ट में लिखाया कि मोबाइल कबर में पांच-पांच सौ रूपये के दो नोट रखे हुए थे तथा मोबाइल में आवेदिका के समस्त दस्तावेज भी अपलोड हैं। प्रज्ञा शर्मा ने रिपोर्ट में बताया कि उसे शिवम से जान का खतरा है क्योंकि आवेदिका प्रज्ञा शर्मा का शिवम के मध्य न्यायालय में प्रकरण चल रहा है। आवेदिका ने मांग की है कि उक्त घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखवाकर एवं निकलवाकर जांच कराई जाए। आवेदिका के आवेदन पर कोतवाली पुलिस ने प्रथम दृष्टया अपराध धारा 304(2) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध किया है। आपको बता दें कि एक साल पहले भी प्रज्ञा शर्मा ने अपने आरक्षक पति शिवम शर्मा के विरूद्ध मारपीट करने और दहेज की मांग करने की रिपोर्ट लिखाई थी जिस पर महिला थाने में मामला पंजीबद्ध हुआ था और न्यायालय में चालान भी पेश किया गया था। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके अलावा प्रज्ञा शर्मा ने अपने पति शिवम शर्मा के विरूद्ध धारा 144 का प्रकरण न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय में दर्ज कराया था जो विचाराधीन है। और इसी मामले में 29 जून को अदालत से वह पेशी करके वह लौट रही थी। तभी उसके पति आरक्षक शिवम शर्मा ने जबरन मोबाइल छीन लिया क्योंकि मोबाइल में प्रज्ञा शर्मा को प्रताड़ित करने और मारपीट करने संबंधी सभी वीडियो और ऑडियो मौजूद थे। वहीं इस संबंध में कोतवाली टीआई सतीश सिंह से जब चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि पति-पत्नी के बीच का मामला है आरक्षक को काफी समझाने का प्रयास किया गया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं है।

## अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार, 12 लाख के आभूषण बरामद

**छतरपुर।** जिला पुलिस ने ज्वेलरी दुकान से सोने-चांदी के जेवरातों से भरा बैग चोरी करने के मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना हरपालपुर पुलिस ने एक शातिर अंतरराज्यीय चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 12 लाख रुपये मूल्य के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि माह दिसंबर 2025 में हरपालपुर कस्बे के फरियादी रामबाबू सोनी की ज्वेलरी दुकान से सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग चोरी हुआ था, जिसकी रिपोर्ट पर हरपालपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा दस हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी की गई थी।



# फिर कॉमेडी करने आ रहे हैं अनु उत्तर दा पुत्तर का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अनु कपूर अपनी अलग तरह की अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। कई फिल्मों में उन्होंने शानदार कॉमेडी की है। अब वह एक नई फिल्म में फिर से कॉमेडी करने वाले हैं। यह फिल्म है 'उत्तर दा पुत्तर'। गुरुवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। ट्रेलर में इमोशन, ट्विस्ट और मनोरंजन का मिश्रण देखने को मिल रहा है। एक मिनट 48 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनु कपूर भौतिक विज्ञान के अध्यापक हैं। वह गृह और वास्तु को मानते हैं। इसके चलते उनको मुश्किल होती है। वह अपने दोस्तों को अच्छी सलाह देते हैं, मगर खुद परेशान रहते हैं। कहानी 'कर्म बड़ा या किस्मत?' के सवाल के आस-पास घूमती है।

लाइफ Style



# तमन्ना सुहावने मौसम का उठाया आनंद

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का बारिश वाला वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। एक्ट्रेस बारिश में भीगकर इंजॉय करती दिख रही हैं, लेकिन उनके वीडियो को देखकर उनकी दोस्त और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी काफी निराश हो गईं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर मुंबई की झमाझम बारिश का एक वीडियो शेयर किया। क्लिप में तमन्ना बारिश देखकर बेहद एक्साइटेड दिखीं, इसके बाद वो बारिश में भीगने लगीं और सुहावने मौसम का पूरा आनंद उठाया। थोड़ी देर बाद उन्होंने कैमरे पर कहा, 'अब मुझे ठंड लग रही है। मैंने मजे-मजे में यह कर तो लिया।' पोस्ट के कैप्शन में तमन्ना ने लिखा, 'मुझे भी अभी ठंड लग रही है।' राशा थडानी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए तमन्ना से पूछा, 'आपने मेरे बिना ऐसा क्यों किया?' राशा का यह कमेंट अब फैंस के बीच खूब वायरल हो रहा है। दोनों एक्ट्रेसेस के बीच लंबे समय से अच्छी दोस्ती मानी जाती है, जिस वजह से राशा का कमेंट और भी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। अब तमन्ना के आने वाले प्रोजेक्ट्स की बात करेंतो वह जल्द ही मोस्ट अवेटेड ड्रामा 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में दिखेंगी, जिसमें पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म को लेकर उम्मीद है कि ये 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। माना जा रहा है कि लोक कथाओं पर आधारित यह थ्रिलर फिल्म मध्य भारत के जंगलों के बैकग्राउंड पर बनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# फ्रैंकी ने की तलाक की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** फ्रैंकी मुनिज हॉलीवुड फिल्मों के जाने-माने अभिनेता हैं। अभिनेता ने गुरुवार को अपने तलाक की खबर फैंस के साथ सोशल मीडिया पर साझा की है। शादी के 6 साल बाद वह अपने पत्नी से अलग हो गए हैं। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में फ्रैंकी मुनिज ने लिखा, 'लाइफ अपडेट। साथ में कई खूबसूरत साल बिताने के बाद हम दोनों में ऐसे बदलाव आए हैं जिनसे हमें अहसास हुआ कि हमारा रिश्ता एक गहरी दोस्ती और को-पैरेंट्स के तौर पर सबसे ज्यादा नैचुरल और मजबूत लगता है। हमारा एक बहुत प्यारा बेटा है जो हमारी दुनिया है।



# किम के बेटे साल्म का हॉलीवुड डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार किम कार्दशियन के छोटे बेटे साल्म वेस्ट ने हॉलीवुड में कदम रख लिया हैं। वह आने वाली एनिमेटेड फिल्म 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' में 'ओली' के किरदार को अपनी आवाज दी है। अपने शो 'द कार्दशियंस' के एक एपिसोड में किम ने बताया कि जब इस फिल्म के लिए उनके बेटे को चुना गया, तो वह बहुत खुश हुए। किम ने अपने बेटे के बारे में बात करते हुए कहा, 'साल्म बहुत ही समझदार और नटखट बच्चा है। उसकी आवाज बहुत प्यारी है। जब मेकर्स ने फोन करके पूछा कि क्या साल्म एक नए पक्षी के किरदार को आवाज देना चाहेंगे, तो वह बेहद उत्साहित हो गए।' साल्म वेस्ट फिल्म 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' में 'ओली' नाम के एक छोटे चूजे को अपनी आवाज दी हैं। इस फिल्म में पुराने और मशहूर किरदार जैसे रेड, चक और बॉम्ब भी वापस लौट रहे हैं।



# सोनी ने साझा की चार पीढ़ियों की तस्वीर


**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की नई एक्शन फिल्म अल्फा 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म की रिलीज से ठीक एक दिन पहले गुरुवार को आलिया की मां और अभिनेत्री सोनी राजदान ने सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारी और भावुक पोस्ट साझा की है। सोनी ने इंस्टाग्राम पर एक खास तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में उनके परिवार की चार पीढ़ियां एक साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में आलिया भट्ट की 97 साल की नानी, आलिया की मां सोनी राजदान, खुद आलिया और आलिया की बेटी राहा कपूर नजर आ रही हैं। सोनी ने अपनी 97 साल की मां को असली 'ओजी यानी अल्फा वुमन' बताया। उन्होंने अपनी मां के बचपन के मुश्किल दिनों को याद करते हुए लिखा, 'मेरी मां जब सिर्फ 6 साल की थीं, तब उन्हें नाजी जर्मनी छोड़कर जाना पड़ा था।



# होते-होते प्यार हो गया का मनाया जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म 'होते होते प्यार हो गया' 2 जुलाई 1999 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। गुरुवार को फिल्म की रिलीज के पूरे 27 साल हो गए हैं। इस खुशी के मौके पर जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर अपनी इस फिल्म की कुछ खास तस्वीरें साझा की हैं। इस खास मौके पर जैकी श्रॉफ ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'होते होते प्यार हो गया' की खूबसूरत तस्वीरों को मिलाकर एक छोटा सा वीडियो मोंटाज साझा किया है। वीडियो के साथ जैकी ने फिल्म का टाइटल सॉन्ग भी लगाया है। 'होते होते प्यार हो गया' फिल्म दो ऐसे अनजान लोगों की कहानी थी, जिनकी अचानक शादी हो जाती है और फिर धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो जाता है। इस फिल्म को फिरोज ईरानी ने निर्देशित किया था।

## टीवी मसाला



# रुपाली ने साझा की साराभाई वर्सेस साराभाई की पुरानी यादें

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली ने दिग्गज अभिनेता सतीश शाह को याद करते हुए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की है। यह पोस्ट उनके टीवी सीरियल 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की पुरानी यादों को ताजा करती है। रुपाली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खास वीडियो साझा किया है। इस वीडियो के साझा करते हुए रुपाली बहुत भावुक हो गईं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'उन्हें (सतीश शाह) को बहुत-बहुत याद करती हूं।' 'साराभाई वर्सेस साराभाई' शो में सतीश शाह ने 'इंद्रावदन साराभाई' का और रुपाली गांगुली ने उनकी बहू 'मोनिशा' का किरदार निभाया था। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। यह एक कॉमेडी शो था। टीवी सीरियल 'साराभाई वर्सेस साराभाई' में दिखाया गया कि अमीर परिवार के होने के बावजूद, इंद्रावदन हमेशा अपनी मिडिल-क्लास बहू मोनिशा का साथ देते थे। जब भी इंद्रावदन की पत्नी माया साराभाई (रत्ना पाठक शाह) मोनिशा को उसके सलीके के लिए टोकती थीं, तो इंद्रावदन मोनिशा के ढाल बनकर खड़े हो जाते थे। दोनों की यह नोक-झोंक दर्शकों को बहुत पसंद आती थी। 'साराभाई वर्सेस साराभाई' सुपरहिट कॉमेडी शो साल 2004 से 2006 तक टीवी पर आया था। साल 2017 में इसका दूसरा सीजन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ था। इस शो में सतीश शाह, रत्ना पाठक शाह, रुपाली गांगुली, सुमित राघवन और राजेश कुमार ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सतीश शाह बॉलीवुड और टीवी जगत के बहुत बड़े कलाकार थे।

## कोई ऐसे आदमी से शादी नहीं करेगा : श्रेया

**नई दिल्ली।** बीते दिनों जब हर्षद चोपड़ा रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में शामिल हुए तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक बड़ा राज सबके सामने खोला। यह राज जानकर फैंस भी दंग थे। वहीं, एक दूसरी प्रतियोगी श्रेया कालरा 'लॉकअप 2' में हर्षद को लेकर अजीब बयान दे रही हैं। उनका कहना है कि जिस तरह का



व्यवहार हर्षद का है, ऐसे में कोई लड़की उनसे शादी नहीं करेगी। इस बात से हर्षद के फैंस नाराज हो गए हैं और श्रेया को सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। एक वायरल वीडियो में श्रेया 'लॉकअप 2' की एक प्रतियोगी से कहती हैं, 'हर्षद का सीरियल नहीं चला, उसने सोचा शो में आएगा तो फैंस से कनेक्ट हो जाएगा। वह बहुत घमंडी है, बाहर भी उसका ऐसा ही व्यवहार है। कोई ऐसे आदमी से शादी नहीं करेगा।'

# आज रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज ओटीटी और थिएटर पर होगा धमाका...

**नई दिल्ली।** सिनेमा प्रेमियों के लिए 3 जुलाई का दिन बेहद खास होने वाला है! इस शुक्रवार को न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बड़े स्टार्स डिजिटल डेब्यू कर रहे हैं, बल्कि सिनेमाघरों में भी तगड़ी एक्शन, सस्पेंस और एडवेंचर फिल्में रिलीज हो रही हैं। अगर आप भी वीकेंड को मजेदार बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो थिएटर से लेकर ओटीटी तक की इस पूरी लिस्ट को देख लें।

**अल्फा :** 'वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स' की ये पहली फीमेल सेंट्रिक फिल्म है। इस फिल्म में दो महिला जासूसों को एक खतरनाक दुश्मन के खिलाफ मजबूरी में हाथ मिलाना पड़ता है और इस मिशन के लिए ऋतिक रोशन उन्हें ट्रेन करते हैं। एक्टर्सः आलिया भट्ट, शरवरी वाघ, अनिल कपूर, बॉबी देओल और ऋतिक रोशन, डायरेक्टरः शिव रवैल, जॉनरः स्पाई एक्शन-थ्रिलर, थिएटर रिलीज।

**नागाबंधमः द सीक्रेट ट्रेजर :** ये फिल्म भारत के प्राचीन विष्णु मंदिरों और वहां से जुड़े रहस्यमयी 'नागाबंधम' अनुष्ठान के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में छिपी हुई परंपराओं, आध्यात्मिक शक्तियों और इतिहास के उन गहरे रहस्यों को दिखाया गया है, जो हमारी आस्था से जुड़े हैं। एक्टर्सः विराट कर्णा, नाभा नटेश, महेश



मांजरेकर, जगपति बाबू, डायरेक्टरः अभिषेक नामा, जॉनरः एक्शन एडवेंचर / मिस्ट्री ड्रामा, थिएटर रिलीज (तेलुगू, हिंदी, कन्नड़ आदि)।


**बेबी डो डाई डो :** मुंबई की भागदौड़ के बीच, एक मूक-बधिर महिला कॉन्ट्रैक्ट किलर के रूप में दोहरी जिंदगी जी रही है, जिसे हत्याएं करते समय केवल अपनी मृत बहन की आवाज सुनाई देती है। लेकिन, जब उसका एक मिशन गलत हो जाता है, तो उसके अतीत के काले राज और गहरे धोखे सामने आने लगते हैं। एक्टर्सः हुमा कुरैशी, चंकी पांडे, सिकंदर खेर, सीमा पाहवा, विद्या मालवड़े, डायरेक्टरः नचिकेत सामंत, जॉनरः साइकोलॉजिकल थ्रिलर / मर्डर मिस्ट्री, थिएटर रिलीज।

**प्रीतम एंड पेड्रो :** मशहूर डायरेक्टर राजकुमार हिरानी इस सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। कहानी में वीर एक टेक-सेवी साइबर एक्सपर्ट 'प्रीतम' बने हैं, जबकि अरशद वारसी पुराने जमाने के पुलिस अधिकारी 'पेड्रो' हैं। इन दोनों की बेमेल जोड़ी एक हाई-प्रोफाइल किडनैपिंग केस को सुलझाने और विक्रांत मैसी जैसे खतरनाक साइबर क्रिमिनल को पकड़ने के लिए साथ आती है। एक्टर्सः वीर, अरशद वारसी, विक्रांत मैसी, डायरेक्टरः राजकुमार हिरानी (क्रिएटर और प्रोड्यूसर), जॉनरः साइबरक्राइम कॉमेडी-ड्रामा, ओटीटीः जियोहॉटस्टार।

**मॉलीवुड टाइम्स :** ये कहानी कुट्टिक्कनम के एक युवा फिल्म निर्माता विनीत माधवन की है। विनीत का सपना हॉलीवुड डायरेक्टर एम. नाइट श्यामलन से प्रेरित होकर मलयालम सिनेमा का सबसे बड़ा हॉरर डायरेक्टर बनने का है। एक्टर्सः नसलिन, शराफ यू धीन, विनीत श्रीनिवासन, संगीत प्रताप, बासिल जोसेफ (कैमियो), डायरेक्टरः अभिनव सुंदर नायक, जॉनरः साइकोलॉजिकल डार्क कॉमेडी, ओटीटीः जियोसिनेमा।

# रामायणम के ट्रेलर से लीक हुआ 11 सेकेंड का अहम सीन!

**मुंबई।** नितेश तिवारी की बिग बजट फिल्म 'रामायणम' की रिलीज का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वो रणबीर कपूर को भगवान राम और यश को लंकापति रावण के किरदार में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। पर इसी बीच फिल्म के ट्रेलर से 11 सेकेंड का एक सीन लीक हो गया है, जिसे देख फैंस भड़क गए हैं और एक्शन की मांग कर रहे हैं। हालांकि, अभी लीक को लेकर 'रामायणम' के मेकर्स की तरफ से कोई बयान या प्रतिक्रिया नहीं आई है। एक्स पर वायरल हो रहे वीडियो में रणबीर कपूर राम के अवतार में हैं और वह एक राक्षस का वध करते नजर आ रहे हैं। यूजर्स का दावा है कि यह सीन कथित तौर पर फिल्म 'रामायणम' के ट्रेलर का हिस्सा है, जिसे हाल ही सिनेमाकॉन इवेंट में दिखाया गया था। यूजर्स भड़के हुए हैं लीक पर एक्शन की मांग कर रहे हैं। हालांकि, कुछ यूजर्स का यह भी कहना है कि लीक हुआ सीन असली नहीं है, बल्कि एआई जेनरेटेड है। इसका उन्होंने पूरा वीडियो भी शेयर किया है। कई यूजर्स ने इस एआई वीडियो को 'रामायणम' के ओरिजनल टीजर और 'आदिपुरुष' से 100 गुना बेहतर



बताया। मालूम हो कि 'रामायणम' के टीजर को अप्रैल में हनुमान जयंती के मौके पर रिलीज किया गया था। तब फिल्म से राम के किरदार में रणबीर कपूर की झलक दिखाई गई थी। रावण बने यश भी नजर आए थे। पर टीजर को मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म के वीएफएक्स कुछ खास पसंद नहीं किए गए थे। आपने अब तक जो देखा है, वह तो बस शुरुआत है... हम सब इस दिवाली पर अपनी संस्कृति और इतिहास का जश्न मनाने के लिए अपनी इस महागाथा को सबसे बड़े पर्दे पर जीवंत करने की कोशिश कर रहे हैं। 'रामायणम' को दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा। पहला पार्ट 8 नवंबर 2026 को रिलीज होगा, जबकि दूसरा पार्ट दीवाली 2027 पर आएगा।

## सच्ची घटना पर है आधारित, 183 करोड़ में बनी, कमाए 1050 करोड़

# वो फिल्म जिसे बनने में लगे 20 साल, 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीत रचा इतिहास

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक हर साल न जानें कितनी फिल्में बनती हैं। इन फिल्मों के बनने के साथ ही इसके साथ कई किस्से भी जुड़े होते हैं। फिल्म बनने से लेकर उसके थिएटर रिलीज तक को लेकर फैंस के बीच में काफी एक्साइटमेंट रहती है। वहीं, किसी भी फिल्म के अवॉर्ड मिलना एक बड़ी बात है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बनने में ही 20 साल लग गए। हालांकि, इसका ये इंतजार बेकार नहीं गया, इस फिल्म ने रिलीज के बाद इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने एक दो नहीं बल्कि, 11 में से 8 ऑस्कर अवॉर्ड्स जीते। ये फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है।*



### रिचर्ड एटनबरो ने किया था निर्देशन

हम बात कर रहे हैं साल 1982 में आई फिल्म 'गांधी' की। ये कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं, बल्कि हॉलीवुड फिल्म है। 'गांधी' एक हॉलीवुड मूवी है। इस ब्रिटिश-इंडो फिल्म का निर्देशन रिचर्ड एटनबरो ने किया था। ये भले ही ये एक हॉलीवुड मूवी हो, लेकिन इसमें ज्यादातर काम बॉलीवुड स्टार्स ने किया है। ये फिल्म काफी सुर्खियों में रही थी।

### गांधी का रोल कर चमकी बेन किंग्सले की किस्मत

साल 1982 में आई ब्रिटिश-इंडो फिल्म 'गांधी' में फिल्म में बेन किंग्सले ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का किरदार निभाया और वो इस किरदार में ऐसे चमके कि हर कोई देखता रह गया था। इस फिल्म ने बेन को एक खास और अलग पहचान दिलाई। उनकी परफॉर्मेंस के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का ऑस्कर भी मिला था।

***बजट से कई गुना ज्यादा की कमाई :*** फिल्म 'गांधी' को लगभग 183 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था। इसने उत्तरी अमेरिका में इसने करीब 52.7 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाई की। वहीं, 'गांधी' ने दुनिया भर में लगभग 127.8 मिलियन डॉलर की कमाई की यानी भारतीय करेंसी में फिल्म ने उस वक्त दुनियाभर में करीब 1050 करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म को क्रिटिकल के शानदार रिव्यू मिले हैं।

### इन बॉलीवुड सितारों ने निभाया अहम रोल

मूवी में रोहिणी हट्टंगड़ी ने फिल्म में 'कस्तूरबा गांधी' किरदार निभाया। इसके अलावा अमरीश पुरी ने फिल्म में 'खान' के किरदार में नजर आए। वहीं, फिल्म में रोशन सेठ (नेहरू), सईद जाफरी (पटेल) और ओम पुरी जैसे दिग्गज कलाकार भी लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहे। यही वजह है कि गांधी के चलते भारत की झोली में ऑस्कर आया और ये फिल्म हमेशा के लिए यादगार बन गई। इस फिल्म को आईएमडीबी 8 रेटिंग मिली है। इस फिल्म ने 1983 के 55वें एकेडमी अवॉर्ड्स में धूम मचा दी थी। फिल्म 11 श्रेणियों में नॉमिनेट हुई थी और इसने 8 ऑस्कर जीते।

## मंडी शुल्क में बदलाव पर बढ़ा विवाद

# कपास पर राहत और बाकी फसलों पर बढ़े शुल्क से किसान-व्यापारी नाराज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क में किए गए बदलाव को लेकर प्रदेशभर में विवाद गहरा गया है। 16 जून को जारी अधिसूचना के तहत कपास पर मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से घटाकर 0.50 प्रतिशत कर दिया गया, जबकि गेहूं, चना, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, मसाले, फल और सब्जियों सहित अन्य सभी कृषि उपजों पर मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.50 प्रतिशत कर दिया गया है। इस फैसले के बाद मालवा, महाकौशल, विंध्य, चंबल और बुंदेलखंड के किसान व व्यापारी सरकार पर क्षेत्रीय भेदभाव का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि कपास की खेती मुख्य रूप से निमाड़ क्षेत्र में होती है, जिससे वहां के किसानों और व्यापारियों को राहत मिली है, जबकि अन्य क्षेत्रों के किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

**कपास व्यापारियों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया**



फाइल फोटो

### व्यापारियों ने जताया विरोध

मंडी शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में बीते सप्ताह प्रदेशभर की मंडियों में एक दिन का बंद रखा था। प्रदेश के सकल अनाज-तिलहन व्यापारी महासंघ ने शुल्क में वृद्धि वापस लेने की मांग की है। वहीं, निमाड़ के जिनिंग मिल संचालकों और कपास व्यापारियों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया और भोपाल पहुंचकर जनप्रतिनिधियों का आभार भी जताया। अनाज-तिलहन व्यापारी संघ के समीर भार्गव का कहना है कि बढ़े हुए मंडी शुल्क का सीधा असर किसानों और उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

### अगले सप्ताह होगी प्रदेश स्तरीय बैठक

अनाज-तिलहन व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष मनोज काला ने अगले सप्ताह प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। बैठक में आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। व्यापारियों का कहना है कि यदि सरकार ने शुल्क वृद्धि वापस नहीं ली, तो प्रदेशभर की कृषि उपज मंडियों को बंद करने जैसे बड़े आंदोलन का फैसला लिया जा सकता है।

### नर्मदापुरम प्लांट को मिलेगी अल्ट्रा हाई प्योरिटी नाइट्रोजन



आईएनए सोलर समझौता

भोपाल। आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने इंसोलेशन ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ 15 वर्षों के लिए दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता किया है। इस करार के तहत मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में स्थापित किए जा रहे 4.5 गीगावॉट क्षमता वाले सोलर सेल निर्माण संयंत्र को अल्ट्रा हाई प्योरिटी नाइट्रोजन की आपूर्ति की जाएगी। आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स अपनी नर्मदापुरम स्थित मौजूदा एयर सेपरेशन यूनिट से समर्पित पाइपलाइन नेटवर्क तैयार करेगा। प्लांट को हर घंटे 2,400 एनएम अल्ट्रा हाई प्योरिटी नाइट्रोजन की लगातार और भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यह गैस आधुनिक सोलर सेल निर्माण प्रक्रिया में गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### रॉयल एनफील्ड ने पेश किया हिमालयन बेसकैंप

नई दिल्ली। रॉयल एनफील्ड इस सितंबर एक खास अनुभव लेकर आ रही है। कंपनी ने अपने पहले हिमालयन बेसकैंप लद्दाख एडिशन की घोषणा की है, जो लद्दाख में 11,480 फीट की ऊंचाई पर आयोजित किया जाएगा। रॉयल एनफील्ड के आध्यात्मिक घर माने जाने वाले लद्दाख में आयोजित होने वाला यह बेसकैंप राइडर्स, पर्वतारोहियों, ओवरलैंडर्स, कायाकर्स और अन्य एडवेंचर प्रेमियों को एक मंच पर लाएगा। आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों को हिमालय की ऊंचाइयों, लंबी दूरी की यात्राओं और अनदेखे इलाकों की खोज का अनूठा अनुभव प्रदान करना है ।

### क्यूपिड का राजस्व 150 करोड़ रु.से अधिक

मुंबई। क्यूपिड लिमिटेड (कंपनी) वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 150 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व दर्ज करने की राह पर है। यह कंपनी के इतिहास के सबसे मजबूत तिमाही प्रदर्शन में से एक होगा। वित्त वर्ष की इस शानदार शुरुआत और अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू बाजारों में बेहतर कारोबारी संभावनाओं को देखते हुए प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने राजस्व अनुमान को न्यूनतम 10 फीसदी बढ़ा दिया है।

## डिजाइन, साइज के हिसाब से कीमत

# मानसून की आहटः शहर में सड़क किनारे बढ़ी रंग-बिरंगे छातों की बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मानसून की आहट के साथ ही राजधानी भोपाल में मौसम का रंग बदलने लगा है। बारिश की संभावना बढ़ते ही शहर के प्रमुख बाजारों और सड़क किनारे रंग-बिरंगी छातों की बिक्री शुरू हो गई है।

फुटपाथों और फुटपाथी बाजारों में तरह-तरह की छतरियों की दुकानें सजने लगी हैं। व्यापारियों का कहना है कि हर साल मानसून से पहले छातों की मांग अचानक बढ़ जाती है। इस बार भी बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए अलग-अलग डिजाइन, साइज और कीमतों वाली छतरियां बाजार में उपलब्ध हैं। कुछ छतरियां हल्की और फोल्डेबल हैं, जबकि कुछ मजबूत और लंबे समय तक चलने वाली बताई जा रही हैं। भोपाल के मुख्य बाजारों और बस स्टैंड क्षेत्रों में सुबह से ही ग्राहकों की आवाजाही बढने लगी है। फुटपाथी दुकानदारों का कहना है कि मौसम में बदलाव के साथ बिक्री में और तेजी आने की उम्मीद है।

### ब्राइट आउटडोर ने लगाया नया लैंडमार्क होर्डिंग

मुंबई। ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेडने मुंबई महानगर क्षेत्र के मीरा–भायंदर कॉरिडोर में एक नया प्रीमियम लैंडमार्क होर्डिंग स्थापित कर अपनी आउट-ऑफ-होमविज्ञापन उपस्थिति को और मजबूत किया है। कंपनी का कहना है कि यह विस्तार विज्ञापनदाताओं को अधिक दृश्यता और प्रभावी ब्रांडिंग का अवसर प्रदान करेगा।नया होर्डिंग 30×30 फीट आकार का है और आगे व पीछे दोनों ओर विज्ञापन प्रदर्शन की सुविधा के साथ कुल 1,800 वर्ग फुट का हाई-इम्पैक्ट विज्ञापन स्पेस उपलब्ध कराता है। इसकी रणनीतिक लोकेशन ब्रांड्स को हाईवे से गुजरने वाले लाखों यात्रियों तक प्रभावी पहुंच दिलाने में मदद करेगी।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मण्डला क्रं. 02**

पत्र क्रं.514/ग्रा.या. सेवा / 2026 — **कोटेशन आमंत्रण सूचना** — मण्डला दिनांक 24.06.2026

**ऑफलाईन निविदा आमंत्रण सूचना क्र 02/2026-27**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु ऑफ लाईन मोहर बंद प्रतिशत दर निविदाये फार्म ए पर मध्यप्रदेश सरकार के केन्द्रीयकृत पंजीयन पद्धति में "सी" एवं उच्च श्रेणी में समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में मंडला जिले में निम्न तालिका में अंकित निर्माण कार्यो हेतु निविदा म.प्र. विद्युत मण्डल की प्रचलित 01.01.2024 प्रभावशील दर अनुसूची एवं निविदा आमंत्रण सूचना के दिनांक तक संशोधित के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि - 08.07.2026 से 09.07.2026 समय 6.00 बजे शाम तक
निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 10.07.2026 समय 3.00 शाम तक प्राप्त की जावेगी एवं निविदा उसी दिनांक को 3.30 बजे शाम को खोली जावेगी

| क्रं. | कार्य का नाम | जी शैड्यूल की राशि | अमानत राशि (रुपए में ) | प्रचलित एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिजिस्क,केमेस्ट्री बायोलॉजी लेब कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणगंज में विघुत फिटिंग कार्य भाग 01 | 133329.00 | 2667.00 | एस.ओ.आर. दर दिनांक 101.01.2024 से प्रभावशील |
| 2 | ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य देवरी / नारायणगंज में में विघुत फिटिंग कार्य भाग 01 | 117583.00 | 2352.00 | एस.ओ.आर. दर दिनांक 101.01.2024 से प्रभावशील |
| 3 | ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य पिण्डरई / नैनपुर में में विघुत फिटिंग कार्य भाग 02 | 148631.00 | 3000.00 | एस.ओ.आर. दर दिनांक 101.01.2024 से प्रभावशील |

टीप - 1. आवेदन पत्र स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें । 2. म. प्र. सरकार के केन्द्रीयकृत पंजीयन पद्धति में सी श्रेणी में पंजीकृत होना अनिवार्य है । 3. आवेदन पत्र के साथ पंजीयन की प्रति, आयकर की प्रति एवं जी. एस. टी. की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 4 कोटेशन के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ. डी. आर. दर्शित राशि अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा ।

G-15093/26

कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग मण्डला क्रं. 02


### स्कोडा ऑटो इंडिया ने पहली छमाही में रचा नया बिक्री रिकॉर्ड, 38,894 वाहनों की बिक्री



जबलपुर। स्कोडा ऑटो इंडिया ने वर्ष 2026 की पहली छमाही (एच1 2026) में 38,894 वाहनों की बिक्री कर नया अर्धवार्षिक रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने एच1 2025 की तुलना में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि ग्राहकों के बढ़ते विश्वास, उत्पाद-केंद्रित रणनीति और बेहतर ग्राहक सेवाओं का परिणाम है। उन्होंने बताया कि नई कुशाक, अपडेटेड कोडियाक, नई कोडियाक आरएस, कायलैक और स्लाविया को ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। कंपनी ने देशभर में 340 से अधिक टचपॉइंट्स तक अपना नेटवर्क बढ़ाया है तथा स्कोडा एक्सप्रेस केयर सेवा भी शुरू की है। इसके अलावा, स्कोडा के वाहनों ने कोयंबटूर के कोएएसटीटी ट्रैक पर 'द फास्टेस्ट मल्टी-कार रिले ऑफ अ सिंगल मैन्युफैक्चरर ऑन अ सर्किट' का इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी स्थान बनाया।

### जेएसडब्ल्यू एमजी ने की सर्वाधिक होलसेल बिक्री

गुरुग्राम। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने जून 2026 में अब तक का बेहतरीन थोक बिक्री प्रदर्शन दर्ज किया है। जून 2025 की तुलना में जून 2026 में 30 फीसदी साल-दर-साल वृद्धि के साथ, कार निर्माता ने इस महीने 7,568 यूनिट्स सेल किए हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के विविध प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की शानदार स्वीकार्यता को दिखाता है, जिसमें इंटरनल कंबशन इंजन और न्यू एनर्जी व्हीकल दोनों मॉडल शामिल हैं।

### इन्विक्टा डायग्नोस्टिक का सेंटर पुणे में शुरू

मुंबई। इन्विक्टा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनी पोर्टियस मेडिकल एलएलपी के माध्यम से पुणे स्थित अपने नए डायग्नोस्टिक सेंटर में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की घोषणा की है। पुणे सेंटर के शुरू होने से कंपनी की मौजूदगी मुंबई महानगर क्षेत्र से आगे और मजबूत हुई है। इस केंद्र में एमआरआई, मैमोग्राफी, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी , पैथोलॉजी, टीएमटी और एक्स-रे सहित व्यापक डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध हैं।

### बेंगलुरु में बनेगा द परफॉर्मेंस इंस्टीट्यूट

मुंबई। एक्सिस बैंक ने गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत बेंगलुरु में एक्सिस बैंक–गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन द परफॉर्मेंस इंस्टीट्यूट स्थापना की जाएगी। जिसका उद्देश्य खेल विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देकर भारत की खेल क्षमताओं को मजबूत करना तथा भारतीय खेलों के दीर्घकालिक विकास को गति देना है।

### मक्का फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए 'अशिताका' का उपयोग करने की सलाह

मुंबई। मध्य प्रदेश के मक्का किसानों के लिए फसल की शुरुआती अवस्था को महत्वपूर्ण बताते हुए गोदरेज एग्रोवेट ने आईकेएस जापान के सहयोग से मक्के के लिए विशेष खरपतवारनाशक 'अशिताका' पेश किया है। कंपनी के अनुसार, खरपतवार 2 से 4 पत्तियों की अवस्था में होने पर 50 मिलीलीटर प्रति एकड़ अशिताका को 400 मिलीलीटर सर्फेक्टेंट के साथ उपयोग करने से घास एवं चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों पर प्रभावी नियंत्रण मिलता है। इससे फसल को नमी और पोषक तत्वों का बेहतर उपयोग करने में सहायता मिलती है तथा स्वस्थ विकास और अधिक पैदावार की संभावना बढ़ती है। गोदरेज एग्रोवेट के क्रॉप केयर बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एन. के. राजावेलु ने किसानों से समय पर खरपतवार नियंत्रण कर फसल को मजबूत शुरुआत देने की अपील की।








सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/1897/लोनिवि/नपानि/2026-27 — **- प्रथम निविदा सूचना -** — छिन्दवाड़ा दिनांक 1/7/26

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _518595_1 Dated 03/07/26 | वार्ड क्रमांक 22 में सीताबाई के घर के पास नाली निर्माण कार्य | 1. 502200 2. 2 माह | 1. 2000 2. 5022 | 17/07/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा**


## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।


**खंड- I ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन — कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2026_MPFD_518009_1 /ई-टेंडरिंग /2026-27 दिनांक 01/07/2026

वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमंडल डिण्डौरी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 KW OFF GRID Solar SYSTEM | 2 KW OFF GRID SOLAR SYSTEM Solar Panel (MNRE Approved )- 540 Watts Watts * 4 Nos. Type- Mono Panel, (Min. 25 Yr. Warranty) Structure Type-Hot Dip GI, Fix Type, ISI Mark. Inverter (MPPT Based Technology) Capacity- 3KVA/48 V. (Min. 5 Yr. Warranty) 1 One. Battery Type Solar (ISO, ISI) - LFP (LiFePO4) - Dry Lithium Battery-Capacity- 150 Or 200 AH / 12v, 04 Nos. Single Rack, Energy Stored (Wh) 2400-2700 Watt-Hours (Min.5 Yr. Warranty) Weight 50.7 lbs. (23.0kg) All Accessories Including With Installation. | अनुमानित | 69000/- | 1000/- |

(1) निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। (2) इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 01/07/2026 Time 10:30 PM बजे से दिनांक 21/07/2026 Time 06:00 PM बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है। (3) ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। (4) निविदा पूर्व बैठक दिनांक 10/07/2026 समय 04:00 PM को डिण्डौरी सामान्य वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस (meet.google.com/hsg-heay-pjj) के माध्यम से भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं। (5) ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । (6) ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in

G-15113/26 — **वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**

क्र./ 1878 / राजस्व/न.पा.नि/2026 — **सार्वजनिक उदघोषणा** — रीवा, दिनांक 02.07.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय जिला रीवा के प्रकरण क्रमांक 0009/अ-20 (5) / 2026-27 एवं अनुविभागीय अधिकारी महोदय हुजूर जिला रीवा के प्रकरण क्रमांक 0001/अ-20 (5) / 2026-27, के अंतर्गत ग्राम रीवा, पटवारी हल्का रीवा के शासकीय आराजी क्रमांक 384/1, रकवा 3.5640 हे. / वर्गमीटर के अंश रकवा 0.011152 हे. / वर्गमीटर भूमि स्मार्ट पब्लिक टायलेट निर्माण हेतु नगर पालिक निगम रीवा के नाम आवंटन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है ।

2/ माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय जिला रीवा के प्रकरण क्रमांक 0007 / अ - 20 (5)/2026-27 एवं अनुविभागीय अधिकारी महोदय हुजूर जिला रीवा के प्रकरण क्रमांक 0003 /अ-20 (5) / 2026-27, के अंतर्गत ग्राम रीवा, पटवारी हल्का रीवा के शासकीय आराजी क्रमांक 345, रकवा 5.1810 हे. / वर्गमीटर के अंश रकवा 0.011152 हे./वर्गमीटर भूमि स्मट पब्लिक टायलेट निर्माण हेतु नगर पालिक निगम रीवा के नाम आवंटन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।


3/ माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय जिला रीवा के प्रकरण क्रमांक 0006 /अ-20 (5) / 2026-27 एवं अनुविभागीय अधिकारी महोदय हुजूर जिला रीवा के प्रकरण क्रमांक 0005 / अ - 20 (5) / 2026-27, के अंतर्गत ग्राम रीवा, पटवारी हल्का रीवा के शासकीय आराजी क्रमांक 372, रकवा 0.6070 वर्गमीटर के अंश रकवा 0.011152 वर्गमीटर भूमि स्मट पब्लिक टायलेट निर्माण हेतु नगर पालिक निगम रीवा के नाम आवंटन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

4/ माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय जिला रीवा के प्रकरण क्रमांक 0008 / अ - 20 (5) / 2026-27 एवं अनुविभागीय अधिकारी महोदय हुजूर जिला रीवा के प्रकरण क्रमांक 0004/अ-20 (5) / 2026-27, के अंतर्गत ग्राम रीवा, पटवारी हल्का रीवा के शासकीय आराजी क्रमांक 814, रकवा 2.1610 हे. / वर्गमीटर के अंश रकवा 0.1499 हे./वर्गमीटर भूमि रानी अजब कुवारी कैम्पस पार्क निर्माण हेतु नगर पालिक निगम रीवा के नाम आवंटन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में तहसीलदार हुजूर नगर रीवा ने बताया है कि इन भूमियों के आवंटन में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 06.07.2026 तक हुजूर नगर न्यायालय रीवा के समक्ष में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत तिथि तक आपत्तियां प्राप्त न होने पर इन भूमियों के आवंटन सम्बंधी कार्यवाही की जावेगी ।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म. प्र. )


## शब्द पहेली - 6275



बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1.एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4.दान देने वाला-4
7.सवारी गाड़ी-2
8.संख्या,रत्न-2
10.जाप,मंत्र पाठ-2
12.आक्रमणकारी-5
14.अपशिष्ट पदार्थ-2
15.दिन,प्रहार-2
16.भीगा हुआ-2
17.शिशु,पैदा हुआ बच्चा-4
19.कीमती-4
20.आलसी,निष्ठाहीन-5
21.जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22.गारंटी,मुचलका-4
24.रिश्तेदार-2
25.शेर,नाहर-2
26.पिटाई,चोट-2
27.निम्नता,न्यूनता-5
31.परिणाम,निष्कर्ष-2
32.महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33.मूल,कंद-2
34.उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

**ऊपर से नीचे**
2.सवेरा,भोर-3
3.सांभर जैसा आहार -3
4.दैत्य,असुर-3
5.शहर-3
6.तरुण,जवान-4
9.एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11.ईश्वर,रब-7
13.डांट,फटकार, भर्त्सना -3,4
14.भारत के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
18.अधीन-3
19.निवेदन,प्रार्थना-3
21.असमतल-4
23.धमाका, सनसनी-4
27.करिश्मा-3
28.बारीक-3
29.कपड़े धोनेवाला-3
30.पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 6274 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6285

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANDAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6284 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# जोश-जुनून से भरपूर रोमांचक खेल फुटबॉल


बच्चो, इन दिनों सबसे पॉपुलर खेलों में से एक फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रूप से हो रहा है। 11 जून से शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप 19 जुलाई को समाप्त होगा। क्या तुम जानते हो कि फुटबॉल की शुरुआत कैसे हुई, यह वर्तमान स्वरूप में कैसे पहुंचा? यहां हम इनके बारे में तुम्हें बता रहे हैं। साथ ही फुटबॉल के महान खिलाड़ियों और इससे जुड़े कुछ रोचक फैक्ट्स के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।




स्पोर्ट्स नॉलेज
शिखर चंद जैन

बच्चो, फुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में एक है। इसे 'द ब्यूटीफुल गेम' भी कहा जाता है। अधिकतर देशों में लोग फुटबॉल बड़े चाव से खेलते हैं। इन दिनों फुटबॉल की चर्चा इसलिए भी हर तरफ हो रही है, क्योंकि बीते 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। अरबों लोग इस खेल टूर्नामेंट को टीवी या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख रहे हैं। तुम भी अलग-अलग देशों की फुटबॉल टीमों के रोमांचक मुकाबले देख रहे होगे। हालांकि आज का आधुनिक फुटबॉल खेल हमेशा से ऐसा नहीं था। यह खेल हजारों वर्षों में कई बदलावों से गुजरकर अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचा है।

**प्राचीन काल में हुई शुरुआत:** फुटबॉल की शुरुआत लगभग 2,000 साल पहले चीन में खेले जाने वाले 'सु-जू' नामक खेल से मानी जाती है। इसमें खिलाड़ी चमड़े की गेंद को बांस के खंभों के बीच लगे जाल में पहुंचाने की कोशिश करते थे। इसके अलावा प्राचीन ग्रीस और रोम में भी गेंद से खेले जाने वाले कई खेल प्रचलित थे, जिन्हें आधुनिक फुटबॉल का शुरुआती रूप माना जाता है।



फुटबॉल जैसा खेल सु-जू

**ऐसे हुई वर्तमान स्वरूप की शुरुआत:** आधुनिक फुटबॉल की नींव इंग्लैंड में रखी गई। अक्टूबर 1863 को लंदन में फुटबॉल क्लबों की बैठक हुई, जहां पहली बार इस खेल के आधिकारिक नियम तैयार किए गए। इसी बैठक के बाद 'फुटबॉल एसोसिएशन' की स्थापना हुई। पहले खिलाड़ी हाथ और पैर दोनों से खेलते थे। लेकिन नए नियमों में तय किया गया कि गेंद को मुख्य रूप से पैरों से खेला जाएगा। यहीं से फुटबॉल खेल के वर्तमान स्वरूप की शुरुआत मानी जाती है। बाद में वर्ष 1904 में फीफा की स्थापना हुई, जो आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का संचालन और नियम तय करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

**फुटबॉल से जुड़े आविष्कार:** फुटबॉल का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया, बल्कि यह समय के साथ विकसित हुआ। हालांकि कुछ लोगों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। चार्ल्स गुडईयर ने 1855 में पहली रबर की फुटबॉल तैयार की। इससे पहले गेंद जानवरों के ब्लैडर से बनाई जाती थी, जो ज्यादा टिकाऊ नहीं होती थी। फुटबॉल के शुरुआती नियमों और इस खेल की संरचना को विकसित-व्यवस्थित करने में इंग्लैंड के कई फुटबॉल क्लबों एवं इस खेल से जुड़े प्रशासकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रॉबर्ट एबट ने फुटबॉल के गोल पोस्ट और इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण नियमों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। *


## विश्व के महान फुटबॉल-प्लेयर्स




**पेले:** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले को 'किंग ऑफ फुटबॉल' और 'ब्लैक पर्ल' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 1,000 से अधिक गोल किए। वे ब्राजील को तीन फीफा विश्व कप जिताने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं।



**डिएगो मैराडोना:** अर्जेंटीना के खिलाड़ी डिएगो मैराडोना भी एक महान फुटबॉलर थे। उनका 'सदी का सबसे शानदार गोल' आज भी याद किया जाता है। फुटबॉल खेलने के दौरान उनकी ड्रिबलिंग अद्भुत थी।



**लियोनेल मेसी:** मेसी को फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने कई व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स बनाए। 2022 में अर्जेंटीना को फुटबॉल विश्व कप जिताने में मेसी का महत्वपूर्ण योगदान था।



**क्रिस्टियानो रोनाल्डो:** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी फिटनेस, रफ्तार और हवा में ऊंची छलांग लगाकर हेडर मारने के लिए मशहूर हैं। वे अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।



**जिनेदिन जिदान:** फ्रांस के महान मिडफील्डर जिनेदिन जिदान अपनी शानदार तकनीक, बेहतरीन पासिंग और खेल की समझ के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। इन्हें 'मैदान का जादूगर' कहा जाता था।

## इंट्रेस्टिंग फैक्ट्स और रिकॉर्ड्स




फुटबॉलर हाकन शुकुर (व्हाइट जर्सी में)

**सबसे तेज गोल:** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड तुर्की के हाकन शुकुर के नाम है। 2002 फीफा विश्व कप में तुर्की के हाकन शुकुर ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच शुरू होने के सिर्फ 10.8 सेकेंड बाद गोल कर इतिहास रच दिया।

**सबसे ज्यादा बार वर्ल्ड कप विजेता:** ब्राजील ने अब तक सबसे ज्यादा 5 बार फीफा विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की है।

**सबसे ज्यादा दर्शक:** 1950 विश्व कप के ब्राजील और उरुग्वे के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को रियो डी जेनेरियो के माराकाना स्टेडियम में अब तक के सबसे ज्यादा लगभग दो लाख दर्शकों ने प्रत्यक्ष देखा था।



छोटी कहानी
रवि प्रकाश

# किताब का जादू


कबीर कक्षा सात का एक ऐसा छात्र था, जिसे लोग 'नोटिस' ही नहीं करते थे। वह न पढ़ाई में सबसे आगे था, न खेलकूद में। उसे लगता- इस बड़े से स्कूल की भीड़ में वह एक खोया हुआ बच्चा है। जब शिक्षक कोई सवाल पूछते, जवाब पता होते हुए भी कबीर अपना हाथ नहीं उठाता। उसे डर लगता था कि कहीं सब बच्चे उस पर हंस न दें।

एक दिन बाहर मूसलाधार बारिश हो रही थी। खेल का मैदान पानी से लबालब भरा था। कबीर स्कूल के पुस्तकालय के एक शांत कोने में जाकर बैठ गया। खिड़की पर बूंदें 'टप-टप' गिर रही थीं। अंदर पुरानी किताबों की एक सोंधी-सी महक फैली थी।

तभी उसकी नजर रैक के सबसे नीचे दबी एक फटी जिल्द वाली किताब पर पड़ी। उसने उसे बाहर निकाला। किताब का शीर्षक था- 'हौसलों की उड़ान: जिन्होंने दुनिया बदल दी।'

कबीर ने किताब पढ़ना शुरू किया। उसने पढ़ा कि महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन को बचपन में 'मंदबुद्धि' कहकर स्कूल से निकाल दिया गया था। कबीर ने इस किताब में यह भी पढ़ा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन एक नहीं दर्जनों बार चुनाव हारे थे। किताब के बीचों-बीच एक अनमोल वचन लिखा था- 'सूरज की तरह चमकने के लिए, पहले उसकी तरह जलना पड़ता है।' इस एक कथन ने कबीर के भीतर जैसे आत्मविश्वास का कोई सोता खोल दिया। उसे समझ में आ गया- प्रतिभा जन्म से नहीं, जिज्ञासा और मेहनत से आती है। उसने वह किताब पुस्तकालय से जारी करवाई और किसी खजाने की तरह संभालकर घर ले गया।

अब उसका खाली समय फोन या टीवी पर नहीं, प्रयोग करने में बीतने लगा। उसने अपने गांव का गंदा तालाब देखा और एक 'कम लागत वाला जल शोधक' (लो कॉस्ट वाटर फिल्टर) बनाने की ठान ली। घर के स्टोर रूम से पाइप, कोयला, कंकड़ और रेत इकट्ठा किया। कई बार पानी साफ नहीं हुआ। कई बार पाइप टूट गया और कमरे में कीचड़ फैल गया, लेकिन कबीर हारा नहीं, रुका नहीं। जब तब वह इस जादुई किताब के पन्ने पलटते रहता। बहुत कुछ जानता-सीखता। इनके आधार पर प्रयोग करता।




एआई इमेज

विज्ञान प्रदर्शनी के दिन कबीर का स्टाल सबसे पीछे था। बड़े-बड़े स्कूलों के बच्चे अपने महंगे-महंगे साइंटिफिक मॉडल लेकर आए थे। लेकिन जब निर्णायकों ने कबीर के साधारण से फिल्टर से गंदे नाले का पानी कांच जैसा साफ होते देखा-वे दंग रह गए।

जब बेस्ट इनोवेटर का पुरस्कार कबीर के नाम घोषित हुआ, तो मंच पर जाते समय उसका सिर गर्व से ऊंचा था। प्रिंसिपल ने पूछा, 'कबीर, यह प्रेरणा तुम्हें कहां से मिली?'


कबीर मुस्कुराया और बोला, 'सर, मुझे एक जादू की छड़ी मिल गई थी, जो पुस्तकालय की अलमारी में बरसों से मेरा इंतजार कर रही थी, उसी से कुछ कर दिखाने की प्रेरणा मिली।'

***सीख:** अच्छी किताबें केवल छपे अक्षर नहीं होतीं, वे बंद मस्तिष्क के ताले खोलने की चाबियां होती हैं। एक सही किताब हमारी जिंदगी की दिशा बदल देती है।* *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## सरल-सरस-मनोरंजक बाल कविताएं

कविताएं केवल मनोरंजन ही नहीं करें, गुदगुदाएं भी तो कहने क्या! कुछ इसी तरह का आनंद तुम्हें बाल साहित्यकार डॉ. सुरेश अवस्थी द्वारा रचित बाल कविताओं का संकलन 'बच्चों की फुलवारी' पढ़कर मिलेगा। इस संकलन में छोटी-बड़ी कुल 22 रोचक-मनोरंजक कविताएं हैं। संकलन की पहली कविता 'चूहे' बड़ी मजेदार है, इसमें तुम पढ़ोगे कि कैसे घर में उधम मचाते हुए चूहे पानी से भरे घड़े में गिर जाते हैं, पापाजी की अलमारी से नोट उड़ा ले जाते हैं, लेकिन बिल्ली को आता हुआ देखकर अपनी जान बचाते हुए भागकर बिल में छिप जाते हैं। एक कविता में तुम पढ़ोगे कि बंदर मामा नकली पंडित बनकर ब्याह कराने तो बड़े मजे से आते हैं, लेकिन मंत्र न पढ़ पाने के कारण उन्हें हंसी का पात्र बनकर भागना पड़ता है। 'जलेबी' कविता में तो जलेबी को अन्य कई मिठाइयों की रिश्तेदार बताया गया है। उसे इमरती की बहन, रसगुल्ले की चाची, काला जाम की बुआ बताते हुए नरम-रसभरी कहा गया है। 'मेला' कविता में रंग-बिरंगे गुब्बारे हैं, लड्डू-पेड़ा है, झूलों और खेल-खिलौनों का संसार है। 'बूढ़ी दादी' कविता में एक बच्चा पहले दादी से पके बाल, पिचके गाल और दांत न होने की बातें पूछता है फिर बड़े प्यार से 'करवा दो तुम मेरी शादी, बूढ़ी दादी-बूढ़ी दादी' कहकर कविता में रस घोल देता है। 'मेरी कलम', 'आई रेल', 'गुड़िया की ससुराल', 'रोज सवेरे', 'तितली' और 'छम-छम नाचे वर्षा रानी' जैसी कविताएं इतनी सरल हैं कि पढ़ते-पढ़ते ही तुम्हें याद हो जाएंगी। कौआ और लोमड़ी की कहानी को भी कवि ने कविता में ढालकर फिर से कौए को मूर्ख और लोमड़ी को चालाक बताया है। 'हमारा स्कूल', 'लट्टू' और 'मेरा घोड़ा' जैसी संग्रह की छोटी-छोटी कविताएं भी बहुत प्यारी हैं। *



**किताब:** बच्चों की फुलवारी (बाल कविता संग्रह), **लेखक:** डॉ. सुरेश अवस्थी, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** ईरा पब्लिशर्स, कानपुर



कहानी
संजीव जायसवाल 'संजय'

कमलापुर गांव में एक बहुत पुराना विशाल बरगद का वृक्ष था। एक दिन अचानक इस वृक्ष से ढोल की आवाजें आने लगीं। गांव वाले दहशत में आ गए कि बरगद के वृक्ष पर जिन्नों का डेरा हो गया है, वही ढोल बजाते हैं। लेकिन मुकुल को यह बात बड़ी अजीब-सी लगी। उसने इस रहस्य का सच सामने लाकर दम लिया।

# रहस्यमयी ढोल

कमलापुर गांव के बाहरी हिस्से में एक बहुत विशाल और पुराना बरगद का वृक्ष था। गांव के लोग उसे एक पवित्र वृक्ष मानते थे। इस वृक्ष के नीचे अपने धार्मिक अनुष्ठान और मांगलिक कार्य किया करते थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से उस वृक्ष को लेकर पूरे गांव में अफवाह फैल गई थी कि वृक्ष पर जिन्न रहने लगे हैं। लोगों ने डर के मारे उस तरफ जाना ही छोड़ दिया।

हुआ यह था कि एक रात गांव में बहुत तेज आंधी आई, इस आंधी में अचानक बरगद के वृक्ष की ओर से जोर-जोर से ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। अगले दिन पूरे गांव में अफवाह फैल गई कि रात में उस वृक्ष पर 'जिन्नों' का कब्जा हो गया है। वे रात में ढोल बजाकर नाच रहे थे, इसीलिए भयंकर आंधी आई थी।

अगली रात कुछ किसान खेतों में रखवाली कर रहे थे कि अचानक फिर ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। किसान घबराकर घर भाग आए। अब तो जितने मुंह उतनी बातें। लोगों ने डर के कारण उधर बरगद के वृक्ष के पास जाना छोड़ दिया। गांव के बच्चे डर के मारे शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे।

उसी गांव में चौदह साल का मुकुल रहता था। मुकुल को विज्ञान की किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। वह हर बात के पीछे का कारण जानने की कोशिश करता था। उसे 'जिन्न' वाली बात पर बिल्कुल विश्वास नहीं हुआ। उसने अपने विज्ञान के शिक्षक से सीखा था कि भूत-प्रेत-जिन्न सिर्फ भ्रम और अंधविश्वास होते हैं, असलियत में इनका कोई वजूद नहीं होता।

एक दिन वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था, तभी राजू ने बताया, 'गांव के लोग वहां एक विशाल यज्ञ करवाने की सोच रहे हैं, ताकि उन जिन्नों को भगाया जा सके।'



एआई इमेज

'यह तो सरासर अंधविश्वास है, पैसों की बर्बादी भी! जब भूत-प्रेत और जिन्न होते ही नहीं, तो उन्हें भगाने के लिए यज्ञ कैसा? हम सब विज्ञान के छात्र हैं, हमें ऐसी दकियानूसी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।' मुकुल अपनी बात पर जोर देते हुए बोला।

'अगर जिन्न नहीं होते, तो फिर रात के सन्नाटे में ढोल कौन बजाता है?' पिंटू ने उसकी बात काटते हुए पूछा।

'अगर तुम लोग मेरा साथ दो, तो आज रात इस रहस्य का पता लगाया जा सकता है।' मुकुल बोला।

पहले तो राजू और पिंटू डर के मारे तैयार नहीं हुए, लेकिन मुकुल के हौसला बढ़ाने पर वे सब शाम को अंधेरा होने पर बरगद के वृक्ष की ओर चल दिए। चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ था। अचानक मौसम बदला और तेज हवा चलने लगी। इसी के साथ बरगद के पेड़ से 'ढम-ढम ढमाक-ढम' की डरावनी आवाजें गूंजने लगीं।

'भागो! जिन्न आ गए!' राजू और पिंटू डर कर भागने लगे।

लेकिन मुकुल अपनी जगह पर खड़ा रहा। उसने राजू और पिंटू को रोका। मुकुल ने अपनी टॉर्च की रोशनी को बरगद की ऊंची डालियों की तरफ घुमाया। वहां का नजारा देख वह खिलखिलाकर हंस पड़ा फिर आवाज लगाई, 'दोस्तों! भागो मत, मैंने जिन्न को पकड़ लिया है!'

राजू और पिंटू ने सहमते हुए मुकुल की तरफ देखा। बरगद की एक मोटी और झुकी हुई डाल के बीच में एक बड़ा-सा ढोल फंसा हुआ था। जब-जब तेज हवा चलती, तो बरगद की एक दूसरी सूखी और भारी टहनी हवा के दबाव से उस ढोल से टकरातीं, जिससे 'ढम-ढम' की आवाज आ रही थी। दिन के शोर-शराबे में यह आवाज दूर तक नहीं जाती थी, लेकिन रात के सन्नाटे में बहुत भयानक लग रही थी।

मुकुल ने पास पड़ी एक लंबी लकड़ी की मदद से उस ढोल को डाल से नीचे गिरा दिया। उसे रोकने के लिए कोई जिन्न सामने नहीं आया। जिन्न का रहस्य तो खुल गया, लेकिन अब बड़ा सवाल यह था कि आखिर यह ढोल इतनी ऊंची डाल पर पहुंचा कैसे?

मुकुल ने जब ढोल को उलट-पुलट कर देखा। उस पर लाल रंग से लिखा था 'गोपाल कीर्तन मंडली, गांव-लक्ष्मीनगर' और नीचे एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मुकुल ने तुरंत अपनी जेब से मोबाइल निकाला और उस नंबर पर फोन लगा दिया। फोन लक्ष्मीनगर के गोपाल जी ने उठाया। मुकुल ने जब उनसे बरगद के पेड़ वाले ढोल के बारे में पूछा, तो गोपाल जी चौंक गए और फिर राहत की सांस लेते हुए बोले, 'बेटा! बहुत-बहुत धन्यवाद। पांच दिन पहले हम सपरिवार उसी पेड़ के नीचे अपने पोते का मुंडन कराने आए थे। वहां हमने भजन-कीर्तन भी किया था। कीर्तन के बाद जब सब खाना खाने बैठे, तो छोटे बच्चे ढोल को जोर-जोर से पीटकर ऊधम मचाने लगे। ढोल कहीं फट न जाए, इसलिए एक रिश्तेदार ने उसे ऊपर बरगद के वृक्ष की एक ऊंची डाल के बीच में छिपाकर टांग दिया था। शाम को लौटते समय हम लोग ढोल वहीं भूल आए थे। कल आकर उसे ले लूंगा।' जिन्न का रहस्य खुल चुका था। पिंटू ने उस ढोल को अपने गले में टांग लिया और उसे जोर-जोर से बजाते हुए तीनों दोस्त गांव की ओर लौट पड़े। ढोल की आवाजें करीब आती देख गांव वाले बुरी तरह से घबरा गए, लेकिन बाद में असलियत जान सभी ने राहत की सांस ली और अपने आप पर हंसे भी। मुकुल की बुद्धिमानी ने गांव वालों के अंधविश्वास को दूर कर दिया था। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## पहलवान

सब मेवे कर गए सफाचट,
और दूध पी गए फटाफट।
दांव-पेंच सब इनको आते,
भांति-भांति के हाथ दिखाते।
मुग्दर-दंड उठाए अब तक,
लगा रहे अब उठक-बैठक।
ये शौकीन बड़े कुश्ती के,
सच में हैं पुतले चुस्ती के।
पहलवान इनसे थर्राते,
लड़ने जल्दी पास न आते।
जीत चुके हैं दंगल सारे,
कल के गामा यही हमारे।

## जीके क्विज-212



1. फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?
3. हाल ही में किसे एक बार फिर से भारत का सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है?
4. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
5. भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. सहारा मरुस्थल किस महाद्वीप में स्थित है?
7. यूक्रेन की राजधानी कहां है?
8. भारत का सर्वोच्च न्यायालय कहां स्थित है?
9. मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि (ग्लैंड)कौन-सी है?
10. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?

बच्चों, जीके क्विज-212 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-211 का उत्तर :** 1.बिहू पेपा, 2.स्मृति मंधाना, 3.ओम बिरला, 4.फुटबॉल, 5.मुंबई, 6. 5 वर्ष, 7.पोखरण (राजस्थान), 8.बहादुर शाह 'जफर', 9.सिक्किम, 10.जापान

**जीके क्विज-211 का सही उत्तर देने वाले :** संकेत-रायपुर, सुगंधा-बिलासपुर, कृष्णा-रोहतक, भारती-दुर्ग, जिया शिया-रायगढ़, कबीर-हिसार, अभिनीत-ईमेल से, सुमन-महासमुंद, कुशाग्र-दुर्ग, हर्षित-बलौदा बाजार, शिवम-रोहतक

## रंग भरो-205

**रंग भरो-205** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्या, बिलासपुर



आशुतोष, उमरिया



आशना, जांजगीर



दिशा, बिलासपुर



यतिका, कोरबा




साक्षी, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आद्या-उमरिया, प्रगति-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रेणुका-बिलासपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, शुभम-रायगढ़, अर्पित-कोरबा, सना-बलौदा बाजार, आशुतोष-दुर्ग, कुसुम-हिसार

## रंग भरो 206



बच्चो, यहां दिए गए सुंदर से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# पेनल्टी पर दागे गोल से बेल्जियम ने अतिरिक्त समय में सेनेगल को हराया



एजेंसी ▶▶| सिएटल

बेल्जियम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए यहां सेनेगल को 3-2 से हराकर फुटबॉल विश्व कप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बेल्जियम ने नियमित समय के अंतिम लम्हों में दो गोल दागकर स्कोर 2-2 किया और फिर अतिरिक्त समय में पेनल्टी पर यूरी टिलेमैन्स के गोल से जीत दर्ज की।टिलेमैन्स ने 89वें मिनट में जर्मनी को बराबरी दिलाई और फिर अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल किया जो विश्व कप के इतिहास का सबसे देर से हुआ गोल था। बेल्जियम का अगला मुकाबला सोमवार को सिएटल में अमेरिका और बोस्निया-हर्जेगोविना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## लुकाकू व टिलेमैन्स ने दागे गोल

बेल्जियम के लिए सबसे अधिक गोल करने वाले स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और 86वें मिनट में गोल करके बेल्जियम की वापसी की उम्मीद जगाई। तीन मिनट बाद टिलेमैन्स ने बेल्जियम के लिए एक और गोल करके मैच को अतिरिक्त समय में खींचा और फिर पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

## पिछले 11 विश्वकप में सिर्फ दूसरा मौका

बेल्जियम की यह जीत पिछले 11 विश्व कप में सिर्फ दूसरा मौका थी जब किसी टीम ने नॉकआउट दौर में दो या उससे अधिक गोल से पिछड़ने के बाद अगले दौर में जगह बनाई। बेल्जियम ने 2018 टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाफ 3-2 की जीत के दौरान भी ऐसा ही किया था। रूस में तब तीसरे स्थान पर रही बेल्जियम की उस टीम के कई अहम खिलाड़ी बुधवार की जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे।




# बेलोगन ने बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ अमेरिका को जीत दिलाई पर लाल कार्ड मिला

एजेंसी ▶▶| सेंटा क्लारा

फोलेरिन बेलोगन ने विश्व कप के राउंड ऑफ 32 मैच में बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना तीसरा गोल करके अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत में उन्हें लाल कार्ड मिला जिससे मेजबान टीम को 2-0 की जीत के दौरान बाकी मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। बेलोगन ने एनबीए के लेब्रोन जेम्स के 'द साइलेंसर' मूव के साथ दो बार गोल का जश्न मनाया। उन्होंने पहली बार जब गोल किया था तो ऑफ साइड के कारण गोल को अमान्य कर दिया गया। यह टूर्नामेंट में उनका तीसरा और कुल मिलाकर 12वां अंतरराष्ट्रीय गोल था।

## गोल करने के बाद बाहर होने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी

तारिक मुहरेमोविच के दाहिने टखने पर पैर रखने के कारण उन्हें ब्राजील के रैफरी राफेल क्लॉस ने 64वें मिनट में लाल कार्ड दिखाया। क्लॉस ने शुरू में कार्ड का संकेत नहीं दिया लेकिन वीडियो रिव्यू के बाद बेलोगन को लाल कार्ड दिखाया। बेलोगन विश्व कप नॉकआउट मैच में गोल करने और फिर बाहर भेजे जाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में ब्राजील के रोनाल्डिन्हो और 2006 में इटली के खिलाफ फाइनल में फ्रांस के जिनेदिन जिदान के साथ ऐसा हो चुका है। बेलोगन अब सोमवार को बेल्जियम के खिलाफ होने वाले प्री क्वार्टर फाइनल मैच से निलंबित रहेंगे। इससे पहले 31वें मिनट में ऑफ साइड के कारण बेलोगन का गोल अमान्य होने के बाद उन्होंने 45वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई। गेंद मुहरेमोविक के पैर से टकराकर बेलोगन के सामने आई और उन्होंने अपने बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर गोलकीपर निकोला वासिलज को छकाकर गोल कर दिया। टिलमैन ने इसके बाद दूसरे हाफ में 82वें मिनट में एक और गोल दागकर अमेरिका की जीत सुनिश्चित की।




## खबर संक्षेप



### शाहरुख ने एलए नाइट राइडर्स स्टेडियम का किया उद्घाटना

**कैलिफोर्निया।** बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने कैलिफोर्निया के पोमोना में एलए नाइट राइडर्स क्रिकेट स्टेडियम का आधिकारिक उद्घाटन किया। यह मैदान मेजर लीग क्रिकेट में एलए नाइट राइडर्स टीम का घरेलू मैदान होगा। इसके साथ-साथ आगामी ओलंपिक में भी इसका उपयोग किया जाएगा। बता दें कि शाहरुख नाइट राइडर्स ग्रुप के सह-मालिक हैं। इस कदम को अमेरिका में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के तौर पर भी देखा जा रहा है।

शाहरुख ने एक्स पर किया पोस्ट

शाहरुख ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'जो एक सपना था, वह आज हकीकत बन गया है। आप सभी का एलए के नाइट राइडर्स क्रिकेट ग्राउंड में स्वागत है। यह जगह सिर्फ खेल के लिए ही नहीं, बल्कि ऐसी यादों के लिए जो हमेशा साथ रहेंगी। उन्होंने आईसीसी के चेयरमैन जय शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे लिखा 'जयभाई का खास शुक्रिया, जो इस सफर में बहुत मददगार रहे हैं।'

### ग्रीनलैंड और फेरो आइलैंड को ओलंपिक टीम का दर्जा नहीं देंगे : आईओसी



**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि डेनमार्क की संसद के अनुरोध के बावजूद ग्रीनलैंड और फेरो आइलैंड को अलग और स्वतंत्र ओलंपिक टीम के तौर पर मान्यता नहीं दी जाएगी। ओलंपिक चार्टर में 30 साल से उस देश को ही आधिकारिक टीम रखने की इजाजत है जिसे 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा मान्यता प्राप्त स्वतंत्र देश' माना जाता है। आईओसी ने बयान में कहा कि ग्रीनलैंड और फेरो आइलैंड डेनमार्क के अंतर्गत अर्ध स्वायत्त क्षेत्र हैं और इस मानक को पूरा नहीं करते हैं। लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों का उद्घाटन औपचारिक रूप से राष्ट्रपति ट्रंप करेंगे। और ग्रीनलैंड तथा फेरो आइलैंड के खिलाड़ी डेनमार्क की ओर से हिस्सा ले सकते हैं। डेनमार्क उन 206 राष्ट्रीय ओलंपिक संघों में से एक है जिन्हें आईओसी से मान्यता प्राप्त है। आईओसी ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में कई बार संबंधित पक्षों को यह बात बहुत साफ तौर पर समझाई और बताई गई है।''

# फुटबॉल के साथ लुचा लिब्रे भी बना फुटबॉल विश्व कप का बड़ा आकर्षण

एजेंसी ▶▶| मेक्सिको सिटी

फुटबॉल के साथ-साथ मेक्सिको की विश्वप्रसिद्ध लुचा लिब्रे (मुखौटा कुश्ती) भी विश्व कप देखने पहुंचे पर्यटकों के लिए सबसे बड़े आकर्षणों में शामिल हो गई है।

रंग-बिरंगे मुखौटे पहने पहलवानों से सजी सड़कें और खचाखच भरे अखाड़े इस पारंपरिक खेल की लोकप्रियता का प्रमाण हैं। दुनिया भर से आए फुटबॉल प्रशंसक मेक्सिको की इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक विरासत के रंग में पूरी तरह रंगते नजर आ रहे हैं। फुटबॉल के साथ-साथ लुचा लिब्रे भी मेक्सिको की राष्ट्रीय पहचान और जुनून का अभिन्न हिस्सा है। कुश्ती के अखाड़ों में प्रवेश करते ही दर्शक कुछ घंटों के लिए फुटबॉल विश्व कप का रोमांच भूलकर एक अलग ही दुनिया में पहुंच जाते हैं। स्टेडियमों के बाहर अब राष्ट्रीय झंडों के साथ-साथ लुचा लिब्रे के मुखौटे भी बड़ी संख्या में बिकते दिखाई देते हैं।



फाइल फोटो

# यमाल स्पेन के लिए नॉकआउट मैच खेलने फिटः कोच

एजेंसी ▶▶| मेक्सिको सिटी

इंगलवुड (अमेरिका)। कोच लुई डे ला फुएंते ने कहा कि 18 साल के लैमिन यमाल अब इतने फिट हैं कि जरूरत पड़ने पर स्पेन के लिए पूरा विश्व कप मैच खेल सकते हैं। बार्सीलोना के इस विंगर ने स्पेन के तीन ग्रुप मैच में सिर्फ 141 मिनट खेलते हुए एक गोल किया।

इस तरह वह शायद इकलौते ऐसे सुपरस्टार हैं जिन्होंने सितारों से भरे मौजूदा विश्व कप में कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। यमाल को 22 अप्रैल को पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी जिसके बाद उनके उबरने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए स्पेन ने उनके खेलने के समय को सीमित रखा था। नॉकआउट मुकाबले से पहले डे ला फुएंते ने सोफी स्टेडियम में संवाददाताओं से बात करते हुए संकेत दिया कि यमाल के उबरने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। स्पेन की टीम राउंड ऑफ 32 मैच में ऑस्ट्रिया का सामना करेगी। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण ला लीगा सत्र के आखिरी छह मैच नहीं खेलने के बावजूद यमाल ने बार्सीलोना के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 24 गोल किए और 17 गोल करने में मदद की।




# न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज सीयर्स बाहर, लिस्टर खेलेंगे वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स टखने की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली आगामी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह 16 खिलाड़ियों वाली टीम में बेन लिस्टर को शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि सियर्स को मई में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट मैच के बाद से ही टखने में लगातार दर्द महसूस हो रहा था। इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेले गए तीसरे टेस्ट के आखिरी दिन यह दर्द और बढ़ गया इसलिए एहतियात के तौर पर उन्हें आगे के इलाज के लिए न्यूजीलैंड वापस भेजने का फैसला किया गया है। लिस्टर आने वाले दिनों में गुयाना में टीम के साथ जुड़ेंगे।



## कई प्रमुख खिलाड़ी नहीं हैं उपलब्ध

न्यूजीलैंड के कई प्रमुख खिलाड़ी इस वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं। साल के पहले हिस्से में ज्यादा मैच खेलने वाले काइल जैमीसन, मैट हेनरी और विल ओरूके को आराम दिया गया है। ब्लेयर टिकनर के टखने की सर्जरी होनी है। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण डेवोन कॉनवे इस दौरे पर नहीं जा पाएंगे, वहीं रचिन रविंद्र मेजर लीग क्रिकेट में हिस्सा लेने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

## ऐसी है न्यूजीलैंड की टीम

मिचेल सैंटनर टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि माइकल ब्रेसवेल, जेडन लेनॉक्स और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट कैरिबियन की धीमी पिचों पर स्पिन के विकल्प देंगे।

# दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलने भारतीय टीम का श्रीलंका दौरा अगस्त में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम अगस्त में श्रीलंका का दौरा करेगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 के तहत टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेगी। 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से होने वाले मैच से होगी। इसके बाद दूसरा टेस्ट मैच 23 अगस्त से होना है। पहला टेस्ट गॉल में और दूसरा टेस्ट कोलंबो में खेले जाने हैं। दिलचस्प रूप से भारतीय टीम लगभग एक दशक के बाद श्रीलंका दौरे पर कोई टेस्ट सीरीज खेलगी।



## 2017 के बाद भारत खेलेगा श्रीलंका में टेस्ट सीरीज

भारतीय टीम ने 2017 में आखिरी बार श्रीलंका की धरती पर 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली थी। तब विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम ने सीरीज को क्लीन स्वीप किया था। पिछले श्रीलंका के दौरे से अब तक भारतीय टीम में कई बदलाव हो चुके हैं। कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आगामी सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भारतीय टीम फिलहाल 48.15 प्रतिशत अंक के साथ पांचवे स्थान पर है। 2025-27 में भारत ने कुल 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 मैच जीते हैं और 4 में ही शिकस्त झेली , 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है

# पहले दिन प्रज्ञानानंदा संयुक्त दूसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| जागरेब (क्रोएशिया)

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड चेस टूर के जागरेब चरण में जर्मनी के शीर्ष वरीय विन्सेंट कीमर को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की लेकिन अगली दो बाजियां ड्रॉ खेली और रैपिड वर्ग के पहले दिन संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

प्रज्ञानानंदा ने बुधवार को फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और अपने ही देश के विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ कड़े मुकाबले के बाद बाजी ड्रॉ खेली और दिन का अंत चार अंक के साथ किया।

**फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा शीर्ष पर**

फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा अपनी शुरुआती दो बाजी जीतकर और फिर तीसरे दौर में नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ ड्रॉ खेलकर पांच अंक के साथ शीर्ष पर हैं। रैपिड प्रारूप में हर जीत के लिए दो अंक मिलते है। फिरोजा ने प्रज्ञानानंदा, गिरी, वाचियेर-लाग्रेव और कीमर पर बढ़त बना रखी है जिन सभी के चार अंक हैं। कीमर ने पहले दौर में हार के बाद दो जीत के साथ वापसी की थी।



**प्रज्ञानानंद ने 26 चाल में जीत हासिल की**

नॉर्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कीमर के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और सीधे विरोधी राजा पर हमला करते हुए सिर्फ 26 चाल में जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला वाचियेर-लाग्रेव से ड्रॉ रहा जिन्होंने विश्व चैंपियन गुकेश पर शानदार जीत के साथ शुरुआत की थी।

**गुकेश ने क्रोएशिया के खिलाड़ी को हराया :** फ्रांसीसी खिलाड़ी से हारने के तुरंत बाद गुकेश ने लय वापस पा ली और दूसरे दौर में क्रोएशिया के इवान सारिक को आसानी से हरा दिया।

# खेल मंत्रालय की मेजबानी में अगले छह महीने में भारत में 11 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** भारत में अगले छह महीने में बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप समेत 11 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेले जाने हैं और खेल मंत्रालय ने बेहतरीन मेजबानी का आश्वासन देते हुए कहा है कि खराब आयोजन जैसी अतीत की घटनाओं का दोहराव नहीं होगा। बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप 17 अगस्त से इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम पर खेली जायेगी जहां इस साल जनवरी में इंडिया ओपन के दौरान स्वच्छता और रखरखाव से जुड़े मसलों को लेकर विदेशी खिलाड़ियों ने काफी आलोचना की थी ।

**सभी सुविधाएं होंगी शीर्ष स्तर की : मंत्रालय**

खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा ,'' हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी सुविधायें शीर्ष स्तर की हो । मंत्रालय तैयारियों पर नजर रखे हुए हैं। हम नकारात्मक धारणा को बदलने के लिये काम कर रहे हैं।''

पीएसए चैलेंजर

# सेंथिलकुमार और तन्वी ने किया सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई





एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के सक्वाश खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार और तन्वी खन्ना ने बृहस्पतिवार को यहां एचसीएल-एसआरएफआई पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार ने मुश्किल शुरूआत के बाद मिस्र के चौथे वरीय अब्दुल्लाह हफीज को 15-13, 11-4, 11-3 से शिकस्त दी और अब सेमीफाइनल में उनका सामना मिस्र के दूसरे वरीय यासिन शोहदी से होगा।

वहीं तन्वी ने जापान की आठवीं वरीयता प्राप्त जो फू के खिलाफ एक गेम गंवाया लेकिन 11-6, 11-7, 8-11, 11-6 से जीत दर्ज करने में सफल रहीं। सेमीफाइनल में तन्वी का सामना जापान की छठी वरीय अकारी मिदोरिकावा से होगा।

कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# श्रीकांत रिटायर हुए : अकर्षी, तान्या कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| मार्खम (कनाडा)

भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत ने फिटनेस संबंधी परेशानी के कारण कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अपने पहले दौर का मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया तो वहीं महिला एकल में तान्या हेमनाथ और आकर्षि कश्यप दूसरे दौर में पहुंचने वाली भारत की चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल रहे।

पिछले रविवार को यूएस ओपन 300 में उपविजेता रहे 33 साल के श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में मलेशिया के पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया के खिलाफ 10-11 से पिछड़ रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कोच बी. साई प्रणीत से चर्चा के बाद मैच से हटने का फैसला किया।



## अब झांग व गुंजी से मुकाबला

महिला एकल में आकर्षि कश्यप ने फ्रांस की अन्ना तात्रानोवा को 21-14, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जहां उनका सामना अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त बेईवेन झांग से होगा। दूसरी ओर तान्या हेमनाथ ने अमेरिका की दिशा गुप्ता को 21-16, 21-18 से शिकस्त दी और अब उनका मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा।

## नौ खिलाड़ियों में से 7 पहले दौर में बाहर

भारतीय खिलाड़ियों के लिए कुल मिलाकर दिन निराशाजनक रहा। बुधवार को उतरे नौ भारतीय खिलाड़ियों में से सात पहले ही दौर में बाहर हो गए। पांचवीं वरीयता प्राप्त देविका सिहाग चीनी ताइपे की तुंग सिउ-तोंग से 14-21, 15-21 से हार गईं। कनाडा की रेचल चान के खिलाफ रक्षिता रामराज ने कड़ा संघर्ष लेकिन 15-21, 21-14, 15-21 से हारकर बाहर हो गईं। इस साल अबू धाबी में अल ऐन मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली श्रियंशी वालिशेट्टी को चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पी के हाथों 9-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। अनमोल खरब ने शीर्ष वरीयता प्राप्त मेजबान खिलाड़ी मिशेल ली को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 6-21, 26-24, 13-21 से मुकाबला गंवा बैठीं।

## पुरुष खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरुष एकल में सनीत दयानंद और शंकर सुब्रमण्यन भी पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सके। सनीत को जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोटो ने 21-7, 21-11 से हराया, जबकि शंकर को दक्षिण कोरिया के यू ते-बिन ने 19-21, 21-15, 21-15 से मात दी। पुरुष युगल में भारत की एकमात्र जोड़ी अच्युतादित्य राव दोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना भी शुरुआती दौर में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## डोप उल्लंघन करने वालों की सूची में भारत टॉप पर



**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) की डोपिंग उल्लंघन करने वालों की वैश्विक सूची में भारत 162 नाम के साथ सबसे ऊपर बना हुआ है। यह एक बार फिर उस बड़ी समस्या को दिखाता है जो देश के खेल जगत को प्रभावित कर रही है। इस सूची में कीनिया 148 नाम के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि तीसरे स्थान पर रूस है जहां 60 से अधिक मामले मिले हैं। इस सूची में डोपिंग उल्लंघन के लिए प्रतिबंध झेल रहे लोग शामिल हैं। इसमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने डोपिंग के अलावा अन्य उल्लंघन किए हैं जैसे कि नमूने से छेड़छाड़, परीक्षण से बचना, तस्करी या अपने रहने के स्थान की जानकारी नहीं देना। इन उल्लंघनों के लिए भी डोपिंग उल्लंघन जैसी ही सजी मिलती है।

# मुख्य सूची के अधिकारियों से ऊपर प्रतीक्षा सूची के अधिकारी को रखना पड़ा भारी, हाई कोर्ट ने वरिष्ठता आदेश निरस्त किए

## याचिकाकर्ता वर्तमान में विभिन्न जिलों में अपर कलेक्टर के रूप में पदस्थ, कलेक्टर पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया में हैं शामिल

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने 10 वर्ष बाद वरिष्ठता सूची में बदलाव कर मुख्य चयन सूची के अधिकारियों से ऊपर प्रतीक्षा सूची के अधिकारी को स्थान देने के शासन के आदेश निरस्त कर दिए। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कहा कि जिन अधिकारियों के सेवा अधिकार प्रभावित होते हैं, उन्हें सुनवाई का अवसर दिए बिना ऐसा निर्णय नहीं लिया जा सकता।



अधिवक्ता अमित सिंह ने दलील दी कि यह मामला वर्ष 2008 की डिप्टी कलेक्टर भर्ती का है। याचिकाकर्ताओं कृष्ण कुमार रावत, मुख्य महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, भोपाल, महेताब सिंह गुर्जर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रीवा, नेहा भारतीय, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय य अकादमी, भोपाल, सुरभि तिवारी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल व अतेन्द्र सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर, जिला उज्जैन का चयन मुख्य सूची से हुआ था। उन्होंने 2008 में ही कार्यभार ग्रहण किया, प्रशिक्षण व परिवीक्षा पूरी की और 2008 बैच प्राप्त किया। दूसरी ओर तेजस्वी महीप का नाम प्रतीक्षा सूची में था। मुख्य सूची के एक अभ्यर्थी के जाइन नहीं करने पर उन्हें वर्ष 2010 में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त किया गया और 2010 बैच आवंटित हुआ। वर्ष 2019 तक वरिष्ठता इसी आधार पर चलती रही। बाद में तेजस्वी महीप के आवेदन पर शासन ने बिना प्रभावित अधिकारियों को सुने उनकी वरिष्ठता मुख्य सूची के अधिकारियों से ऊपर कर दी। याचिकाकर्ताओं ने इसे मेरिट सूची से 10 वर्ष बाद छेड़छाड़, प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी को मुख्य सूची से ऊपर रखने तथा प्राकृतिक न्याय के उल्लंघन का मामला बताया।याचिकाकर्ताओं ने यह भी बताया कि वे वर्तमान में विभिन्न जिलों में अपर कलेक्टर के रूप में पदस्थ हैं और कलेक्टर पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया में शामिल हैं। ऐसे में वरिष्ठता में यह बदलाव उनके कैरियर और पदोन्नति पर सीधा प्रभाव डालता है। कोर्ट ने 2019 और 2020 के आदेश निरस्त कर शासन को सभी पक्षों की सुनवाई के बाद 30 दिन के भीतर नया, कारणयुक्त आदेश पारित करने के निर्देश दिए।

### जन्मतिथि साबित न हो तो केवल डीएनए रिपोर्ट के आधार पर नहीं कर सकते दंडित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि यदि पीड़िता की जन्मतिथि विश्वसनीय ढंग से सिद्ध नहीं होती, तो केवल डीएनए रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को पास्को के तहत दोषी ठहराकर दंडित नहीं किया जा सकता। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनिंद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने कहा कि एलकेजी में प्रवेश के बाद मात्र नौ वर्ष में दसवीं उत्तीर्ण करना सामान्य शैक्षणिक क्रम से मेल नहीं खाता। इसलिए दसवीं की अंकसूची में दर्ज जन्मतिथि पर संदेह उत्पन्न होता है।सिंगरौली निवासी मुन्ना राम की अपील स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय द्वारा पास्को सहित अन्य धाराओं में सुनाई गई 20 वर्ष की सजा निरस्त कर दोषमुक्त कर दिया। सुनवाई में पीड़िता और उसके माता-पिता के बयानों में उम्र और विवाह अवधि को लेकर विरोधाभास पाया गया। मेडिकल रिपोर्ट में भी बल प्रयोग के स्पष्ट साक्ष्य नहीं मिले। न्यायालय ने माना कि अभियोजन पक्ष पीड़िता के नाबालिग होने को संतोषजनक ढंग से सिद्ध नहीं कर सका, इसलिए केवल डीएनए रिपोर्ट के आधार पर दोषसिद्धि कायम नहीं रखी जा सकती।

# उफनते नाले में बह गई बोलेरो, चालक की मौत

## बेलखेड़ा-बरमान मार्ग पर रपटा पार करना पड़ा भारी

**जबलपुर।** लगातार हो रही बारिश के कारण बेलखेड़ा-बरमान मार्ग पर गुरुवार को कई नाले और रपटे उफान पर रहे। इसी दौरान बेलखेड़ा-बरमान रोड स्थित कटाव के पास एक बोलेरो वाहन उफनते रपटे को पार करने की कोशिश में तेज बहाव में बह गया। हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार तीन अन्य लोग किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। ग्रामीणों के अनुसार बोलेरो एक शराब ठेकेदार की बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रपटे के ऊपर करीब तीन फीट पानी बह रहा था और कई वाहन चालक जलस्तर कम होने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच बोलेरो चालक ने जोखिम उठाते हुए वाहन को पानी में उतार दिया।



तेज बहाव के कारण कुछ ही क्षणों में बोलेरो संतुलन खो बैठी और गहरे पानी में समा गई। हादसे के दौरान वाहन में सवार तीन कर्मचारियों ने शीशा तोड़कर बाहर निकलते हुए अपनी जान बचा ली, लेकिन चालक सदर निवासी रवि पिल्ले वाहन के अंदर ही फंस गया।ग्रामीणों ने बताया कि बोलेरो करीब तीन घंटे तक पानी में डूबी रही। जलस्तर कम होने के बाद ग्रामीणों ने वाहन का दरवाजा खोलकर रवि पिल्ले को बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हालांकि डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



# तीन बार 'तलाक' कहकर तोड़ा रिश्ता, पीड़िता पहुंची थाने

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में एक बार फिर तीन तलाक का मामला सामने आया है। गढ़ा थाना क्षेत्र के मुजावर मोहल्ला निवासी एक महिला ने अपने पति पर तीन बार तलाक बोलकर वैवाहिक संबंध समाप्त करने और घर से अलग कर देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि मदार छल्ला क्षेत्र निवासी उसके पति ने दूसरी लड़की के चक्कर में उसके सामने तीन बार तलाक बोलकर उसे छोड़ दिया। इसके बाद महिला ने गढ़ा थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई और न्याय की मांग की। पीड़ति महिला का कहना है की उसके पति का दूसरी लड़की से चक्कर चल रहा है, इस कारण वह न तो उसके बच्चों पर ध्यान दे रहा है और न ही उसके ऊपर, वह मुजावर मोहल्ला में अपने भाई की शादी में आई हुई थी उसी समय उसका पति आया और उसके सामने तीन तलाक बोलकर चला गया. पीड़िता ने कहा की उसके पति को कानूनी रूप से सजा मिलना चाहिए।

**संस्कारधानी में फिर सामने आया तीन तलाक का मामला**

# महिला जज की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नर्मदापुरम जिले में गौहत्या से जुड़े मामले में 14 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाने वाली महिला जज को मिल रही लगातार धमकियों को गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने मामले पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने गृह विभाग के अतिरिक्त सचिव व पुलिस महानिदेशक से पूछा है कि न्यायिक अधिकारी की सुरक्षा के लिए अब तक क्या-क्या ठोस कदम उठाए गए । हलफनामे पर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी। न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा संबंधी लंबित एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान बेंच ने सिवनी मालवा में पदस्थ महिला न्यायिक अधिकारी तबस्सुम खान को दी जा रही धमकियों के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया।दरअसल, महिला जज ने 12 जून 2026 को गौहत्या से जुड़े मामले में 14 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां मिलने लगीं। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रशांत सिंह व उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने कोर्ट को बताया कि महिला जज को सशस्त्र सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट और संदेश हटाने के लिए भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस पर हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए राज्य सरकार से विस्तृत जवाब मांगा ।

**गौहत्या के आरोप में 14 को उम्रकैद की सजा सुनाने वाली महिला जज को मिल रही धमकियों का मामला**

## स्मैक तस्कर को 10 साल की सजा, एक लाख रुपए जुर्माना

**जबलपुर।** एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रवेन्द्र कुमार सिंह की अदालत ने स्मैक तस्करी के आरोप में घमापुर निवासी सौरभ मराठा को 10 साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले से नीलेश बेन और दुर्गा बाई को दोषमुक्त कर दिया गया है। एक अन्य आरोपी जयदीप सिंह के खिलाफ प्रकरण विचाराधीन है। अभियोजन के अनुसार गोहलपुर पुलिस ने 15 अक्टूबर 2018 को आरोपियों से 260 ग्राम स्मैक बरामद की थी। जांच में जब्त पदार्थ स्मैक होना पाया गया। अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने एक आरोपी को सजा सुनाई।

# लो प्रेशर नहीं बन पाने से आगे बढ़ रहे बादल

## फिलहाल झमाझम नहीं रिमझिम वर्षा के ही आसार

**जबलपुर।** बादल आते हैं चले जाते हैं बारिश के लिये माहौल नहीं बन पा रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हवा के कम दवाब का क्षेत्र नहीं बन पा रहा है इस कारण से बारिश प्रभावी नहीं हो पा रही। टेम्परेचर औसत से नीचे चल रहा है लो प्रेशर नहीं बनने की वजह से वर्षा के अनुकूल माहौल नहीं बन पा रहा। मानसूनी बादल आते हैं हवा के वेग से आगे चले जाते हैं। इस कारण सिर्फ छुटपुट वर्षा हो रही है।



### लो प्रेशर की कमी

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से उड़ीसा तक द्रोणिका बनी हुई है लेकिन हवा का लो प्रेशर नहीं बन पर रहा। इसकी वजह से बारिश नहीं हो पा रही है। झारखण्ड के ऊपर जरूर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिससे यहां बादल छाये हुये हैं, फिलहाल झमाझम के कोई आसार नहीं हैं। स्थानीय बादलों से छुटपुट वर्षा हो सकती है। गुरुवार को बादल छाये रहे और सुबह व दोपहर को बूंदाबांदी हुई जो 5.4 मिलीमीटर रिकार्ड की गई।

### छुटपुट वर्षा होगी

बुधवार की रात छुटपुट वर्षा हुई। इसी तरह की वर्षा हो सकती है। तेज बारिश के आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान में वृद्धि और लो प्रेशर बहुत आवश्यक है इनके होने से ही बारिश के अनुकूल मौसम बनेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सामान्य से 6 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 95 प्रतिशत और सायंकाल 90 प्रतिशत आंकी गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 22.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 85.7 मिमी दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष आज के दिन तक 16.0 मिमी वर्षा हो चुकी थी और कुल वर्षा 232.6 मिली मीटर दर्ज की गई थी। सूर्योदय सुबह 5.29 पर और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा के आसार हैं।

# समय सीमा में परियोजनाएं पूरा करने निर्देश

## जेडीए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी ने गुरुवार को प्राधिकरण की विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान शताब्दी पुरम फेज-2, लखमीपुर, टीडीएस-2 तथा 64-65 नंबर स्कीम में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने अधिकारियों से निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा में सभी परियोजनाएं पूरी करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखते हुए परियोजनाओं को समय पर पूरा करना प्राथमिकता है, ताकि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ जल्द मिल सके।



### हर 15 दिन में देनी होगी प्रगति रिपोर्ट

अध्यक्ष संदीप जैन ने निर्माण एजेंसियों और इंजीनियरों को कार्यों की रफ्तार बढ़ाने तथा नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। वहीं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी ने कहा कि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है। निर्माणाधीन योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर हितग्राहियों को सौंपने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। अधिकारियों को प्रत्येक 15 दिन में कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया कि अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## सीहोर स्टेशन पर ओवरनाइट एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव शुरू

**जबलपुर।** रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल द्वारा संचालित गाड़ी संख्या 22191/22192 इंदौर–जबलपुर–इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर 2 जुलाई 2026 से प्रायोगिक ठहराव शुरू कर दिया है। गाड़ी संख्या 22191 इंदौर–जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस सीहोर स्टेशन पर प्रतिदिन रात्रि 10:26 बजे पहुंचेगी तथा 10:28 बजे रवाना होगी। वहीं, गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर–इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस प्रतिदिन सुबह 6:08 बजे पहुंचेगी और 6:10 बजे प्रस्थान करेगी। रेलवे के अनुसार ट्रेन की अन्य समय-सारणी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। यात्रियों से गाड़ी के ठहराव एवं अन्य जानकारी के लिए एनटीईएस, 139 रेल मदद अथवा निकटवर्ती रेलवे स्टेशन से संपर्क करने की अपील की गई है।






# लिंक पर क्लिक करते ही खाते से उड़ाए 2.73 लाख

## गूगल पर डॉक्टर का नंबर सर्च करना पड़ा महंगा

**जबलपुर।** गूगल सर्च के जरिए डॉक्टर का मोबाइल नंबर तलाशना शहर की एक महिला को भारी पड़ गया। धनवंतरी नगर निवासी 65 वर्षीय उषा चौकसे साइबर ठगी का शिकार हो गईं। संजीवनीनगर थाना पुलिस के अनुसार महिला ने डॉक्टर नागपाल का नंबर गूगल से खोजकर कॉल किया था। दूसरी ओर मौजूद व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर का प्रतिनिधि बताते हुए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट कराने का भरोसा दिलाया और व्हाट्सएप पर एक लिंक भेज दिया। लिंक खुलते ही महिला का मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद 5 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए कहा गया, लेकिन भुगतान किए बिना ही मोबाइल ठगों के नियंत्रण में चला गया।महिला ने मोबाइल में आई तकनीकी गड़बड़ी समझकर उसे ठीक कराने का प्रयास किया, लेकिन असली वजह का पता नहीं चल सका। तीन दिन तक मोबाइल बंद रहने के बाद जब उसमें



दोबारा सिम डाली गई तो बैंक खातों से बड़ी रकम निकलने का खुलासा हुआ। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यूपीआई से तीन ट्रांजेक्शन में निकाली रकम

महिला के निजी खाते से 22 हजार रुपये तथा बेटे के साथ संयुक्त खाते से 95 हजार, 96 हजार 673 और 60 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से निकाल लिए गए। कुल 2 लाख 73 हजार 673 रुपये अज्ञात खाते में ट्रांसफर किए गए। साइबर विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे मामलों में फर्जी लिंक के जरिए मोबाइल में रिमोट एक्सेस हासिल कर ठग ओटीपी, बैंकिंग जानकारी और अन्य संवेदनशील डेटा पर कब्जा कर लेते हैं। पुलिस अब जिन खातों में रकम भेजी गई है, उनकी जानकारी जुटाकर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने शिकायत जांच पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240